CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30° C
न्यूनतम : 18° C

मुजफ्फरनगर, रविवार 31 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 132 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 13 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरतः केजरीवाल पेज 2



विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल्स में हारीं खेल टाइम्स



ट्रम्प की ईरान बैठक रही बेनतीजा, नहीं हो सका कोई फैसला या समझौता पेज 2



श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस वायरल बॉलीवुड

# राजस्थान के 5 जिलों में रेतीला बवंडर, दिन में छाया अंधेरा

## यूपी-बिहार में आंधी-तूफान से अब तक 48 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर रेतीला तूफान आया है। इसके कारण करीब 200 वर्ग किलोमीटर एरिया प्रभावित हुआ।

हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के रेतीले तूफान की शुरुआत हुई। इस दौरान 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली। रेतीले तूफान के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। तूफान के कारण दिन में लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलानी पड़ गई। इसके कई वीडियो सामने आए हैं। इनमें लोग भागकर घरों में जाते दिखे और घरों को बंद कर लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसा रेतीला तूफान पहले कभी नहीं देखा। धूल का गुबार 80-100 फीट ऊंचा था। हालांकि तूफान की ऊंचाई का आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है। इधर तूफान के असर से कई पेड़ उखड़ गए, लाइट पोल टूट गए। फिलहाल किसी की मौत की जानकारी सामने नहीं आई है। दरअसल पाकिस्तान से उठे तूफान का असर राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों पर हुआ है। उप्र में पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या 31 हो गई है। उधर बिहार में आंधी-तूफान से अब तक 17 लोगों की जान चली गई है। यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया गया है।



**■ पाकिस्तान से उठे तूफान ने बदला मौसम, 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी, करीब 200 वर्ग किलोमीटर का एरिया हुआ प्रभावित**

# उप्र में महंगी बिजली का करंट

## जून के बिल में लगेगा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को जून माह में अधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने वितरण कंपनियों को मार्च 2026 के बढ़े हुए विद्युत खरीद और पारेषण व्यय की भरपाई के लिए जून 2026 के बिलों में 10 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) वसूलने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार देर रात जारी आदेश के अनुसार मार्च 2026 के लिए निर्धारित यह अधिभार जून के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा। सूत्रों के अनुसार जुलाई माह में भी इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। प्रदेश में लगभग 3.73 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं और इस निर्णय का सीधा असर घरेलू, व्यावसायिक तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष तथा राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2026 में भी 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी, बिजली संकट, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच बिजली दरों में यह अतिरिक्त वृद्धि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी साबित होगी। वर्मा ने दावा किया कि विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के टैरिफ आदेश में स्वीकृत वास्तविक विद्युत क्रय लागत 4.94 रुपये प्रति यूनिट थी, जबकि मार्च 2026 में बिजली खरीद की कीमत लगभग 5.86 रुपये प्रति यूनिट दर्शाकर उपभोक्ताओं पर करीब 1,610 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने मांग की कि मार्च 2026 में महंगी बिजली किन निजी विद्युत उत्पादक कंपनियों से खरीदी गई और किन परिस्थितियों में खरीदी गई, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि मार्च माह के फ्यूल सरचार्ज में पूर्व अवधि के लगभग 1,400 करोड़ रुपये के दावों को भी शामिल किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। उपभोक्ता परिषद ने यह भी दावा किया कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के पास पहले से ही 51,000 करोड़ रुपये से अधिक का उपभोक्ता अधिशेष (कंज्यूमर सरप्लस) उपलब्ध है। ऐसे में अतिरिक्त अधिभार लगाने से पहले मामले को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा जाना चाहिए था।



**■ इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार जुलाई में भी वसूला जाएगा!**

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी से मारपीट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया। पूर्व सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा कि देखो उन्होंने मेरे साथ क्या किया है। यह पहले से प्लान था। इलाके में कोई पुलिस नहीं है। वे मुझे मारना चाहते हैं। हेलमेट की वजह से सिर बच गया। ऐसे हमलों से हम डरेंगे नहीं। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है।

### नीट व सीबीएसई के बाद सीयूईटी एग्जाम में भी गड़बड़ी

**नई दिल्ली।** 30 मई को तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट यानी सीयूईटी-यूजी की पहली शिफ्ट की परीक्षा दो घंटे देर से शुरू हुई। परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होनी थी, लेकिन ये बाद में दिन में 11 बजे से शुरू हो सकी। देश के कई परीक्षा केंद्रों पर सर्वर और सिस्टम में आई दिक्कतों की वजह से पेपर टाइम पर शुरू नहीं हो सका। कई जगह छात्रों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ केंद्रों पर छात्रों का दावा है कि 4 घंटे इंतजार के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई है। सीयूईटी एक कंप्यूटर बेस्ड एग्जाम है, जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए कराती है। एनटीए के मुताबिक, टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से तकनीकी गड़बड़ी के चलते एग्जाम देर से शुरू हुआ।

# राजीव कृष्ण ही होंगे यूपी के परमानेंट DGP

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी को 4 साल के इंतजार के बाद परमानेंट (स्थायी) पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिलने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ही यूपी के नए परमानेंट डीजीपी होंगे।

राज्य सरकार जल्द ही इसका आदेश जारी कर सकती है। यूपीएससी की गाइडलाइन और सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक, वह कम से कम 2 साल तक यूपी के डीजीपी रहेंगे। राजीव कृष्ण एक जून, 2025 से कार्यवाहक डीजीपी की कमान संभाल रहे हैं। दरअसल, यूपी सरकार ने परमानेंट डीजीपी को लेकर यूपीएससी को 19 आईपीएस के नाम भेजे थे।



**■ रेणुका मिश्रा व पीयूष आनंद को छोड़ा पीछे**

**■ चार साल इंतजार करने के बाद नाम हुआ फाइनल**

### डीके शिवकुमार होंगे कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार अब राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बनेंगे। बेंगलुरु में शनिवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस नेता चंद्रशेखर के मुताबिक, शपथ ग्रहण 3 जून को लोक भवन के ग्लास हाउस में होगा। सूत्रों के मुताबिक सीएम के साथ-साथ कैबिनेट भी बदलेगी। मौजूदा कैबिनेट से 10 मंत्री हटाए जा सकते हैं। इसमें सिद्धारमैया व मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे भी शामिल होंगे। 4 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं। शिवकुमार सीएम रोटेशनल फॉर्मूला के तहत मुख्यमंत्री बनाए गए हैं।




# फर्जी मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों में झूठे और दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मामलों के बढ़ते चलन पर कड़ी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि अदालतों और वकीलों दोनों की जिम्मेदारी है कि वे व्यक्तिगत रंजिश निकालने के लिए आपराधिक कानून के दुरुपयोग को हतोत्साहित करें।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज 10 से अधिक आपराधिक मामलों को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। इन मामलों में पोक्सो कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दुष्कर्म के आरोप भी शामिल थे। अदालत ने टिप्पणी की कि, वैवाहिक विवादों के क्षेत्र में तुच्छ और झूठे आरोपों पर आधारित दुर्भावनापूर्ण मुकदमों को न्यायालयों और बार के सदस्यों द्वारा हतोत्साहित किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किलों को जीवनसाथी के खिलाफ तुच्छ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाय ऐसा न करने की सलाह देनी चाहिए। पीठ ने अचिन गुप्ता बनाम हरियाणा सरकार के एक मामले में की गई टिप्पणी का भी जिक्र किया। उस फैसले में कहा गया था कि वकीलों पर सामाजिक जिम्मेदारी है कि वे पारिवारिक जीवन के सामाजिक ताने-बाने को टूटने से बचाएं। अदालत ने कहा था कि छोटे-छोटे विवादों को बढ़ा-चढ़ाकर आपराधिक शिकायतों का रूप नहीं दिया जाना चाहिए।



**■ कोर्ट ने पति पर लगे दुष्कर्म समेत 10 केस किए खारिज**




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### कपास के अक्टूबर तक आयात पर सीमा शुल्क में पूरी तरह छूट

**नई दिल्ली।** घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से, केंद्र ने कपास के आयात पर लगने वाले सभी सीमा शुल्कों से अस्थाई रूप से छूट दे दी है। शनिवार को जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार यह छूट 1 जून, 2026 से 30 अक्टूबर, 2026 तक लागू रहेगी। सरकार का कहना है कि इस अस्थाई शुल्क छूट से कपड़ा और परिधान क्षेत्र में कच्चे माल की लागत कम होने की उम्मीद है, जिससे निर्माताओं और उपभोक्ताओं को लक्षित राहत मिलेगी और साथ ही घरेलू किसानों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा।

### अफगानिस्तान में शरणार्थियों का ट्रक पलटा, 22 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के लघमान प्रांत के सोरखाकन इलाके में अफगान शरणार्थियों को ले जा रहा एक ट्रक शनिवार सुबह पलट गया, जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 36 अन्य घायल हो गए। नांगरहार के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रमुख, मौलवी अमीनउल्लाह शरीफ ने पज्वोक समाचार एजेंसी को यह जानक. ारी दी। एक प्रवासी वाहन के पलटने से महिलाओं एवं बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई।

### पूर्व सांसद नीलम सोनकर को राहत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले की एक अदालत ने भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नीलम सोनकर को दो पुराने चुनावी मामलों में बड़ी कानूनी राहत प्रदान की है। अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे वापस लेने की अनुमति देते हुए नीलम सोनकर सहित सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

# चार शांतिरक्षकों को सम्मानित करेगा यूएन

## इनमें भारतीय मेजर अभिलाषा बराक भी शामिल

**संयुक्त राष्ट्र, वार्ता**



संयुक्त राष्ट्र(यूएन) ने 'अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस' के अवसर पर सेवा, साहस और बलिदान के लिए भारत की मेजर अभिलाषा बराक सहित चार यूएन शांतिरक्षकों को सम्मानित करने की घोषणा की है।

यह पुरस्कार आगामी पांच जून को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएंगे। भारतीय सेना की मेजर अभिलाषा बराक को उनके असाधारण कार्य और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उन्होंने शांति मिशन के दौरान महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा की पुरजोर वकालत करते हुए जमीनी स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वैश्विक मंच पर उनके इस अद्वितीय योगदान को सराहते हुए ही उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।

वर्तमान में मेजर अभिलाषा बराक दक्षिणी लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र मिशन की भारतीय बटालियन में सामुदायिक संपर्क टीम की कमांडर और लैंगिक समन्वय अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने वहां व्यापक जनसंपर्क अभियानों का सफल नेतृत्व करते हुए पांच हजार से अधिक महिलाओं और लड़कियों तक अपनी पहुंच बनाई है। मेजर बराक ने विपरीत परिस्थितियों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचार-आधारित उपाय भी शुरू किए हैं। इस वर्ष तीन अन्य अंतर्राष्ट्रीय शांतिरक्षकों को भी सम्मानित किया जा रहा है। इनमें यूक्रेन के सर्गेई प्रिखोदको को मरणोपरांत प्रतिष्ठित 'कैप्टन म्बाए डियान पदक' से सम्मानित किया जाएगा।

वहीं उरुग्वे के सार्जेंट मातियास रेएस को भी 'कैप्टन म्बाए डियान पदक' प्रदान किया जाएगा, जबकि जर्मनी की इंस्पेक्टर स्टेफनी कोनिग्स को सर्वश्रेष्ठ महिला पुलिस अधिकारी के पुरस्कार से विभूषित किया जाएगा।

# ट्रम्प की ईरान के साथ बैठक बेनतीजा खत्म

**वाशिंगटन, वार्ता**

ईरान अमेरिका समझौते को लेकर विशेष कक्ष में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दो घंटे लंबी चलने के बाद भी दुनिया को सिर्फ इंतजार ही हाथ लगा है।

इस बैठक में खाड़ी में चल रही जंग को लेकर आखिरी फैसले पर बातचीत हुई और अंतिम फैसले का भरोसा दिया गया, लेकिन यह बैठक आखिरकार बेनतीजा खत्म हो गई। जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस के खास कमरे, सिचुएशन रूम में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम की बैठक बुलाई, तो बनाए गए माहौल से यह उम्मीद की जा रही थी कि वे किसी फैसले के साथ बाहर आएंगे। उन्होंने दिन की शुरुआत में ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर इसके संकेत भी दिए थे कि ईरान के साथ एक अस्थाई व नाजुक समझौते पर अंतिम फैसला होने वाला है, लेकिन दो घंटे बाद वे बिना कुछ बोले बाहर निकल गए और दुनिया इंतजार करती रह गई। बैठक के बाद कोई घोषणा नहीं की गई और न ही किसी समझौते की पुष्टि हुई। व्हाइट हाउस के एक



■ नहीं हो सका कोई फैसला या समझौता, दुनिया को सिर्फ इंतजार

अधिकारी ने केवल इतना संक्षिप्त आश्वासन दिया कि ट्रम्प केवल वही समझौता करेंगे, जो अमेरिका के लिए अच्छा हो और उनकी शर्तों को पूरा करता हो, जो कि तथ्य से ज्यादा एक रणनीतिक रुख को दर्शाता है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने बाद में ट्रुथ सोशल के जरिए कहा कि अगले नोटिस तक कोई धनरा. शि ली या दी नहीं जाएगी और बहुत कम महत्व की अन्य वस्तुओं पर सहमति बन गई है। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या वे होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और परमाणु वार्ता शुरू करने के लिए ईरान के साथ उभर रहे समझौते पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं। इस बैठक में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसका मुख्य फोकस दो जुड़े हुए लक्ष्यों पर था, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत की दोबारा शुरुआत करना। ट्रम्प ने अपने शुरुआती पोस्ट में जलमार्ग को खोलने के साथ-साथ कई कड़ी मांगें रखी थीं। ईरान ने अमेरिका की इन मौजूदा शर्तों पर किसी भी समझौते को सार्वजनिक रूप से खारिज कर दिया है। ईरानी अधिकारियों का कड़ा रुख है कि जब तक विदेशी बैंकों में जब्त पड़ी उनकी लगभग बारह बिलियन डॉलर की संपत्ति को जारी नहीं किया जाता, तब तक कोई सार्थक बातचीत शुरू नहीं हो सकती। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि किसी भी सहमति पत्र को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और न ही इस बात की कोई पुष्टि है कि निचले स्तर के वार्ताकारों द्वारा चर्चा किए जा रहे इस मसौदे को ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व ने मंजूरी दी है।

## यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट, 14 जिलों में होगी भारी बारिश

# बारिश व आंधी से 31 लोगों की मौत, परिंदे भी मरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 46 जिलों में तेज आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 14 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

गुरुवार देर रात से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ तथा बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से आ रही नम हवाओं के प्रभाव से प्रदेष्ठा के अनेक हिस्सों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बारिश हुई। राजधानी लखनऊ सहित पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम सुहावना हो गया। तराई क्षेत्र में भी अच्छी वर्षा दर्ज की गई,



■ मुजफ्फरनगर समेत 46 जिलों में हवाओं के साथ वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी, चित्रकूट में पेड़ गिरने से 500 तोते मरे

जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर सबसे अधिक वर्षा वाला जिला रहा, जहां 32 मिमी बारिश हुई। हाथरस में 30 मिमी तथा बिजनौर, हमीरपुर और जालौन में 20-20 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सीतापुर, बदायूं और झांसी समेत कई जिलों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, संत रविदास नगर (भदोही), देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीता. पुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बांदा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में भारी वर्ज़ा की चेतावनी जारी की गई है। चित्रकूट में आंधी-बारिश की चपेट में आकर करीब 500 तोते मारे गए हैं। पेड़ों के गिरने और तेज हवाओं से पक्षियों के झुंड बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### मानसून में 35 करोड़ पौधे लगाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से योगी सरकार ने पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारियां तेज कर दी हैं। मानसून सत्र के दौरान जनसहभागिता के माध्यम से प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है।

# सूर्या चौहान हत्याकांड के दोषियों को सजा मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गाजियाबाद जिले के खोड़ा क्षेत्र में नौजवान सूर्या चौहान के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग की है। सुश्री मायावती ने हत्या की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अति दुखद और चिंताजनक बताया और प्रदेश सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने कहा कि यूपी के जिला गाजियाबाद में खोड़ा के एक नौजवान युवक सूर्या चौहान की हुई हत्या की घटना अति दुखद व चिंताजनक है। इस तरह की घटनाएं आएदिन सामने आ रही हैं, जिनकी रोकथाम के लिए शासन और प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने मांग की कि इस हत्याकांड में



■ मायावती ने चौहान की हत्या को बताया दुखद

शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें कानूनी रूप से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी चेताया कि जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जाएगा, ऐसी घटनाओं के व्यापक दुष्परिणाम होंगे। अतः सरकार पूरी तरह सतर्क रहे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75867.80 | |
| निफ्टी | 23907.15 | |
| सोना | 156000 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 263000 | प्रति किलो |

# भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य मजबूत सतर्कता की जरूरत: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, वार्ता**

वित्त मंत्रालय ने विभिन्न संकेतकों के हवाले से भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य को मजबूत बताया, लेकिन साथ ही पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सतर्कता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। वित्त मंत्रालय की शनिवार को जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार सेवा क्षेत्र का निर्यात मजबूत है, देश के पास विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त भंडार है और बाजार में स्थिरता है, जो एक मजबूत आधार प्रदान करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, निकट भविष्य में देश का (आर्थिक) परिदृश्य मजबूत है, लेकिन सतर्कता की जरूरत है।

वैश्विक माहौल में चुनौतियां बढ़ने का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, वित्तीय परिस्थितियां प्रतिकूल हो रही हैं और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की रफ्तार सुस्त पर रही है। ये सभी कारक भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नकारात्मक हैं। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद घरेलू उद्योगों,



■ कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, वित्तीय परिस्थितियां प्रतिकूल हो रही हैं

विषेशकर निर्यातकों की मदद के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का भी जिक्र किया गया है। इनमें एमएसएमई के लिए 2.55 लाख करोड़ की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम 5.0 और कोल/लिगनाइट गैसीफिकेशन स्कीम शामिल हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिपोर्ट की मुख्य बातें साझा करते हुए सिर्फ मार्च तक के आंकड़ों का उल्लेख किया है। औद्योगिक उत्पादन के अप्रैल के आंकड़े महीने के अंतिम कार्यदिवस पर 29 मई को जारी किए जाने थे, लेकिन ये अभी जारी नहीं हुए हैं। खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के अप्रैल के आंकड़े जारी हो चुके हैं, लेकिन मुख्य बातों में मार्च के आंकड़ों को रखा गया है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट रही

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,654 रुपए गिरकर 1.56 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते सप्ताह यानी 23 मई को 1. 58 लाख रुपए पर था। वहीं चांदी 2.66 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.63 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 2,650 रुपए कम हुई। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है।

# उप्र के 1.40 लाख से अधिक स्कूलों का होगा सेफ्टी ऑडिट

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं जोखिम आकलन (रिस्क असेसमेंट) कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत राज्य के 1,40,555 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार इस अभियान में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को शामिल किया गया है। सरकार का उद्देश्य लाखों विद्यार्थियों को



अधिक सुरक्षित और संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में विद्यालयों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के आधार पर निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारी, स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। साथ ही संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके निवारण के लिए विस्तृत सुझाव भी तैयार किए जाएंगे। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के गवर्नमेंट ई- मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से चयनित एजेंसी बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड (बीसीसीएल) के साथ समझौता किया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुरेंद्र कुमार तिवारी, निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल तथा बीसीसीएल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी कुलदीप पाठक और मुख्य प्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख बृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीप पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने पेपर लीक और इसे रोकने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है। मौजूदा केंद्र सरकार नीट पेपर लीक की जड़ तक पहुं. चने के बजाय अनपढ़ों जैसी बात कर रही है। सरकार कह रही है कि नीट में पेपर लीक रोकने के लिए वायु सेना के जहाज इस्तेमाल किए जाएंगे। क्या इससे पेपर लीक रूकेगा? उन्होंने कहा



■ पेपर लीक मामले पर आप ने पीएम को घेरा

कि वास्तविकता तो यह है कि पेपर लीक रोकने की सरकार की नीयत ही नहीं है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह माफिया के चंगुल में आ चुकी है। अगर व्यवस्था को ठीक करना है, तो सबको मिलकर कुछ करना होगा। अकेले किसी के कुछ करने से नहीं होगा। केजरीवाल ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि मैं खुद आईआईटी से इंजीनियर हूं, पढ़ा-लिखा हूं। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझता हूं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता। शुक्रवार को हमारे देश की सरकार ने एलान किया है कि अब नीट के पेपर को लीक होने से बचाने के लिए एयरफोर्स के जहाज और एयरफोर्स के बुलेट प्रूफ ट्रकों से उसे ट्रांसपोर्ट करेंगे। यह क्या मजाक बना रखा है? क्या हमें बेवकूफ समझा जा रहा है? केजरीवाल ने कहा कि पूरी दुनिया में इतने बड़े-बड़ पेपर होते हैं, लेकिन क्या कहीं सुना है कि एयरफोर्स से उन्हें ट्रांसपोर्ट किया जाता है? क्या कहीं इस किस्म की नौटंकी सुनी है? केवल और केवल इस सरकार को नौटंकी करनी आती है। यह दिखाने के लिए कि हमने कितना बड़ा कदम ले लिया। पेपर लीक होने से बचाने के लिए हम यह सब कर रहे हैं। सिस्टम को ठीक करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।

# खेत बचाओ अभियान एक जून से 30 तक देशभर में चलेगा: शिवराज चौहान

**नई दिल्ली, वार्ता**

उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल, मिट्टी की जांच, जैविक खाद को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्रीय कृषि मंत्रालय का 'खेत बचाओ अभियान' एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगा। अभियान का लक्ष्य है कि खेत बचे, लागत संभले, मिट्टी सुधरे, किसान जागरूक बने और गांव स्तर पर कृषि प्रबंधन की नई संस्कृति विकसित हो।

एक सरकारी विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'खेत बचाओ अभियान' को खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाला व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाने का संदेश दिया है। इस अभियान की तैयारी के संबंध में चौहन ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक लेकर अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय



■ खेत में जाकर किसान का दी जाएगी स्थिति विशेष की सलाह

भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाने पर रखने की बात कही। श्री चौहान ने कहा कि जून महीने भर चलने वाले 'खेत बचाओ अभियान' को प्रभावी और परिणामकारी बनाने के लिए इसका फोकस खेत बचाने, लागत संतुलित करने और किसान को सही समय पर सही मार्गदर्शन देने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान ऊपर से नीचे तक नहीं, बल्कि पंचायत से लेकर राज्य और केंद्र तक साझी भागीदारी के मॉडल पर चलेगा। उन्होंने सबसे खास बल इस बात पर दिया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य होगा। किसानों को मिट्टी की जांच, संतुलित और सही मात्रा में खाद तथा अन्य कृषि आगतों के उपयोग के बारे में जागरूक करने, हरी खाद, जैविक और जैव- उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में बताने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि आने वाले समय को लेकर जो मौसम संबंधी चिंता जताई जा रही है, उसके मद्देनजर किसानों को व्यावहारिक सलाह दी जाएगी कि वे क्या करें, क्या न करें, कौन-सी फसल लें, कहां फसल विविधीकरण अपनाएं और कम पानी या जोखिम की स्थिति में कौन-से विकल्प बेहतर रहेंगे। अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं, बल्कि खेत-स्तर पर किसान को स्थिति-विशेष के अनुरूप सलाह देना होगा। बैठक में यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर इस अभियान को मजबूत आधार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर मशीनों का वितरण, योजनाओं का लाभ और जहां संभव हो वहां सरकारी कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष लाभ भी इसी अभियान के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। चौहान ने यह भी कहा कि अभियान को केवल विभागीय दायरे में सीमित नहीं रखा जाएगा।

### बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष से मांगे एक करोड़

**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए से जान से मारने की धमकी दी गई है। अज्ञात व्यक्ति ने उनसे 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। शुरुआती जांच में यह नंबर जम्मू-कश्मीर का बताया जा रहा है, हालांकि साइबर टीम की मदद से आरोपियों की तलाश जारी है। सिद्दीकी को 25 से 27 मई के बीच मोबाइल नंबर 8899162823 से धमकी भरे संदेश आए। आरोपी ने यूपीआई और बैंक ट्रांसफर के जरिए 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक की मांग की। उसी संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट और उदय भानु चिब को बम से उड़ाने की भी बात कही गई है। आरोपी ने दावा किया कि इन नेताओं ने उसका अपमान कर पार्टी से निकाल दिया, जिसका बदला वह लेना चाहता है।

# माँ और मासूम बेटे की हत्या में दोषी को सजा-ए-मौत

## ईंटों से पीट-पीटकर मार डाला था 2011 में माँ-बेटे को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पन्द्रह वर्ष पूर्व चर्चित माँ और उसके मासूम बेटे की निर्मम हत्या के मामले में नामजद युवक को दोषी करार दे दिया गया है कोर्ट ने इस दोहरे हत्याकांड में युवक को सजाए मौत की सजा दी है। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट में विचाराधीन था जहां दोषियों को मृत्यु दण्ड दिया गया। इस फैसले के बाद पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद हो गई है।

अभियोजन के अनुसार चरथावल थाना क्षेत्र के गांव अलावलपुर मोड के निकट राजेश देवी और उसके छह वर्षीय बेटे हिमांशु की बेरहमी से हत्या कर दी थी। घटना 07 नवंबर 2011 की है और बकरा ईद का दिन था जहां जनपद बरेली के पराबाहुद्दीपुर, बिसातगंज निवासी रईस उर्फ रईस उर्फ जहुर हसन ने राजेश देवी और उसके मासूम बच्चे हिमांशु को ईटों से पीट-पीटकर मार डाला था। घटना के दिन मां बेटे चरथावल थाना क्षेत्र के गांव अलावलपुर मोड के निकट मिले जिनको गन्ना के खेत में ले जाया गया जहां इस हत्याकांड को अंजाम दे दिया गया था। इस घटना का मुकदमा राजेन्द्र पुत्र झण्डुपाल निवासी मौहल्ला ब्रहमणान, चरथावल ने देते हुए बताया था कि किसी व्यक्ति ने एक महिला और बच्चे की हत्या कर शव खेत में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले को धारा 302, 201 आईपीसी के तहत दर्ज किया और प्रकाश में आए रईस उर्फ जहूर हसन पुत्र नत्थू बक्स को ग्यारह दिसम्बर 2011 को जेल भेज दिया था। पुलिस ने 19 जनवरी 2012 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया और इसके बाद भी कोर्ट में सबूत व गवाह पेश किए गए। यह मामला एडीजे एफटीसी कोर्ट तृतीय में विचाराधीन था जहां सभी सबूत व गवाहों के मद्देनजर रखते हुए दोषी पाए जाने पर रईस उर्फ जहूर को सजा-ए-मौत की सजा दी गई और उस पर छह हजार रूपये का अर्थदण्ड भी किया गया।



इस मामले में यह भी सामने आया था कि प्रेम संबंधों में इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। और ईंटों से प्रहार कर मां-बेटे को मार डाला गया था।

# पिता पर बेटी से रेप का आरोप

## पत्नी की मौत के बाद सौतन के कहने पर बच्चों को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक कामान्ध पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री को छत पर बने एक कमरे में ले जाकर रेप किया। यह घटना पूरे मौहल्ले में चर्चा का विषय बनी हुई है। संभवत रविवार को किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। फिलहाल किशोरी के बयान पुलिस द्वारा दर्ज कर लिए गये हैं।

बुढ़ाना कस्बे के एक रोड के निवासी एक व्यक्ति ने विगत वर्षो अपनी पत्नि की मृत्यु के बाद दूसरी महिला से निकाह कर लिया था। उसके पहली पत्नि से दो पुत्री और एक पुत्र हैं। पहली पत्नि की मौत के बाद से ही वह नशे का भी आदि हो गया था। उसने कुछ दिनों बाद ही किसी अन्य महिला से निकाह कर लिया था। निकाह के कुछ दिनों बाद से ही वह अपनी दूसरी पत्नि के कहने में आकर अपने तीनों बच्चों को अकारण मारता पीटता रहता था। बीती शुक्रवार को उसने अपने पुत्र को किसी मामूली सी बात पर मारपीट कर घर से निकाल दिया और अपनी नाबालिग पुत्री को जबरदस्ती छत पर बने कमरे में ले जाकर बंधक बनाकर उसके साथ दुराचार किया। कुछ ही देर बाद उसका पुत्र अपने घर पर आया तो उसे उसकी दूसरी बहन ने रोते हुए बताया कि अब्बू बहन को कमरे में ले गये हैं और उसके चीखने चिल्लाने की आवाजें भी आ रही हैं। तब वह फुर्ती से छत पर गया तो कमरे का दरवाजा बंद था और उसकी बहन के चीखने चिल्लाने की आवाजें आ रही थी। तब भाई ने ईंटों के प्रहार से दरवाजा तोड दिया तो वह कमरे का दृश्य देखकर सिहर गया। उसका पिता उसकी बहन से रेप कर चुका था। तब उसका पिता वहां से नौ दो ग्यारह हो गया। भाई ने इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो पुलिस ने किशोरी को बुढ़ाना कोतवाली लाकर किशोरी के ब्यान दर्ज किए और उसका मेडीकल परीक्षण कराने के लिए मखियाली भेजा। संभवतः रविवार को किशोरी का मेडिकल परीक्षण होगा। उधर बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी पिता की तलाश शुरु कर दी है।

# हत्या के बाद शव का अंतिम संस्कार का प्रयास

## मजदूर कांड में प्रधान पति हुआ गिरफ्तार, दस घंटे में पुलिस का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में गंगा किनारे शराब का सेवन कर रहे व्यक्तियों में कहासुनी हो गयी। जिसके बाद ग्राम प्रधान पति सहित चार व्यक्तियों ने मिलकर एक मजदूर अंकुर बालियान की डंडों से पीटकर हत्या कर दी।आरोपियों ने शमशान घाट पर मृतक के शव का चोरी छिपे अंतिम संस्कार का प्रयास किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को चिता से उठा लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को घायल कर दिया तथा फरार हो रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों की आल्टो कार को कब्जे में लेकर तमंचा कारतूस बरामद किया है। मामले में निर्माणाधीन घाट के ठेकेदार ने मुकदमा दर्ज कराया था।वहीं सिसौली गांव में मृतक अंकुर बालियान का अंतिम संस्कार किया गया।

थाना भौंराकला क्षेत्र के सिसौली निवासी 35 वषह्मय अंकुर बालियान पुत्र बलजोर सिंह बालियान उर्फ पाल्ला शुकतीर्थ मे नक्षत्र वाटिका के पीछे पर्यटन विभाग की ओर से कराये जा रहे निर्माणधीन गंगा घाट पर मजदूरी का कार्य कर रहा था की शुक्रवार की रात उसकी हत्या कमरे में कर दी गई। दस घण्टे बाद पुलिस द्वारा घटना का खुलासा कर दिया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शनिवार की दोपहर भोपा पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाते हुए निरगाजनी नहर झाल से आगे पुरकाजी मार्ग पर एक आल्टो कार को रोकने का संकेत दिया।किन्तु कार सवार भागने लगे।पुलिस ने घेराबन्दी की तो एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया।जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फरार हो रहे बदमाश के पैर में गोली मारकर घायल कर गिरफ्तार कर लिया।बदमाश के अन्य तीन साथियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश की पहचान सन्नी पुत्र मुनेश निवासी गांव इलाहाबास (शुक्रताल) के रूप में



हुई वहीं गिरफ्तार आरोपियों में शुक्रताल ग्राम प्रधान पति राजपाल सैनी,मनमोहन शर्मा निवासी इलाहाबास (शुक्रताल) सुमित अघोरी निवासी गांव बरला थाना छपार के रूप में हुई।आरोपियों ने बताया की मृतक अंकुर बालियान उग्र स्वभाव का था आएदिन शराब पीकर गाली गलौज करता था।तथा एक सप्ताह के भीतर सन्नी की हत्या करने की धमकी दे रहा था।देर शाम कहासुनी के दौरान सन्नी, राजपाल प्रधान, सुमित अघोरी ने मिलकर डंडों से मारपीट कर अंकुर की हत्या कर दी।हत्या के बाद उन्होंने आधी रात मनमोहन शर्मा के साथ शव को शमशान घाट में ले जाकर अंतिम संस्कार का प्रयास किया। सन्नी शमशान घाट पर सेवक के रूप में तैनात है तथा सुमित अघोरी सन्नी का सहायक है।

मामले में निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार रोबिन ने भोपा थाने पर अज्ञात के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कराया था।

मृतक अंकुर के पडोसी उपेन्द्र बालियान ने बताया अंकुर के पिता बलजोर सिंह बालियान उर्फ पाल्ला का बीते वर्ष निधन हो गया था।परिवार में माता राजदुलारी देवी बड़ा भाई मनीष बालियान व एक शादीशुदा बहन पारुल है। मृतक का परिवार पर पांच बीघा भूमि बताई गयी है।अंकुर पिछले छरूमाह से कुटुंब के ही ठेकेदार रोबिन बालियान के पास रहकर मजदूरी करता था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकुर पूर्व में निर्माण स्थल पर चौकीदार था।अब वह मजदूरी कर रहा था।तीन दिन पूर्व ही वह शुक्रताल पहुंचा था।मृतक अंकुर व अरोपी शाम के समय अक्सर एक साथ बैठते थे।

**आधी रात जलती चिता देख हुआ शक:** पर्यटन विभाग की ओर से निर्माणधीन घाट पर कार्यरत मजदूरों ने अंकुर के कमरे से बहते खून को देखा तो वह सकपका गए।कमरे के फर्श पर खून फैला हुआ था तथा दीवार खून की छींट से सनी हुई थी।उन्होंने अंकुर की तलाश शुरू कर दी।तभी उन्हें बराबर में स्थित शमशान घाट पर चिता जलती दिखाई पड़ी।वह शमशान में गये और ठेकेदार को घटना की जानकारी दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जलती चिता को शांत कर शव को उठा लिया।

**घटना के बाद तीर्थ नगरी में अलर्ट हुई पुलिस:** भोपा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दस घण्टे में हत्या का खुलासा किया वहीं तीर्थ नगरी में सुरक्षा को मजबूत करते हुए सतर्कता बढ़ा दी है।सोमवार को हनुमन्तधाम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के आगमन को लेकर तीर्थ नगरी की सुरक्षा और भी महत्वपूर्ण हो गयी है।

# पूर्व प्रेमी बना रहा है तलाक का दबाव

## पति और माँ के साथ विवाहिता पहुंची पुलिस कार्यालय, मांगा इंसाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एक विवाहिता ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर पूर्व प्रेमी पर लगातार पीछा करने और पति को छोड़ने का दबाव बनाने व धमकी देने का आरोप लगाते हुए न्याय मांगा है। इस संबंध में पीडित विवाहिता ने पुलिस कप्तान के नाम एक शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग भी की है।

मंसूरपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती शनिवार को पुलिस कार्यालय पहुंची और उसके साथ हो रही अनहोनी व उसके साथ किया जा रहा उत्पीड़न के संबंध में जानकारी दी। पीड़िता का कहना हे कि वह शादीशुदा है ओर 27 मई को जब वह तितावी क्षेत्र में अपनी ससुराल जा रही थी तो जब वह खालापार क्षेत्र के शहीद चौक पर पहुंची तो इसी बीच वसीम पुत्र शाकिर ओर उसके साथियों ने उसको रास्ते में घेर लिया। आरोप तो यह भी हे कि उसके साथ छेड़खानी की गई और पीड़िता ने बताया कि आरोपी लगातार उसका काफी समय से उसका पीछा कर रहा है और उसे परेशान कर रहा है जिससेउसका वैवाहित जीवन तबाह हो सकता है। पीड़िता ने तो यह भी बताया कि आरोपी वसीम से उसके कई वर्ष पूर्व प्रेम संबंध थे। जब इस संबंध में वसीम के परिवार को जानकारी हुई तो उन्होने वसीम की शादी तय कर दी, लेकिन उसने अपने परिजनों को प्रेम संबंध की जानकारी दे दी थी।

इतना ही नहीं युवती के पिता ने वसीम के परिजनों ने शादी का प्रस्ताव भी रखा, लेकिन उस परिवार ने शादी से साफ इंकार कर दिया था इसके बाद ही युवती ने परिवार की मर्जी के अनुसार अपनी शादी की और अब वह अपनी पति के साथ सही जीवन यापन कर रही है। युवती ने एक ओर पीडा सुनाई कि प्रेमी वसीम उस पर पति को तलाक देने का दबाव बना रहा है और उसका लगातार पीछा कर रहा है जिससे उसको वैवाहिक जीवन खराब हो सकता है। पीड़िता ने एसएसपी से कार्यवाही की मांग की है।

उधर विवाहिता के परिवार का भी कहना है कि पहले वसीम के परिजनों ने शादी से इंकार कर दिया था और जब उन्होने अपनी बेटी की शादी दूसरी जगह कर दी तो अब वसीम उनकी बेटी की जिन्दगी तबाह करने में तुला है। यदि पति ने उनकी बेटी को छोड दिया तो वह बर्बाद हो जाएगे।

# विवाहिता का फिर छलका दर्द

## वीडियो में जनप्रतिनिधियों से मांगी मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पीनना की रहने वाली विवाहिता शिल्पा का एक बार फिर दर्द छलका है उन्होने अपनी पीड़ा इस बार फेसबुक पर लाइव आकर बताई है। यह पीड़ा करीब तेरह मिनट की बताई गई है जहां पीड़िता ने जनप्रतिनिधियों और समाज से कई सवाल पुछे है।

शिल्पा वही विवाहिता है जो ससुराल के बाहर चार दिन तक धरने पर बैठी थी और इसके बाद उन्हे कार्यवाही से भी गुजरना पडा था। शिल्पा लाइव वीडियों में कह रही है कि सभी जनप्रतिनिधि व नेता मंचों से बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओं और महिला सम्मान की बात करते है, लेकिन जब किसी बेटी के साथ अन्याय होता है तो उसका साथ कोई नहीं देता। पीड़िता ने जनपद के मंत्री, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों से अपनी आवाज उठाने की बात कही हैं शिल्पा ने ससुराल के लोगों पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए है। पीड़िता वीडियो में बोल रही है कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी और अब वह नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में रहती है उसको ससुराल से मयके भेज दिया गया, लेकिन वापस बुलाने के नाम पर तरह-तरह के बहाने बनाए गए। इंतजार करने के बाद जब वह वापस पहुंची तो उसको ससुराल के दरवाजे बंद मिले। चार दिन तक वह ससुराल के गेट पर बैठी रही, पीडिता का कहना है कि उसने धूप, गर्मी और अंधेरा यहां तक की मच्छरों के बीच बैठी रही, लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। पीड़िता का यह भी दर्द है कि इस कार्यवाही में उसके भाई-भाभी को भी सामना करना पड़ा।

### पँचधुनि तपस्या के समापन पर हुआ विशाल भंडारा

**मोरना।** क्षेत्र के गांव दरियाबाद के जंगल में जारी 21 दिवसीय पंचधुनि तपस्या का शनिवार को समापन हो गया इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मोरना क्षेत्र के गांव दरियाबाद के जंगल में एकांत वातावरण में स्थित सिद्ध कुटिया के महंत संदीप भगत जी द्वारा 21 दिवसीय पँचधुनि अखण्ड तपस्या की जा रही थी। जिसका समापन शनिवार को हवन यज्ञ के उपरांत हो गया समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।

# पत्रकारिता जोखिमभरा और चुनौतीपूर्ण कार्य: मंत्री अनिल

## पत्रकारिता एक मिशन है इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएं: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पत्रकारिता का कार्य जोखिमभरा और चुनौतीपूर्ण है। कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका के बाद चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता ही है जिस पर समाज पूरी तरह से यकीन करता है। श्रीराम कालेज सभागार में डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बोलते हुए कहा कि आज हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण हो गये है। 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. जुगलकिशोर शुक्ला ने कोलकत्ता से उदन्त मार्तन्ड नामक हिन्दी अखबार शुरू किया था। उस समय से अब तक हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक उतार चढ़ाव झेले है। आज सोशल मीडिया का जमाना भी है लेकिन लोग फिर भी प्रिंट मीडिया पर ही पूरी तरह से यकीन करते है इसलिए हिन्दी पत्रकारिता से जुड़े पत्रकारों की पूरी जिम्मेदारी है कि ये समाज को अपनी लेखनी के माध्यम से नई दिशा देने का काम करे। उन्होंने कहा कि समाज में जो भी कुरीतियां है उन्हे अधिकारियों के संज्ञान में लाने का काम पत्रकार करे। मंत्री अनिल कुमार ने कार्यक्रम के आयोजकों अरविंद भारद्वाज, रविंद्र चौधरी का आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है इसे पूरी निष्ठा के साथ निभाये। उन्होंने कहा कि समाज में जो बुराईयां है उन्हे अपनी लेखनी के माध्यम से लिखकर अधिकारियों के संज्ञान में डाले ताकि उस पर कार्यवाही की जा सके तभी समाज से बुराईयों एवं कुरीतियों का समूल विनाश हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि समाज में जो भी अपराध हो रहे है उन्हे सही रूप में अधिकारियों के संज्ञान में लाये। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद भारद्वाज ने कहा कि पत्रकार अपनी सोच सकारात्मक रखे क्योंकि पत्रकार ही एक ऐसा माध्यम है जो समाज में फैली गंदगी को लेखनी के माध्यम से दूर करता है। श्रीराम कालेज की प्राचार्या प्रेरणा मित्तल ने सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के आयोजक डिस्ट्रिक्टर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र चौधरी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पत्रकार पूरी ऊर्जा के साथ सकारात्मक रूप से कार्य करे जिससे समाज में उनकी एक अच्छी पहचान बनेगी। उन्होंने कार्यक्रम में सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अमर उजाला के प्रभारी मदन बालियान और वरिष्ठ पत्रकार शरद गोयल ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान सम्पादक चन्द्रकांता, पत्रकार अरविंद गुप्ता, विनोद पाराशर, प्रेमपाल सिंह संधावली, संजीव तोमर, भगत सिंह वर्मा, सचिन जौहरी, राकेश अस्थाना, दिनेश अस्थाना, राकेश शर्मा, श्यामाचरण पंवार, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर: हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मंत्री अनिल, डीएम व एसएसपी।

# मौसम ने बदला मिजाज, हुई बारिश

## तेज हवाओं से सड़को पर बिखरी पेड़ों की टहनियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बुढ़ाना।** जनपद में एक बार फिर मौसम ने अपना मिजाज बदल दिया है, हालांकि मौसम विभाग समय-समय पर चेतावनी दे रहा है और मौसम विभाग की चेतावनी सटीक भी हुई है।

शनिवार की दोपहर के समय तेज धूल भी आंधी चली और उसके कुछ देर बाद जिले में झमा-झमा बारिश शुरू हो गई जबकि गौर किया जाए तो सवेरेक समय कडाके की धूप निकल रही थी जिससे लोगों के पसिने छूट रहे थे, लेकिन इतना साफ मौसम और अचानक ही काली घटा में बदल गया और तेज हवा और बारिश के इस दौर के असर से लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिली है, लेकिन काफी क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो गई थी। दोपहर के समय अचानक आसमान में काले बादल छाए गए और देखते-देखते तेज हवाएं चलने लगी।

कई स्थान पर हवा इतनी तेज थी कि सड़कों पर पेड़ों की टहनिया टूटकर बिखर गई कुछ जगह तो पेड़ भी टूट गए। और कुछ स्थानों पर पेड़ों की टहनियां बिजली की लाइन पर गिरी। शहर और ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही, हालांकि रात्रि के समय भी विद्युत आपूर्ति बाधित रही जिससे लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पडा।

आंधी के बाद शुरू हुई बारिश ने पूरे जिले में अपना जोर दिखाया। शहर से लेकर खतौली, जानसठ, पुरकाजी, चरथावल, बुढ़ाना, छपार, मंसूरपुर व अन्य क्षेत्रों में बारिश हुई। कई स्थानों पर तो सड़को पर पानी भरा देखा गया। कुछ लोगों ने बारिश से बचने के लिए इधर-उधर खडे होकर अपनो को बचाया। बतादे कि पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा था।



मुजफ्फरनगर: झमाझम बारिश के पड़ते ही सुनसान हुआ शिव चौक का बाजार।



मुजफ्फरनगर: वर्षा के दौरान छाता लगाए जाती महिला।

# गुटका थूकते बाइक डिवाइडर से टकराई, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जिला शामली में तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई।

बुढ़ाना कस्बे के चंधेडी रोड निवासी 20 वर्षीय युवक उवैस मंसूरी पुत्र शफीक बीती शुक्रवार को बाइक पर अपने मामा और अपनी नई ससुराल में मेहमानदारी में जा रहा था। जब वह शामली जिले में कैराना रोड पर बाइक हादसे के दौरान मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसा उस समय हुआ जब उवैस बाइक चलाते हुए गुटका थूक रहा था और बाइक का संत.ुलन बिगड़कर वह डिवाइडर से जा टकराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उवैस शामली की तरफ अपने मामा के यहां पर जा रहा था। बाइक चलाते चलाते उसने गुटका थूका और इसी दौरान उसका ध्यान भटक गया।

बाइक अनियंत्रित होकर सीधे सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उवैस सड़क पर गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उवैस बुढ़ाना क्षेत्र के चंधेडी रोड का रहने वाला था और परिवार में उसके असमय निधन से शोक का माहौल है।

उवैस मंसूरी के शव को शामली जिले में ही सुपुर्द खाक कर दिया गया। जहां पर नम आंखों से सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में उवैस को कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है और मौहल्ला चंधेडी रोड पर भी शोक व्याप्त है।

# साढ़े पांच किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जानसठ।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5.320 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये बताई जा रही है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा एवं, एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जानसठ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 5.320 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुन्तियाज पुत्र वहीद सक्का निवासी ग्राम बयायच, थाना जानसठ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना जानसठ में मुकदमा अपराध संख्या 78/2026, धारा 08/20 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है तथा उससे पूछताछ कर गांजे की खरीद-फरोख्त और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है। सीओ ऋषिका सिंह का कहना है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज को सुरक्षित बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# नवीन सब्जी मंडी में फिर सक्रिय हुए जेबकतरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली की नवीन सब्जी मंडी में जेबकतरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंडी में आए दिन हो रही चोरी और जेब कटने की घटनाओं से किसानों, आढ़तियों और सब्जी विक्रेताओं में असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। शनिवार को एक बार फिर जेबकतरों ने मंडी में आए एक सब्जी विक्रेता को निशाना बनाकर उसकी जेब से सात हजार रुपये की नकदी उड़ा दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार काशीराम कॉलोनी निवासी सतपाल पुत्र अतर सिंह रोजाना की तरह सब्जी बेचने के लिए नवीन सब्जी मंडी पहुंचे थे। मंडी में खरीद-फरोख्त के दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाते हुए अज्ञात जेबकतरों ने उनकी जेब काट ली और उसमें रखी करीब सात हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। कुछ समय बाद जब सतपाल ने रुपये निकालने के लिए जेब देखी तो उन्हें घटना का पता चला। उन्होंने तत्काल आसपास मौजूद लोगों को इसकी सूचना दी और शोर मचाया। घटना की जानकारी मिलते ही मंडी में मौजूद व्यापारियों और अन्य लोगों ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश की, लेकिन तब तक जेबकतरे भीड़ में गायब हो चुके थे। इस घटना के बाद मंडी में व्यापारियों और किसानों के बीच नाराजगी देखने को मिली। व्यापारियों का कहना है कि मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान और व्यापारी नकदी के साथ मंडी आते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। उनका आरोप है कि मंडी में संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर कोई प्रभावी निगरानी नहीं रखी जाती, जिससे जेबकतरे और चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। व्यापारी संगठनों ने मंडी प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग कराने तथा मंडी में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लगाई गई तो व्यापारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। लगातार हो रही घटनाओं के चलते नवीन सब्जी मंडी में व्यापारियों, किसानों और विक्रेताओं के बीच भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# ईद पर मेरठ गए थे मकान मालिक, चारों ने खंगाला घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ईद उल अजहा का त्योहार मनाने मेरठ गए मकान मालिक के पीछे से चोरों ने बुढ़ाना की नई बस्ती में बंद मकान का ताला तोड़कर हाथ साफ कर दिया। बदमाश घर से सोने-चांदी के आभूषण और करीब 10 हजार रुपये नकदी चुरा ले गए। पीड़ित के अनुसार कुल नुकसान लगभग 5 लाख रुपये का है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित शादाब निवासी मेरठ का मकान बुढ़ाना के लुहसाना रोड स्थित नई बस्ती में है। शादाब अपने परिवार के साथ ईद मनाने मेरठ गया हुआ था। घर पर ताला लगा था। इसी का फायदा उठाकर देर रात बेखौफ बदमाश मकान पर पहुंचे मेन गेट का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए। बदमाशों ने कमरों और सेफ के ताले भी तोड़ दिए और पूरे घर को उलट-पुलट कर दिया। चोर सोने-चांदी के जेवर और नकदी समेटकर फरार हो गए। वापस लौटने पर शादाब को चोरी का पता चला। शादाब की तहरीर पर बुढ़ाना पुलिस ने मुक.दमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही बदमाशों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्रवासी दहशत में हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ एवं हस्ताक्षर अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनपद मुजफ्फरनगर में स्वास्थ्य विभाग कार्यालय परिसर में तंबाकू निषेध को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू सेवन न करने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विभागीय स्तर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बैनर पर हस्ताक्षर कर तंबाकू मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।




कार्यक्रम में तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों एवं उसके दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी सहित अनेक गंभीर रोगों का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि बिश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना तथा युवाओं को इस लत से दूर रखना है। उन्होंने सभी अधिका.रियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन न करें तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. गीतांजलि वर्मा,ए.आर.ओ. आनंद कुमार, स्टेनो पाकेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज की 37वीं पुण्यतिथि पर लगा शरबत शिविर

**जानसठ।** दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह महाराज की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर पर दर्शन आश्रम परिवार की ओर से पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर विशाल शरबत एवं जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा शिविर में राहगीरों, वाहन चालकों तथा स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संत दर्शन सिंह महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं उनके बताए गए सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण के मार्ग को स्मरण करते हुए किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संत दर्शन सिंह महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा, परोपक.ार और मानवता की भलाई के लिए समर्पित किया था। उनकी शिक्षाएं आज भी लोगों को सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। राजमार्ग से गुजरने वाले हजारों यात्रियों ने शिविर में पहुंचकर ठंडा शरबत ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। भीषण गर्मी में आयोजित इस सेवा कार्य से राहगीरों को काफी राहत मिली। आश्रम के श्रद्धालुओं और युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्य में भाग लिया तथा आने-जाने वाले लोगों का स्वागत कर उन्हें शरबत वितरित किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संत दर्शन सिंह महाराज की पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष जनसेवा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि उनके आदर्शों को समाज तक पहुंचाया जा सके।

# युवक को किया घायल, मुकदमा दर्ज

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी में युवक के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित तीन व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रेमनाथ ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि तीन व्यक्तियों ने उस पर धारदार हथियारों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि संजीव पुत्र धीर सिंह, रविंदर तथा सागर निवासी भोकरहेडी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# जनपद न्यायाधीश ने जेल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कलेन्डर के अनुसार बीरेन्द्र कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के कुशल निर्देशन में डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफनगर द्वारा जिला कारागार मुजफफरनगर की पाकशाला, अस्पताल, पुरूष बैरक तथा किशोर बैरक का निरीक्षण किया गया इसी अनुक्रम में बंदियों के हितार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर, द्वारा शिविर में उपस्थित बंदियों को संवैधानिक व विधिक अधिकारों की जानकारी दी गयी तथा उन्हे अवगत कराया गया कि बन्दी अपने विधिक अधिकारो के प्रति जागरूक हो। डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर, द्वारा कैदियों से उनकी समस्याए सुनी गयी तथा अवगत कराया गया कि उन्हे कोई भी कानूनी समस्या होने पर अधीक्षक जिला कारागार मुजफ्फरनगर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराने अथवा आवेदन पत्र देने का कथन किया गया जिस पर कार्यवाही किये जाने की बात कही गयी। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के मामले ई-जेल लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित हो सकते है उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें जिससे उनके मामलों का शीघ्र निस्तारण हो सकें।

डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर, द्वारा जिन बंदियों की जमानत याचिका अधीनस्थ न्यायालय द्वारा हो चुकी हो उन्हें विधिक सहायता प्रदान की गई।

# एडवोकेट सचिन धारियां के कार्यालय पर गरिमामय आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर अधिवक्ता एडवोकेट सचिन धारियां के कार्यालय पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के कई पत्रकारों, समाज सेवियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, उसकी सामाजिक भूमिका एवं लोकतंत्र में उसके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट सचिन धारियां ने उपस्थित पत्रकारों का स्वागत करते हुए कहा कि पत्रकार समाज की आंख और कान होते हैं।



निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत बनाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के अथक प्रयासों से ही आमजन की समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंचती हैं और समाज में जागरूकता का प्रसार होता है इस अवसर पर पत्रकारों को फूलमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आपसी संवाद, विचार-विमर्श एवं सम्मान समारोह का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने हिंदी पत्रकारिता के मूल्यों को आगे बढ़ाने तथा जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया कार्यक्रम में एडवोकेट दीपक धारियां, पत्रकार संजय कटारिया, पत्रकार मोहित कल्याणी, पत्रकार अनमोल कश्यप, पत्रकार सतीश कौशिक, पत्रकार नितिन शर्मा, पत्रकार रोही.त त्यागी सहित अन्य पत्रकार एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती मनाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के बुढाना के शंकर पैलेस में लो.कमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301 वी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पाल समाज ने भारी संख्या में सम्मिलित होकर जयंती मनाई।

डॉ.विशाल कुमार पाल, नरेंद्र पाल, शंकर पाल, राकेश पाल(सभासद), संजीव पाल (डायरेक्टर), मास्टर सत्येंद्र पाल, सत्यपाल पाल (पूर्व जिलाध्यक्ष), डॉ.सोनू कश्यप, अनुज जैन, अजीत सिंह,प्रवीण कुमार, नीरज बहोत, लक्ष्मण वाल्मीकि, अंशुल पाल, नितिन शर्मा, योगेश प्रजा.पति, इमरान कुरैशी, सुरेश पाल आदि गणमान्य उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने अपने-अपने वक्तव्य में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया।

# सीएसआईआर एण्ड सीआईएमएपी लखनऊ का शैक्षणिक भ्रमण

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोक.ेशनल स्टडीज के एम.फार्मा विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से सीएसआईआर एण्ड सीआईएमएपी लखनऊ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को औषधीय एवं सुगंधित पौधों पर आधारित अनुसंधान, आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों तथा फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान की विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुसंधान सुविधाओं एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का अवलो.कन किया। कार्यक्रम के दौरान



वैज्ञानिक श्री राम सुरेश शर्मा, वैज्ञानिक डॉ. एनपी यादव तथा मुख्य वैज्ञानिक , एवं विभागाध्यक्ष, अनालायटीकल केमिस्ट्री डॉ. अरूणा शंकर ने ि इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान एस0डी0 कॉलेज ऑफ फार्मेसी के संकाय सदस्य डा0 भुवनेन्द्र सिंह, डॉ0 प्रवीण कुमार एवं पीयूष, विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे तथा पूरे कार्यक्रम में उनका मार्गदर्शन किया।

एस.डी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोकेशनल स्टडीज प्रबंधन ने सीएसआईआर एण्ड सीआईएमएपी लखनऊ के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाच.ार एवं उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराते हैं तथा उनके व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक डॉ0 अरविन्द कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शाहरून मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने में नही है, मेरी वृद्धावस्था और बीमारी की हालत में भी किसी भी प्रकार से देखभाल नही करता है आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा व गाली-गलौच करता रहता है। जिससे परेशान होकर मैंने अपने पुत्र शाहरून को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का शाहरून से किसी प्रकार का मतलब वास्ता नहीं रहा है। भविष्य में शाहरून के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य, लेन-देन या वाद विवाद के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**गुलफाम पुत्र सहिद**
**निवासी- ग्राम बहेडी,**
**थाना कोतवाली,**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# डीएम ने मजिस्ट्रेट नोडल अधिकारियों की गोष्ठी ली

## टीजीटी परीक्षा सफल कराने को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी टीजीटी परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला.धिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर द्वारा जिला पंचायत सभागार में सैक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों व नोडल अधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अवगत कराना है जनपद मुजफ्फरनगर में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा 03 व 04 जून को प्रतिदिन 02 पालियों में होनी प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा को जनपद में निर्विघ्न, सकुशल व नकलविहीन सम्पन्न कराने के उद्देश्य से 30 मई को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा जिला पंचायत सभागार में सैक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों व नोडल अधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण, परीक्षा केन्द्रों के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, जोनल/सैक्टर मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।

गोष्ठी के दौरान अधिकारीगण द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों, स्ट्रांग रूम, बायोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग इत्यादि जमा करने की समुचित व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही अधिकारीगण द्वारा स्ट्रांग रूम की तथा परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ रखने हेतु व्यापक प्रबन्ध करने के लिये भी सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आज की बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने परीक्षा को लेकर पूरी तैयारियां कर ली है।

# हाईवे पर कार ट्रक से भिड़ी

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली देहरादून हाईवे के छपार क्षेत्र में अवरटेक कर रही कार ट्रक से टकरा गई जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई इस कार में महंत बरला से दिल्ली की ओर जा रहे थे। घटना के समय कोई घायल तो नहीं हुआ, लेकिन वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस दोनो को बातचीत के लिए चौकी ले गई।

शनिवार की दोपहर दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे के छपार क्षेत्र में ट्रक और कार की जबरदस्त भिडंत में दोनो वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हालांकि इस दौरान सवारी के चोटे आई, लेकिन हादसे का कारण कार ट्रक को ओवरटेक करना बताया जा रहा है। कार ट्रक के पीछे चल रही थी और ओवरटेक करते समय कार की खिडकी अचानक ही ट्रक से टकरा गई।

नोटिस प्रकाशन सूचना

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर**

अपील संख्या 558228/2022

धारा 331 उ0प्र0 र ज0वि0 भू0 व्य0 ग्राम गालिबपुर परगना तहसील खतौली जिला मुजफफरनगर।

चन्द्रपाल आदि **बनाम** ताराचन्द आदि

**नोटिस बनाम**

1-चन्द्रपाल, 2- अखिलेश पुत्रगण स्व0 अतर सिंह निवासीगण ग्राम खोखनी परगना व तहसील खतौली जिला मुजफफरनग...**अपीलार्थीगण**

प्रस्तुत अपील चन्द्रपाल आदि पुत्र स्व0 अतर सिंह निवासीगण ग्राम खोखनी परगना व तहसील खतौली जिला मुजफफरनगर की ओर से 1-ताराचन्द, 2-सीताराम, 3- सन्तु दास पुत्रगण निर्मल, 4-सीटू, 5- सतकुमार, पुत्रगण दयाराम, 6-श्रीमती संतोष पत्नी दयाराम, 7-अशोक कुमार पुत्र दयाराम निवासीगण ग्राम गालिबपुर परगना व तहसील खतौली जिला मुजफफरनगर, 8- बल्लू, 9- दीपक कुमार पुत्रगण छोटे लाल, 10- श्रीमती गोमती देवी पत्नी छोटे लाल निवासीगण ग्राम अहमदगढ मजरा फहीमपुर खुर्द परगना तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर, 11- ग्राम सभा गालिबपुर द्वारा प्रधान गालिबपुर परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर, 12-सरकार उ0प्र0 द्वारा जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को पक्षकार बनाते हुए उप जिलाधिकारी खतौली द्वारा वाद संख्या 00541/21 कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202109550600541 चन्द्रपाल बनाम ताराचन्द आदि, अन्तर्गत धारा 229 बी उ0प्र0 ज0 वि0 अधिनियम में पारित आदेश दिनांक 30.12.2021 के विरुद्ध अपील योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में गजट प्रकाशन की प्रति दाखिल करने हेतु दिनांक 15.06.2026 नियत है।

अतः इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 15.06.2026 को प्रातः 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील की पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

दिनांक 29.05.2026

**आज्ञा से:- अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत डॉ0 शौकी अहमद पुत्र श्री रम्पल खान, श्रीमती रफत जहाँ पत्नी डॉ0 शौकी अहमद, श्री मुनीश अहमद पुत्र डॉ0 शौकी अहमद, निवासी म0नं0-523/6, लद्धावाला, तहसील-सदर, जिला-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के द्वारा ऑनलाईन शमन मानचित्र सं0-MZDA/BP/COMP/25-26/0342 के द्वारा अपनी भूमि म0नं0-306, 307 व 308, मौहल्ला-गऊशाला, तहसील-सदर, जिला-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के कुल क्षेत्रफल 295.04 वर्गमी0(कुल नेट क्षेत्रफल 284.06 वर्गमी0) पर "विद्यमान क्लीनिक एवं डायग्नोस्टिक सेन्टर भवन" के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल म0नं0-306, 307 व 308, मौहल्ला-गऊशाला, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031(पुनरीक्षित) के अनुसार 25 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोड़ने के उपरान्त 15 मीटर की गहराई तक बाजार स्ट्रीट के उपरान्त "निर्मित क्षेत्र" भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15(आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2(मैट्रिक्स) के 5.6 के अनुसार "निर्मित क्षेत्र" भू-उपयोग के अन्तर्गत "क्लीनिक" की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग(भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेंगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल(mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

# "स्मार्ट नगर पंचायत चरथावल में आपका स्वागत है"

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** कस्बा चरथावल के समस्त लोगों के लिए चरथावल नगर पंचायत की और से एक बहुत बड़ी खुशखबरी है। जिसमें नगर पंचायत द्वारा जल्द ही कस्बे के कुछ प्रमुख स्थानों पर फी वाईफाई की सुविधा भी दी जाएगी। इस दिशा में काम भी शुरू हो गया है। फिलहाल कस्बे मे इस दिशा मे काम लगाया जा चुका है और इसका ट्रायल भी सफल रहा। अब जल्दी ही हाइस्पीड इंटरनेट के साथ ही यह सेवा विधिवत रूप से शुरू कर दी जाएगी। वाई-फाई शुरु करने का असली मकसद जरुरतमंद लोगों को आवश्यक कार्यो के लिए मुफ् में बच्चों को पढ़ाई के लिए नोट्स और वीडियो आदि डाउनलोड करने की जरूरत होती है।नगर पंचायत मे विकास की गंगा बहती नजर आ रही हे नगर मे हो रही सफाई व्यवस्था से नगर की गलिया घर के आँगन की तरह चमक रही हे वही कस्बे मे हो रहे भरपूर विकास की सराहना विरोधी भी करते नजर आ रहे हे और यह कहते नजर आ रहे हे की बिना भेदभाव के जमकर नगर का विकास हो रहा हे

**टेक्स वसूली कर बनाया रिकार्ड:** नगर पंचायत चेयरमेन मास्टर इस्लाम द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान नगरवासियो से टेक्स की भरपूर वसूली कर कर रिकार्ड कायम किया हे और ज्यादा से ज्यादा टेक्स की वसूली होने से नगर पंचायतवासियो को अधिक से अधिक सुविधा मिलेगी और नगर पंचायत मे विकास की गंगा बहेगी

**तीन वर्ष में चेयरमेन ने कस्बे का किया खूब विकास, तीन वर्ष बन रहे बेमिशाल:** चरथावल नगर पंचायत चेयरमेन द्वारा 26 मई 2023 को नगर पंचायत अध्यक्ष मास्टर इस्लाम द्वारा चरथावल की चेयरमेनी की शपथ ली गयी थी जिसके बाद से नगर मे विकास की गंगा बह रही हे चेयरमेन मास्टर इस्लाम की विकास और सेवा करने की कार्यशैली शुरू से ही रही हे आम चर्चा यह हे की चेयरमेन मास्टर इस्लाम को अगर कोई रात के बारह बजे भी अपने काम ले जाता हे तो वह अपनी नींद छोड़कर उस व्यक्ति के काम जाना पहले पसंद करते हे तभी तो उन्होंने इन तीन वर्षों में कस्बे को एक नये आयाम पर पहुंच. ाने का काम किया। अब फी वाईफाई इंटरनेट का मजबूत नेटवर्क के अलावा इससे पहले रोशनी में जगमग सड़कें। हर अहम मोड़ की निगरानी में लगे सीसीटीवी कैमरे। तय शेडयूल से निर्बाध जल आपूर्ति। हम किसी महानगर या शहर की बात नहीं कर रहे हैं यह सब सुविधाएं जिला मुजफ्फरनगर की चरथावल नगर पंचायत में हैं। बेहतर सोच और कुछ कर दिखाने के जज्बे का यह एक अच्छा उदाहरण है।

खास बात यह है कि मौहल्लों में सड़कों में लगने वाली टाइल्स में भी विशेष रंगों का इस्तेमाल किया गया है। वजह चरथावल कस्बे की सूरत बेहतर लगे और लोगों को कुछ अलग होने का अहसास हो। ईओ राजीव कुमार का भी इसमें विशेष योगदान हे और वह भी भरपूर विकास चाहते हे

**सीसीटीवी कैमरे अपराध भी रोक रहे:** चेयरमेन प्रतिनिधि पूर्व सभासद भूरा आढ़ती काला मेंबर, फुरकान अध्यक्ष, वाहब त्यागी ने बताया की कस्बे के लगभग सब प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इससे अपराध घटा है। कई बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद इन कैमरों में कैद होने के कारण पकड़े गए और कुछ कैमरे लगे होने के कारण अपराध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। और केमरो की मदद से अनेको घटनाओ की सच्चाई का पता लग पाया हे

नगर से बाहर निकलने वाला प्रमुख रास्ता जो जयहिंद इंटर कालिज के सामने थानाभवन मुख्य मार्ग पर निकलता था उसकी जो पुलिया थी उसमे नगर के बड़े हिस्से का पानी निकलता था, पुलिया निचे होने के कारण राजीव मार्किट सहित पुरे वार्ड मे पानी निकासी की समस्या थी जोकि चेयरमेन मास्टर इस्लाम द्वारा नयी पुलिया का निर्माण कर नगरवासियो को जलभराव की समस्या से निजात दिलाई जिसकी सभी नगरवासी बड़ी सराहना कर रहे है।

# धूमधाम से मनी होल्कर की 301वीं जयंती

**सपा शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र पाल ने किया कार्यक्रम**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वीं जयंती शनिवार को बुढ़ाना कस्बे के शंकर पैलेस में श्रद्धा और गौरव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येंद्र पाल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे श्री शिव मंदिर पाल धर्मशाला में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पूजन से हुई। फिर मुख्य मार्गों पर ढोल नगाड़ों और मिनी डीजे की धुन पर जूलूस निकला। फिर शंकर पैलेस में विचार गोष्ठी हुई। जिसमें वक्ताओं ने राजमाता अहिल्याबाई के जीवन, उनके लोक कल्याणकारी कार्यो और महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर को 18वीं सदी की आदर्श शासिका और लो. कमाता के रूप में याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए मंदिरों, घाटों, धर्मशालाओं व सड़कों का निर्माण कराया। उनका शासन नारी शक्ति का प्रतीक है और आज भी प्रेरणा देता है। यहां पर पाल समाज के तमाम सम्मानित लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संगोष्ठी का समापन सायं 4 बजे हुआ। आयोजक डॉक्टर सत्येंद्र पाल ने सभी उपस्थितजनों का आभार जताते हुए कहा कि राजमाता अहिल्याबाई के आदर्शों को अपनाकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। यहां अंत. रराष्ट्रीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय संयोजक भंते अनिरुद्ध बोधि,छ मीरापुर विधायक के पति अमरनाथ पाल, बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा के पुत्र अभिनव त्यागी एडवोकेट, कश्यप समाज बुढ़ाना क्षेत्र की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप, राक. ेश पाल, कल्लू पाल, विनोद पाल, शंकर पाल, रविंद्र पाल, पिंटू पाल, संजीव पाल, रीतिक पाल, सुनील पाल, विकास पाल, नरेंद्र पाल, तेजेंद्र पाल, राजेंद्र पाल, सहीराम पाल, रोशन पाल, सुरेश पाल, सपा प्रदेश सचिव विनय पाल, रालोद प्रदेश सचिव रामनिवास पाल, रालोद नेता हरेंद्र पाल, सपा नेता विक्रम पाल, विनोद प्रधान, मनोज पाल, मोनू पाल, विशाल पाल, तरुण पाल, पुष्पांकर पाल, पूर्व चौयरमेन सत्यपाल पाल, सपा जिला सचिव रामपाल, अनुज पाल, धनपाल, जयवीर पाल, जोनी पाल, शाहपुर नगर पंचायत के सभासद सतीश पाल, अरविंद पाल शाहपुर, धर्मवीर सैनपुर, आदित्य पाल, पप्पू पाल, रमेश लुहसाना, शुभम बवाना, गांव बुआना के प्रधान अजमेर सिंह, अनंगपाल बुआना, विनीत उमरपुर, रविंद्र उमरपुर, आचार्य सुभाष पाल, अनुराग पाल, मिंटू पाल सागडी, सत्यपाल खुब्बापुर सहित हजारों लोग मौजूद रहे। कुल मिलाकर डाक्टर सत्येंद्र पाल के इस कार्यक्रम में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। सबने लंच का आनंद लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस से मुंहजोरी करने पर दो का चालान

**छपार।** पुलिस से बहस व अभद्रता करने वाले दो आरोपियों का पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर कोर्ट में पेश किया है। गांव छपार निवासी जितेन्द्र पाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पेश होकर अपने छोटे भाई जितेश पर हत्या की आशंका जताते हुए शिकायत की थी।जिसकी छपार पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को जांच के लिए पुलिस पुलिस चौकी पर बुलाया। आरोपी जितेश अपनी मां प्रितमो व एक साथी नितिश के साथ पहुंचा वहां पर उसकी मां कुर्सी पर पैर रखकर बैठ गई।पुलिस कर्मी सोहनबीर ने पैर नीचे करके बैठने को कहा तो जितेश सिपाही के साथ बहस करने लगा और अभद्रता की जिस पर पुलिस तीनों को थाने ले आई और महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दोनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर शनिवार को एसडीएम सदर की कोर्ट में पेश किया गया है। सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा ने बताया कि आरोपियों का चालान किया गया है ओर पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर जो भी तथ्य निकाल कर सामने आएंगे उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### गोकशों के विरुद्ध बुढ़ाना पुलिस की कार्रवाई

**बुढ़ाना।** पुलिस ने अंतर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय गोकशी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर युसूफ पुत्र साबुद्दीन सहित 5 आरोपियों पर उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरोह के सदस्य गोकशी कर अवशेष नदी में फेंकने और पुलिस टीम पर फायरिंग करने जैसे कई संगीन अपराधों में लिप्त थे। पुलिस के अनुसार बीते वर्ष 16 मार्च को फरयमुद्दीन पुत्र जबरुद्दीन निवासी पीरशाह विलायत कस्बा बुढ़ाना की तहरीर पर गोकशी कर अवशेष नदी में फेंकने के संबंध में बुढ़ाना कोतवाली में गौवध निवारण अधिनियम में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। बीते वर्ष 21 मार्च को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम जब घटनास्थल पर पहुंची तो गिरोह के सदस्यों ने पुलिस पार्टी पर हत्या की नीयत से फायरिंग कर दी थी। इस जवाबी कार्रवाई में पुलिस की फायरिंग से गुलफाम उर्फ गुलफान व नौशाद घायल हो गए थे जबकि परवेज को कॉम्बिंग के दौरान पकड लिया गया था। मतलूब और गिरोह लीडर युसूफ मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचे, खोखे, कारतूस, रस्सी, बछड़ा, गाडी व गौकशी के उपकरण बरामद किए थे। तब इस मामले में बुढ़ाना कोतवाली में मतलूब, युसूफ, परवेज, गुलफाम और नौशाद के खिलाफ मुकदमा पंजीख़्त किया गया था। पुलिस अब फरार आरोपियों मतलूब और युसूफ की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### दहेज में फॉर्च्यूनर व 20 लाख रुपये की मांग

**बुढ़ाना।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान नवविवाहिता ने पति समेत 5 ससुरालियों के विरुद्ध बुढ़ाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि शादी के 2 दिन बाद से ही ससुरालिये फॉर्च्यूनर कार व 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। नही देने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला कस्साबान निवासी फिरदौस पुत्री अब्दुल अजीज की शादी इसी वर्ष बीती 07 फरवरी को ग्राम लोई निवासी शादाब पुत्र मेहरबान प्रधान से हुई थी। फिरदौस की शादी में परिजनों ने 40 लाख रुपये खर्च किए लेकिन शादी के 02 दिन बाद ही पति, सास वकीला व ननद समर ने उससे अतिरिक्त दहेज में 20 लाख रुपये व फॉर्च्यूनर कार मांगते हुए गाली गलौज कर खूब मारपीट की। अगले दिन पति उसे मायके छोड़ गया। कुछ दिन बाद ससुर फिरदौस को ससुराल ले गया मगर दहेज मांगने व टॉर्चर करने का सिलसिला फिर शुरु हो गया। मना करने पर फिर पिटाई कर दोबारा मायके छोड़ा गया। बीते 21 मई को पति, ससुर, सास, जेठ महताब और सनव्वर फिरदौस के भाई नसीम की दुकान पर गये और उसे ससुराल ले जाने की बात कही तो नसीम उन्हें घर ले आया और नाश्ता लेने बाजार में चला गया तो फिर ससुरालियों ने फिरदौस के साथ जमकर मारपीट की। गला दबाने को दुपटा डाला गया तो उसके कपड़े फट गए और गंभीर चोटें भी आई। अब बुढ़ाना पुलिस ने सबके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पत्रकारों ने मनाया पत्रकारिता दिवस

**चरथावल।** डेरे वाली मस्जिद के पास पत्रकारो के कार्यालय पर हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया गया इस अवसर पर पत्रकारों ने एक दूसरे को पत्रकारिता दिवस के मोके पर हिन्दी पत्रकारिता दिवस के बारे मे जानकारी देते हुए पत्रकारिता के बारे मे बहुत ही महत्वपूर्ण ढंग से जानकारी दी और बताया की कैसे निष्पक्ष पत्रकारिता करके पीड़ित को इंसाफ दिलाया जा सकता हे और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता के बिना लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती हे और सभी पत्रकारों को निष्पक्ष पत्रकारिता करनी चाहिए इस दौरान सादिक त्यागी, असलम त्यागी, सय्यद सलमान, आलम त्यागी, मोईन त्यागी सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

### रामराज पुलिस को मिली सफलता

**रामराज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत राम. राज पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

रामराज थानाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिरोही द्वारा बताया गया कि 29 मई 2026 को थाना रामराज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अक्षय पुत्र हरजिंदर की टड्बवेल के पास दबिश देकर एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.896 किला. ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाकर अली पुत्र मौ. जमीर निवासी ग्राम तिगरी, थाना नई मंडी, जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। बरामदगी के आधार पर थाना रामराज में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

### शिविर में 245 मरीजों का परीक्षण

**मीरापुर।** ग्राम भुम्मा में भाजपा नेता एवं पूर्व प्रधान कपिल चौधरी के नेतृत्व में एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

# किसानों के मुद्दों पर गरजी भाकियू, प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी

## सम्मान निधि, बिजली विभाग व जर्जर सड़कों की समस्याएं उठाई

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने किसानों की लंबित समस्याओं को लेकर मंगलवार को तहसील प्रांगण में आयोजित बैठक में प्रशासन के समक्ष कड़ा रुख अपनाया। संगठन के पदाधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि किसानों से जुड़े मामलों का समयब) समाधान नहीं किया गया तो भाकियू तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने से पीछे नहीं हटेगी।

तहसील प्रांगण में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक में भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह चौहान और तहसील अध्यक्ष ललित त्यागी ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि अंश निर्धारण से जुड़े अनेक मामले लंबे समय से लंबित पड़े हैं, जिससे किसानों को भूमि संबंधी कार्यों और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इन मामलों के शीघ्र निस्तारण की मांग की।

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। किसान नेताओं ने कहा कि तकनीकी खामियों और अभिलेखीय त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में पात्र किसान योजना की किस्तों से वंचित हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से ऐसे किसानों की पहचान कर जल्द राहत दिलाने की मांग की। भाकियू पदाधिकारियों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पर्याप्त सूचना के की जा रही छापेमारी से किसानों में भय और असंतोष का माहौल है। उन्होंने विभागीय कार्रवाई को पारदर्शी बनाने और किसानों के कथित उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग की।

जल निगम द्वारा विकास कार्यों के दौरान खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने का मामला भी बैठक में जोरदार ढंग से उठाया गया। नेताओं ने कहा कि कई गांवों और संपर्क मार्गों की सड़कें लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। बरसात से पहले इन मार्गों की मरम्मत कराना आवश्यक है। रायपुर नंगली गांव में हाईटेंशन लाइन के नीचे रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई गई। भाकियू नेताओं ने एचटी लाइन पर सुरक्षा कवच लगाने की मांग करते हुए कहा कि दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है और इस संबंध में पूर्व में दिए गए शिकायत पत्रों पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।बैठक में मौजूद अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने और प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का अश्वासन दिया। हालांकि भाकियू नेताओं ने स्पष्ट कर दिया कि यदि तय समय सीमा में समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाएगा और प्रशासन को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बैठक में भाकियू के एनसीआर महामंत्री सचिन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रणधोल राठी, प्रमोद अहलावत, संजीव राठी, आशुतोष प्रधान, विकास पाल, आशू प्रधान, परवेज प्रधान, नितिन कुमार, भारतवीर आर्य, मुजम्मिल राणा, सागर बोपाड़ा, मनोज खानपुर, नीटू त्यागी, अफलातून, अन्नू शर्मा समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। वहीं तहसीलदार, नायब तहस. ीलदार, एसडीओ ग्रामीण, एसडीओ कस्बा, कानूनगो और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

# तीन बच्चों की मां प्रेमी संग फरार, 40 हजार रुपये ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के सराय गेट क्षेत्र से तीन बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर फरार हो गई। मामले में महिला के पति ने थाना मीरापुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

सराय गेट निवासी एक महिला का पड़ोस में रहने वाले एक युवक के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि 29 मई को महिला अपने प्रेमी के साथ घर से चली गई। पति का कहना है कि महिला जाते समय घर में रखी करीब 40 हजार रुपये की नकदी भी साथ ले गई। पीड़ित पति ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कुछ समय पूर्व उसने एक लोन पास कराया था, जिसके 40 हजार रुपये घर में रखे हुए थे। महिला के अचानक गायब होने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। बाद में पड़ोस के युवक के भी घर से गायब होने पर दोनों के साथ चले जाने की आशंका और प्रबल हो गई। थाना मीरापुर पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है तथा मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सिपाही के घर में घुसकर हुई मारपीट और लूट

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने अपनी पुत्रवधू, उसके मायके पक्ष के लोगों व गांव के अन्य लोगों के विरुद्ध बुढाना पुलिस को तहरीर दी है।

गांव सफीपुर पट्टी निवासी सतवीर सिंह का पुत्र अंकित यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर सीतापुर जिले में तैनात है। सतवीर के पुत्र अंकित की शादी 3 वर्ष पूर्व बागपत जिले के गांव शाहपुर बड़ौली निवासी जय कुमार की पुत्री वर्षा से हुई थी। दंपति के 2 बच्चे हैं।

अंकित इन दिनों छुट्टी पर घर आया हुआ है। अंकित ने अपनी पत्नी वर्षा को उसके प्रेमी संग बात करते हुए पकड़ लिया। तब दोनों में कहासुनी हुई।

वर्षा ने अपने पिता को फोन किया। बीते 24 मार्च को जय कुमार अन्य 2 लोगों संग घर आया और अपनी बेटी की गलती न मानते हुए उल्टे सतवीर, उनके पुत्र अंकित व परिवार के सदस्यों को गाली गलौज कर हत्या की धमकी, वर्दी उतरवाने व नौकरी छुड़वाने की धमकी दी। उस दिन वर्षा अपने पिता संग 2 बैग ले गई जिनमें 4 लाख के गहने, ढाई लाख रुपये व कुछ सामान था। अगले दिन जय कुमार, उसकी पत्नी, बेटा, चाचा, फूफा, मौसी, मामा व गांव के अन्य लोग लाठी डंडे लेकर सतवीर के घर पहुंचे और सतवीर, उनकी पत्नी, पुत्र अंकित पर हत्या की नीयत से हमला कर गाली गलौज कर मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाई।

हमलावर वर्षा को भी अपने साथ ले गए। पुत्र वधू वर्षा भी अक्सर कहती है कि पूरी सैलरी उसे दो नहीं तो दहेज केस में फंसा दूंगी और नौकरी छुड़वा दूंगी। बुढ़ाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सच्चाई क्या है अब यह पुलिस जांच का विषय है।

# बिजली कटौती की मार तो ऊपर से महंगा बिल

**सरकार ने तोड़ी जनता की कमर: प्रमोद त्यागी**

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती और अब बिजली बिलों में 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज बढ़ोतरी को लेकर सपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता पर महंगाई का नया बोझ डाल रही है।

शनिवार को जारी बयान में प्रमोद त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव हों या शहर, घंटों बिजली गायब रहती है। किसानों को सिंचाई में दिक्कत, व्यापारियों को कारोबार में नुकसान, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित और आम उपभोक्ता बेहाल हैं।

उन्होने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि जब सरकार जनता को पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रही है तब बिजली दरों में बढ़ोतरी करना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। क्या सरकार के भीतर कोई नैतिकता बची है? हकीकत तो यह है कि फ्यूल सरचार्ज के नाम पर उपभोक्ताओं से अतिरिक्त वसूली कर सरकार अपनी नाकामी का बोझ जनता पर डाल रही है। उन्होने लगाए गए चार्ज को वापस लेने की मांग की कहा कि ऊपर से 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाकर सरकार ने साबित कर दिया कि उसे आम आदमी की जेब की कोई चिंता नहीं है।

# पुलिस, पत्रकार व जनता के समन्वय से ही मजबूत होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में सनातन राष्ट्रीय प्रहरी ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित दीपक कृष्णात्रेय के संयोजन में लोकतंत्र के दो स्तंभ : पुलिस प्रशासन और मीडिया' विषय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर आईपीएस संजय कुमार वर्मा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए पुलिस प्रशासन, मीडिया और आम जनता के बीच सकारात्मक, पारदर्शी और विश्वासपूर्ण समन्वय आवश्यक है। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने जनजागरण, सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारिता प्रशासन और जनता के बीच मजबूत सेतु का कार्य करती है। विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया सेंटर मुजफ्फरनगर के महासचिव अनुज मुद्गल, क्षेत्राधिकारी जानसठ ऋषिका सिंह, प्रभारी निरीक्षक मीरापुर राजीव शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी रोहित बंसल, एडवोकेट दीपक चौधरी, सरदार मेजर सिंह तथा मीडिया सेंटर मीरापुर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शर्मा शामिल रहे।इस अवसर पर आयोजक पं. दीपक कृष्णात्रेय, अरविंद तोमर, अंकुर पहलवान, शिवकुमार प्रजापति एवं शुभम चौधरी ने संयुक्त रूप से एसएसपी संजय कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी ;षिका सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पं. दीपक कृष्णात्रेय के आवास पर पहुंचकर पारिवारिक भेंट की कार्यक्रम में बीके अनमोल, पं. कीर्तिभूषण शर्मा, ब्रजभूषण अग्रवाल, मीडिया सेंटर मीरापुर के अध्यक्ष वासुदेव वत्स, आस मोहम्मद कैफ, संजय कुमार शर्मा, आफताब आलम, कोमल कुमार, जोगेन्द्र चौधरी, जावेद जामिया, नईम चौधरी, प्रतीक वत्स, शिवम वत्स, अंकुर पहलवान, रईस आजम, हाजी महबूब, एडवोकेट सुधीर शर्मा, मनोज मदान, राजेन्द्र रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** भारतीय पत्रकार संघ के तत्वावधान में शनिवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस बड़े उत्साह, गरिमा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पत्रकारों ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए समाज के प्रति पत्रकारिता की जिम्मेदारियों और लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 30 मई को पूरे देश में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1826 में भारत के प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' (उगता हुआ सूरज) का प्रकाशन महान पत्रकार एवं साहित्यकार पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा तत्कालीन कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) से किया गया था। निष्पक्ष, निर्भीक और तथ्यपरक पत्रकारिता ही लोकतंत्र की वास्तविक ताकत है।

**जानसठ।** राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मीडिया सेंटर जानसठ के अध्यक्ष के आवास पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक पत्रकारों, बुद्धिजीवियों एवं सामा. जिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर हिंदी पत्रकारिता के महत्व पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हिंदी पत्रका. रिता ने देश में जनजागरण, सामा. जिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और समाज तथा प्रशासन के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।कार्यक्रम का समापन हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने तथा समाजहित में निष्पक्ष पत्रकारिता के संकल्प के साथ किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प भी दोहराया।इस दौरान मुख्य रूप संरक्षक अज़ादार जैदी अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश शर्मा महासर्. चव मौहम्मद अहसान आसिफ अली डॉक्टर साजिद ईमान अली गौरेश सैनी राजकुमार सैनी मास्टर साजिद राजू धीमान मौजूद रहे।

# ईद पर गड्ढा खोदकर चुराई कुर्बानी की खाल, दो गिरफ्तार

**पिता-पुत्र सहित तीन के विरुद्ध मामला दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव किशनपुर में ईद उल जुहा पर कुर्बानी के पशुओं की खाल को गड्ढे से निकालकर चोरी से बेचने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीण ने गांव के ही पिता पुत्र व एक अन्य के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी मोहसीन आलम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बकरीद पर उसके परिवार वालो ने पशुओं की कुर्बानी की थी। कुर्बानी के बाद करीब तीस खाल व अन्य अवशेष को उन्होंने एक प्लाट में खुदवाए गए गड्ढे में दफना दिया था। मोहसिन का आरोप है कि गांव के ही जुनेद और उसके पुत्र दानिश और तिस्सा निवासी लईक अहमद द्वारा उसके द्वारा खुदवाए गए गड्ढे को पुन: खुलवाकर लगभग 30 पशुओं की खाल निकलवा ली और उन्हें बेच दिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित पक्ष में रोष व्याप्त हो गया। पीड़ित आरो. पियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की जिस पर संज्ञान लेते हुए। पुलिस ने जुनैद, दानिश निवासी किशनपुर व लईक अहमद निवासी तिस्सा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तथा शनिवार को पुलिस ने जुनैद व लईक अहमद को गिरफ्तार कर एक प्लास्टिक का ड्रम बरामद करते हुए जेल भेज दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खाद की उपलब्धता का कराया जाए क्रॉस वेरिफिकेशनःडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम ने जनपद में उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा कर सभी समितियो/संस्थाओ पर पर्याप्त उपलब्धता के निर्देश तथा फिजिकल स्टॉक का क्रॉस वेरिफिकेशन कराये जाने तथा अधिक मात्रा में उर्वरक क्रय करने वाले कृषको के जोत का रेण्डम आधार पर सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिए।



शनिवार को जिलाधिकारी आलोक यादव ने जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को किसानों को उनकी जोत के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिक. ारी, एआर कोऑपरेटिव, पीसीएफ, इफको तथा जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिक. ारी ने समितियों और उर्वरक वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध रखने तथा वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी एवं एआर कोऑपरेटिव को वरिष्ठ गन्ना निरीक्षकों के माध्यम से तहसील स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही अधिक मात्रा में उर्वरक खरी. दने वाले किसानों की जोत का रैंडम आधार पर सत्यापन कराने तथा विभिन्न संस्थाओं के स्टॉक एवं वितरण रजिस्टरों की भी आकस्मिक जांच के निर्देश दिए। डीएम ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को बिक्री पर अनिवार्य रूप से कैश मेमो देने, पीओएस मशीन के माध्यम से बिक्री दर्ज करने, स्टॉक रजिस्टर अपडेट रखने तथा ओवररेटिंग और टैगिंग जैसी अनियमितताओं से बचने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा में बताया गया कि जनपद में वर्तमान में 8745 मीट्रिक टन यूरिया और 1587 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है।

बफर गोदाम जसाला में भी पर्याप्त भंडारण मौजूद है। जिला. धिकारी ने किसानों से अपील की कि वे आवश्यकता से अधिक उर्वरक की खरीद और भंडारण न करें, क्योंकि खरीफ अभियान के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

# मंडलीय उद्योग बंधुओं की बैठक में शामली के उद्यमियों ने उठाए मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को मंडलीय उद्योग बंधु की वर्चुअल बैठक सहारनपुर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें मंडल के तीनों जनपदों के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जनपद शामली के उद्योगों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की गई।

बैठक में शामली के सहारनपुर तिराहे से कैराना बाईपास तक सड़क चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण कार्य का मुद्दा प्रमुखता से रखा गया। बताया गया कि यह परियोजना काफी समय पहले स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश निर्माण निगम द्वारा लगभग 2 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य को भी शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की गई। इसके अलावा नए जिला उद्योग केंद्र कार्यालय में आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति कर उसे पूर्ण रूप से संचालित करने की मांग की। उद्यमियों को जीएसटी रिफंड प्राप्त करने में आ रही समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि मंडलीय एवं जिला उद्योग बंधु की बैठकों में लगातार मामला उठाए जाने के बाद जीएसटी विभाग द्वारा रिफंड प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। फिर भी यदि किसी उद्यमी को रिफंड संबंधी कोई समस्या है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक के दौरान सहारनपुर आयुक्त ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## मिशन शक्ति 5.2 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.2 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना थानाभवन पुलिस द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के आद. ेशानुसार थाना थानाभवन के नेतृत्व में चलाया गया।अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल पूनम एवं महिला कांस्टेबल मोनिका ने कस्बा थानाभवन में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य दंड से अधिक न्याय व्यवस्था को मजबूत करना तथा महिलाओं को अधिक सुरक्षा और अधिकार प्रदान करना है। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# भाविप का अधिष्ठापन व दायित्व बोध समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत विकास परिषद, शामली अमृत शाखा के चतुर्थ अधिष्ठापन एवं दायित्व बोध समारोह का भव्य आयोजन कैराना रोड स्थित वेंकट हॉल में किया गया। समारोह में वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई तथा समाज सेवा के नए संकल्पों के साथ दायित्व ग्रहण कराया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुराग दुबलिश, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं हस्तिनापुर प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव, विशिष्ट अतिथि संजय संगल, प्रवीण गुप्ता, आशा जैन, डॉ. अजय चौधरी तथा संस्थापक श्रीपाल गोयल ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्जुन वर्मा एवं डॉ. नीरज वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया। दायित्व बोध अधिकारी एवं प्रांतीय महासचिव मुकेश चंद्र गुप्ता ने वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष गौरव गोयल, सचिव एडवोकेट अंकित गुप्ता, वित्त सचिव अभिषेक कुच्छल, महिला सहभागिता प्रमुख सपना चौधरी सहित नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही नव सदस्य एडवोकेट निर्भय सिंगल, अपार गौरव, एडवोकेट मयंक गोयल, शिवम जिंदल, अमित गोयल, प्रियांशु सिंगल, विनय गोयल एवं शुभम गर्ग को भी संगठन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। समारोह में अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। साथ ही जिला अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, जिला महिला सहभागिता प्रमुख मानसी गोयल को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान संरक्षक अजय संगल, अंकित गोयल, सुरेंद्र बंसल, अनुज गर्ग मौजूद रहे।

# 14 साल से अधूरा पड़ा बारात घर अब होगा पूरा, डीएम के आदेश के बाद शुरू हुई प्रक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बा जलालाबाद में पिछले लगभग 14 वर्षों से अधूरा पड़ा बारात घर निर्माण कार्य अब पूरा होने की उम्मीद जगी है। जिलाधिकारी शामली आलोक यादव के निर्देश के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने निर्माण कार्य को पूरा कराने की प्रक्रिया तेज कर दी है।शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक, अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा,अवर अभियंता (सिविल) योगेश काम्बोज तथा नगर पंचायत टीम ने अधूरे बारात घर का स्थलीय निरीक्षण कर शेष कार्यों का स्टीमेट तैयार किया।बताया जाता है कि जलालाबाद बाईपास मार्ग पर करीब 14 वर्ष पहले बारात घर की आधारशिला रखी गई थी।लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका और भवन वर्षों से उपयोग के इंतजार में खड़ा है।



इस दौरान कई जनप्रति. निधियों के कार्यकाल बीत गए लेकिन नगरवासियों को अब तक इसका लाभ नहीं मिल पाया,हाल ही में जिलाधिकारी आलोक यादव ने नगर पंचायत जलालाबाद के निरीक्षण के दौरान बारात घर की स्थिति की जानकारी ली थी और अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए थे।इसके बाद नगर पंचायत प्रशासन सक्रिय हुआ और निर्माण कार्य शुरू कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई,स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारात घर बनने से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित करने में सुविधा मिलेगी।वर्तमान में लोगों को निजी मैरिज हॉल पर निर्भर रहना पड़ता है,जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। नगरवासियों ने मांग की है कि वर्षों से लंबित इस परियोजना को जल्द पूरा कर जनता को समर्पित किया जाए।

लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद भवन का उपयोग न हो पाना चिंता का विषय है और इसकी तकनीकी खामियों को दूर कर जनता को सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक और अधिशासी अधिकारी जयवीर शर्मा ने बताया कि कुछ तकनीकी कारणों से निर्माण कार्य लंबे समय तक रुका रहा,लेकिन अब जिलाधिकारी के संज्ञान लेने के बाद प्रक्रिया तेज कर दी गई है। तकनीकी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य पूरा कर बारात घर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

# ट्रक चोरी कांड का हुआ खुलासा, हरियाणा का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। थाना थानाभवन पुलिस ने 12 टायरा ट्रक चोरी के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को चोरी हुए ट्रक की खरीद-फरोख्त से जुड़े अहम सुराग मिले हैं जिससे पूरे गिरोह की परतें खुलने लगी हैं। पुलिस निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ग्राम मसावी निवासी नासिर पुत्र शान मोहम्मद की तहरीर पर अज्ञात चोरों द्वारा 12 टायरा ट्रक चोरी किए जाने के मामले में 19 मार्च 2026 को थाना थानाभवन में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही थी।इसी क्रम में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने तौफीक पुत्र आजम खां निवासी धौज, जनपद फरीदाबाद (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि चोरी किया गया डंपर (यूके-07 सीडी 3986) आरिफ उर्फ मंगाड़ी निवासी नूंह (हरियाणा) द्वारा थानाभवन क्षेत्र से चोरी किया गया था। बाद में उसने यह वाहन इमराना नामक महिला के माध्यम से आरिफ से करीब साढ़े पांच लाख रुपये में खरीदा और फिर रफीक उर्फ रफी निवासी नूंह को 5 लाख 90 हजार रुपये में बेच दिया।पुलिस के अनुसार मामले में पहले भी एक महिला आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। तौफीक के खिलाफ संबंधित धाराओं में वैधानिक कार्रवाई कर उसे जेल भेजा जा रहा है। वहीं पुलिस अब इस चोरी के नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल गौरव देशवाल, हेड कांस्टेबल शहनवाज तथा हेड कांस्टेबल नितेंद्र कुमार शामिल रहे।

# डीजल कालाबाजारी करने वाले चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/कांधला।** थाना कांधला पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम और जिला पूर्ति विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ (डीजल) की चोरी और कालाबा. जारी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 1350 लीटर अपमिश्रित डीजल, एक पिकअप वाहन तथा तेल के परिवहन व भंडारण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं।




शनिवार को पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गुरुवार देर रात नकली डीजल बनाने वालों पर कांधला पुलिस द्वारा कार्यवाही गई। जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव को सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की पिकअप गाड़ी में अवैध रूप से डीजल और पेट्रोल की कालाबा. जारी की जा रही है। सूचना के आधार पर थाना कांधला पुलिस, एसओजी टीम और जिला पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने कैराना-कांधला मार्ग स्थित जिडाना पुलिया पर घेराबंदी की। जांच के दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन से तीन बड़े बैरल और तीन प्लास्टिक कैन में भरा करीब 750 लीटर डीजल, तेल निकालने की मशीन, पाइप और अन्य उपकरण बरामद हुए। मौके पर मौजूद पूर्ति निरीक्षकों द्वारा जांच करने पर डीजल अपमिश्रित पाया गया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरो. पियों ने बताया कि वे हरियाणा के सोनीपत क्षेत्र में स्थित तेल डिपो और हाईवे किनारे होटलों से सस्ते दामों पर चोरी का तेल खरीदते थे। इसके बाद उसमें थिनर मिलाकर अधिक मुनाफे के लिए कैराना स्थित एक पेट्रोल पंप पर बेचते थे। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम कैराना के कांधला रोड स्थित स्टार फिलिंग स्टेशन पहुंची, जहां से तीन बैरल में भरा लगभग 600 लीटर अपमिश्रित डीजल और बरामद किया गया। पेट्रोल पंप के मैनेजर मुजम्मिल को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि पेट्रोल पंप पर अपमिश्रित डीजल खरीदकर ग्राहकों को बेचा जाता था। पुलिस ने इस मामले में राहुल पुत्र रामकुमार निवासी धनौरा बागपत, राजन पुत्र उदयवीर निवासी दुलैरा मुजफ्फरनगर, अशोक पुत्र रामपाल निवासी जगदीशपुर सोनीपत, हरियाणा तथा मुजम्मिल पुत्र इकबाल निवासी शेख बद्दा, कैराना को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि मामले में नामजद अन्य आरोपियों मोहित, रिजवान और परवेज की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की संभावना है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह का मुख्य उद्देश्य सस्ते दाम पर पेट्रोलियम पदार्थ खरीदकर उसमें थिनर मिलाना और उसे डीजल के रूप में बेचकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करना था।

## जीवन अत्यंत दुर्लभ और मूल्यवानःमुनि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के जैन धर्मशाला में आयोजित धर्मसभा में प्रवचन करते हुए आचार्य 108 विनिश्चय सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ और मूल्यवान है, लेकिन अधिकांश लोग इसे केवल सांसारिक योजनाओं और भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति में व्यतीत कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति जीवन भर भविष्य की योजनाएं बनाता रहता है, किंतु यह निश्चित नहीं होता कि उसे उन सभी योजनाओं को पूरा करने का अवसर प्राप्त होगा। आचार्य ने कहा कि शरीर और संसार की अनेक बातें समय के साथ भुला दी जाती हैं, लेकिन आत्मा का वास्तविक कर्तव्य स्वयं को पहचानना और अपने शुद्ध स्वरूप का अनुभव करना है। मनुष्य को विवेक, संयम और समझदारी के साथ जीवन जीना चाहिए। जैन दर्शन के अनुसार कर्म ही जीव को जन्म-मरण के चक्र में बांधे रखते हैं और मृत्यु कोई अंत नहीं, बल्कि कर्मों के अनुसार एक अवस्था से दूसरी अवस्था में जाने की प्रक्रिया है।

# विश्वामित्र-दशरथ प्रसंग सुन कर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** श्रीराम श्याम दुर्गा एवं खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार सायं आयोजित एक दिवसीय श्रीराम कथा में बनारस से पधारे कथावाचक अरविंद द्विवेदी ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। तीन घंटे तक चली कथा में मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। कथा का शुभारंभ साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजत चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वरिष्ठ पत्रकार प्रेम चंद वर्मा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर समिति का सहयोग सराहनीय रहा। कथावाचक अरविंद द्विवेदी ने श्रीराम जन्म के उपरांत मुनि विश्वामित्र के अयोध्या पहुंचने तथा चक्रवर्ती सम्राट दशरथ से यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को साथ ले जाने के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने दृष्टांतों के माध्यम से बताया कि ब्राह्मण और संत समाज के मार्गदर्शन से जटिल से जटिल समस्याओं का समाधान संभव है। शुभ मुहूर्त के विषय में विभिन्न मतों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा शुभ मुहूर्त वह होता है, जब किसी कार्य को करने वाले के मन में उत्साह, उमंग और सकारात्मक भावनाएं हों। उन्होंने कहा कि प्रभु की कृपा के बिना धर्म के कार्य भी सफल नहीं हो सकते तथा यह संसार नश्वर और विनाशशील है। कथा के दौरान आशीष मित्तल, डा जितेंद्र सहित सैकड़ों श्रद्धालु नर-नारी उपस्थित रहे। बनारस से पधारे पंडित सचिन द्विवेदी, विपुल कुमार मिश्रा, लाल बृजभान मिश्रा, सूर्य प्रकाश शुक्ल तथा बाबूल नाथ पाठक ने संपुट गायन एवं सहयोग प्रदान किया।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# संदिग्ध हालत में बैट्री गोदाम में लगी भयंकर आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव लिलौन स्थित एक बैटरी गोदाम में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। गोदाम में मौजूद बैटरी निर्माण में प्रयुक्त रसायनों के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग बुझाने पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी भी आग की चपेट में आ गई, हालांकि समय रहते उस पर काबू पा लिया गया। घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।



नगर के दिल्ली रोड स्थित सुदर्शन बैटरी फर्म के संचालक राहुल गर्ग ने गांव लिलौन में अपने मुनीम अमित कुमार के मकान में स्थित दुकान को गोदाम के रूप में इस्तेमाल कर रखा था। बताया गया है कि गोदाम में बैटरियों के निर्माण और उनसे संबंधित सामग्री का भंडारण किया जाता था। शनिवार सुबह गोदाम में शॉर्ट सर्किट के कारण मामूली आग लग गई थी, जिसे कर्मचारियों ने पानी डालकर बुझा दिया था। इसके बाद गोदाम को बंद कर दिया गया। दोपहर करीब 12 बजे जब गोदाम को दोबारा खोला गया तो अंदर से अचानक आग की तेज लपटें निकलने लगीं और देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया।

सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन गोदाम में फैले ज्वलनशील कैमिकल के कारण आग लगातार फैलती गई। हालात इतने गंभीर हो गए कि आग की चपेट में दमकल विभाग की एक गाड़ी भी आ गई। हालांकि दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी में लगी आग को समय रहते बुझा दिया। बाद में दमकल विभाग ने विशेष एक्वियस फिल्म-फॉर्मिंग फोम (एएफएफएफ) युक्त वाहन को मौके पर बुलाया। फोम के प्रयोग से कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से गोदाम में रखी बैटरियां, फर्नीचर, अलमारियां, विद्युत उपकरण एवं अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गई। गोदाम संचालक राहुल गर्ग ने बताया कि आग से उन्हें लगभग 7 से 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दमकल विभाग और स्थानीय प्रशासन ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# आर्थिक सहायता को एसडीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थानाभवन कस्बे के मैन बाजार स्थित एक रेडीमेड गारमेंट की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगने के मामले में पीड़ित दुकानदार ने आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर धूप में बैठकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान युवक ने विद्युत विभाग पर पांच वर्षों में कोई जांच न कराने और मुआवजा न देने का आरोप लगाया है।

क्षेत्र के गांव हरड़फतेहपुर निवासी सुरेंद्र सिंह पुंडीर ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी सोनू रेडीमेड गारमेंट नामक दुकान मैन बाजार स्थित मलिक मार्केट, थानाभवन में है। उन्होंने आरोप लगाया कि 21 जनवरी 2021 को दुकान में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई थी, जिससे दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया और उन्हें लगभग साढ़े तीन से चार लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

पीड़ित का कहना है कि घटना के समय उन्होंने संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक अधिका. रियों को इसकी सूचना दी थी। मामले की जांच विद्युत विभाग द्वारा भी की गई थी। उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड तृतीय, थानाभवन द्वारा 14 अक्टूबर 2024 को पत्र जारी कर संबंधित प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया था, लेकिन इसके बावजूद अब तक उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गई है। सुरेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है और वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। दुकान में हुए नुकसान के कारण उन्हें भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वही सूचना पर थानाभवन एसडीएम विकास कुमार ने पीडित दुक. ानदार के पास धूप में बैठकर ही समस्या सुनी। जिसके बाद दुक. ानदार को तहसीलदार मनोज कुमार ने भी अपने कक्ष में बुलाया और जल्द की पूरे जांच कराकर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# डिलीवरी के बाद तड़प-तड़प कर गई प्रसूता की जान

- दोबारा ऑपरेशन में पेट से निकला सड़ा हुआ तौलिया।
- 12 दिन के मासूम से छिनी मां की ममता तीन साल की बेटी हुई बेसहारा।
- जांच के लिए सीएमओ ने गठित की टीम।





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शामली जनपद में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। थाना भवन क्षेत्र के गांव उस्मानपुर निवासी 28 वर्षीय रितिका की डिलीवरी के बाद हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकीय लापरवाही के चलते रितिका को अपनी जान गंवानी पड़ी। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू कर दी है। डिलीवरी के बाद बिगड़ती गई हालत मृतका के पति छत्रपाल के अनुसार उनकी पत्नी रितिका को प्रसव के लिए शामली स्थित आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डिलीवरी के बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। परिजनों का कहना है कि महिला असहनीय दर्द से तड़पती रही लेकिन उसकी समस्या का सही कारण समय रहते नहीं खोजा गया। सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड में खुला राज परिजनों के मुताबिक हालत गंभीर होने पर रितिका को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने महिला का सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड कराया। जांच में पेट के अंदर संदिग्ध वस्तु होने की आशंका सामने आने के बाद दोबारा ऑपरेशन किया गया। दोबारा ऑपरेशन में तौलिया मिलने का दावा परिवार का दावा है कि मेरठ में हुए ऑपरेशन के दौरान महिला के पेट से सड़ा हुआ तौलिया निक. ला गया। परिजनों का आरोप है कि यह तौलिया पहले ऑपरेशन के दौरान पेट में ही छूट गया था जिसके कारण संक्रमण बढ़ता गया और रितिका की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।दो मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया रितिका अपने पीछे पति और दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है। बड़ी बेटी की उम्र लगभग तीन वर्ष है जबकि पुत्र अभी मात्र 12 दिन का है। मां की मौत के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में मातम का माहौल है और ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है।न्याय की मांग को लेकर उठी आवाज परिजनों और ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि लाप. रवाही साबित होती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े।

### सीएमओ बोले जांच टीम कर दी गई गठित

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद तथ्यों के आधार पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## एक नजर

### माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर क्षेत्र में रेड अलर्ट, श्रद्धालुओं के लिए एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद सहारनपुर स्थित माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर क्षेत्र में लगातार हो रही अत्यधिक वर्षा और ओलावृष्टि के चलते प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एडवाइजरी जारी की है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शामली सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि भारी बारिश के कारण मंदिर क्षेत्र में अचानक जलप्रवाह बढ़ गया है, जिससे जलभराव, फिसलन तथा दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

उन्होंने बताया कि मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए भी भारी वर्षा, आंधी और ओलावृष्टि को लेकर "रेड अलर्ट" जारी किया है। ऐसे में मंदिर क्षेत्र में किसी भी समय जलप्रवाह तेज होने और जोखिमपूर्ण परिस्थितियां उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। प्रशासन ने इसे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंभीर विषय बताते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है। मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर को 29 मई से 31 मई 2026 तक श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद रखा गया है। इस अवधि में मंदिर में दर्शन और भ्रमण की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 31 मई तक मंदिर की यात्रा करने से बचें और मौसम सामान्य होने तक अनावश्यक रूप से मंदिर क्षेत्र की ओर न जाएं। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर जारी निर्देशों का पालन करना जनहित में आवश्यक है।

### पीएम के बाद गांव पहुंचा आरिश का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी स्थित यमुना नदी में डूबकर जान गंवाने वाले जिजौला निवासी युवक आरिश का शव पोस्टमार्टम के बाद शनिवार सुबह तीन बजे गांव पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को दोपहर में गमगीन माहौल में आरिश को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और हर आंख नम दिखाई दी।

जानकारी के अनुसार चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव जिजौला निवासी आरिश (20) पुत्र शहजाद शुक्रवार को अपने साथियों आवेश, इकरार और समीर के साथ भैंसों को नहलाने के लिए भडी की यमुना नदी पर गया था। इसी दौरान वह नदी के गहरे कुंड में फंस गया और डूब गया। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह देखते ही देखते पानी में समा गया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों ने युवक की तलाश शुरू की। सूचना पर चौसाना और झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू कराई। पहले बिडौली की गोताखोर टीम ने प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में बेगी नाजर से पहुंचे गोताखोर मोमीन और जहांगीर ने करीब 20 फीट गहराई में बैठे शव को खोजकर बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक आरिश मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का सहारा था। परिवार में माता-पिता, दो बहनें और एक छोटा भाई हैं। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने यमुना नदी में रेत खनन से बने गहरे कुंडों को हादसों की वजह बताते हुए सुरक्षा इंतजाम की मांग की है। गांव में देर रात तक मातम पसरा रहा और आरिश की मौत को लेकर गांव में हर कोई शोक में डूबा नजर आया।

# गढ़ी अब्दुल्ला में विद्युत विभाग का बकाया वसूली अभियान

**चौसाना।** विद्युत विभाग द्वारा बकाया वसूली अभियान के तहत शनिवार को ग्राम गढ़ी अब्दुल्ला में विशेष कार्रवाई की गई। यह अभियान एसडीओ साहब सिंह के निर्देशानुसार चलाया गया, जिसका उद्देश्य लंबे समय से बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली करना था।

अभियान के दौरान विभागीय टीम ने गांव में घर-घर जाकर बकायदार उपभोक्ताओं की जांच की। जिन उपभोक्ताओं पर भारी बकाया राशि लंबित थी और जिन्होंने कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं किया था, उनके विद्युत मीटर उखाड़ने की कार्रवाई की गई। विभाग की इस कार्रवाई से बकायदारों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। अभियान में नोडल अधिकारी विकेश कुमार, गोविंद, संदीप, छोटा लाइनमैन सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। टीम के प्रयासों से मौके पर ही करीब 50 हजार रुपये की बकाया राशि जमा करवाई गई। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने की अपील करते हुए कहा कि बकाया रखने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली और विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# सेंट आरसी में सात दिवसीय समर कैंप सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में ग्रीष्मावकाश के दौरान आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन समारोह उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने तथा अवकाश के समय को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।



सात दिनों तक चले समर कैंप में बच्चों को स्विमिंग, रोबोटिक्स, कंप्यूटर स्किल्स, स्केटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कैलीग्राफी, "लेमलेस कुकिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, ड्रॉइंग, संवाद कौशल, फ्रेंच भाषा, संगीत एवं नृत्य, ग्लास पेंटिंग, फन विद साइंस, क्ले मॉडलिंग, इलेक्ट्रॉनिक चाक पर मिटी के बर्तन बनाना, पॉट मेकिंग तथा विभिन्न आउटडोर और इंडोर खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों का व्यावहा. रिक प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया। समापन समारोह में बच्चों ने कैंप के दौरान सीखी गई गति. विधियों का शानदार प्रदर्शन किया।

वेस्ट मैटेरियल से तैयार किए गए फ्लावर पॉट एवं अन्य सजावटी वस्तुएं आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और कलात्मक कौशल ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों को प्रभावित किया। कैंप में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या उज्मा ज़ैदी ने बच्चों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों एवं सजावटी वस्तुओं की सराहना करते हुए कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों ने नई-नई विधाओं का ज्ञान प्राप्त किया है, जिसका लाभ उन्हें भविष्य में भी मिलेगा।

# अब चोरों के निशाने पर व्यापारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में भूसा व्यापारियों के ट्रकों से बैटरियां चोरी होने की घटना के बाद अब बदमाशों ने गढ़ी हसनपुर में एक किराना दुकान को निशाना बनाने का प्रयास किया। हालांकि किसी की आहट मिलने पर बदमाश चोरी की वारदात को अंजाम दिए बिना ही मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गढ़ी हसनपुर निवासी अनुज मित्तल की किराना दुकान पर देर रात अज्ञात बदमाश पहुंचे और दुकान का शटर तोड़ने का प्रयास किया। बदमाशों ने शटर को क्षतिग्रस्त भी कर दिया, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान किसी के आने-जाने की आहट मिलने पर वे घबरा गए और बिना चोरी किए ही फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे व्यापारी को घटना की जानक. ारी हुई। बाद में उन्होंने लुहार को बुलाकर शटर की मरम्मत कराई। व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले ही चौसाना क्षेत्र में भूसा व्यापारियों के ट्रकों को निशाना बनाते हुए चोरों ने हजारों रुपये कीमत की चार बैटरियां चोरी कर ली थीं। पीड़ित व्यापारियों ने मामले की शिकायत चौसाना पुलिस से की थी, लेकिन आरोप है कि अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें केवल आश्वासन देकर मामला टाल दिया गया। अलगातार हो रही घटनाओं से व्यापारिक समुदाय में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने जिला पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने तथा चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो व्यापारियों की सुरक्षा और संपत्ति दोनों खतरे में पड़ सकती हैं।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर मीडिया एकता एसोसिएशन गठित

**कैराना।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर मीडिया एकता एसोसिएशन (रजि.) कैराना के कार्यालय पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में पत्रकार एकता का संदेश गूंजा। इस दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार चौधरी महताब शानू को अध्यक्ष चुना गया। वहीं, मौलाना बिलाल अहमद एवं महेश शर्मा को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा होते ही उपस्थित पत्रकारों में हर्ष की लहर दौड़ गई और



नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी गई।

कचहरी गेट के सामने स्थित मीडिया एकता एसोसिएशन कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी पत्रकारिता के अग्रदूतों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर वर्तमान समय तक जनजागरण, सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है।पत्रकारिता समाज का दर्पण है, जो आमजन की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करती है।कार्यक्रम के दौरान आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार मौलाना बिलाल अहमद एवं महेश शर्मा को संरक्षक, चौधरी महताब शानू को अध्यक्ष, सन्नी गर्ग को उपाध्यक्ष, इरफान चौधरी को महासचिव, सलीम चौधरी को कोषाध्यक्ष तथा सालिम अंसारी को सचिव मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के हितों एवं पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने हिंदी पत्रका. रिता दिवस की एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्षता, सत्यनिष्ठा और जनसेवा के मूल्यों को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। साथ ही पत्रकार हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मिलकर कार्य करने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अदालत ने सुनाई आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ग्रामीण की हत्या कर दिए जाने के 17 साल पुराने मामले में अदालत ने आरोपित को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड अदा न करने की सूरत में दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवीदयाल शर्मा ने बताया कि 19 दिसंबर 2009 की दोपहर 1. 30 बजे बहेड़ा गांव निवासी देशराज अपने बेटे संजीव के साथ बाइक से बडगांव से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इस दौरान पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही देवेंद्र ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर पहले देशराज की बाइक में टक्कर मारी और इसके बाद पिता-पुत्र पर तमंचों से जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। इसमें गोली लगने से देशराज की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनका बेटा संजीव किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकला।

मृतक के पुत्र संजीव ने थाना बडगांव में देवेंद्र व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें अन्य आरोपितों का उक्त मामले में निर्णय हो चुका है। जबकि देवेंद्र के मुकदमे का विचारण अपर जिला एवं सत्र न्यायालय देवबंद में चल रहा था। शनिवार को अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीले सुनने के बाद न्यायाधीश देवेन्द्र नाथ सिंह ने आरोपित देवेंद्र को देशराज की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाए जाने के प्रदेश सरकार के फैसले से प्रधान गदगद हैं। ग्राम प्रधानों ने सरकार का आभार जताया। साथ ही प्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर बृजेश सिंह को सम्मानित किया।

ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी के नेतृत्व में काफी संख्या में ग्राम प्रधान लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के जड़ोदा जट गांव स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने राज्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। विजय त्यागी ने कहा कि प्रधानों का कार्यकाल बढने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी। उन्होने कहा कि योगी आदित्यनाथ का यह निर्णय दूरदर्शी और जनहितकारी है। ग्राम प्रधानों ने कहा कि इस निर्णय के बाद गांवों में पड़े अधूरे कार्यों को पूरा किया जा सकेगा। राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने ग्राम प्रधानों से आह्वान किया कि वह



बढ़ाए गए समय का सदुपयोग करें और पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने का काम करें। इस मौके पर अर्जुन सिंह, कुलवीर, मांगेराम, ओमवीर, सचिन, नितिन समेत प्रधान शामिल रहे।

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास का दोषी मानते हुए सुनाई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में अदालत ने चार सगे भाइयों को पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास और 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

21 मई 2013 की रात नागल क्षेत्र के पांडोली गांव में जाबिर के घर के बाहर खेल रहे बच्चों के बीच कहासुनी के बाद बड़ों में झगड़ा हो गया था। इस दौरान हुई मारपीट में जाबिर गंभीर घायल हो गया था। बीच बचाव को आए जाबिर के पड़ोसी गुलनवाज के साथ भी मारपीट की गई थी, जिसमें उसे गंभीर चोटे आई थी। मामले में पुलिस ने घायल पक्ष की तहरीर पर गांव के ही शहजाद, नौशाद, शमशाद व दिलशाद के खिलाफ मुकदमा कायम किया था। मुकदमे का विचारण अपर जिला एवं सत्र न्यायालय देवबंद में चल रहा था। अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र नाथ सिंह ने चारों आरोपितों को गैर इरादतन हत्या के प्रयास का दोषी मानते हुए सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

### गुटों के आपस में भिड़ने के चलते सड़क पर मची अफरा-तफरी

**देवबन्द।** युवकों के दो गुटों में हुए संघर्ष से अफरा-तफरी मच गई। मारपीट में पांच छह युवक घायल हो गए। हालांकि मौके पर पुलिस जरुर पहुंची लेकिन किसी गुट ने कार्रवाई को कोतवाली में तहरीर नहीं दी।

खानकाह पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित उर्दू गेट के निकट मामुली कहासुनी के चलते युवकों के दो गुट आपस में भीड़ गए। बीच सड़क पर ही दोनों गुटो के आपस में भिड़ंत के चलते सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इतना ही नहीं सड़क के दोनों और राहगिरों की भीड़ एकत्र होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी बेखौफ युवक एक दूसरें पर हमलावर होते देख पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में ले लिया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक युवकों के किसी भी गुट द्वारा कार्रवाई को तहरीर नहीं दी गई। पुलिस के मुताबिक जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महाविद्यालय में बीएससी की कक्षाएं संचालित होने पर हर्ष जताया गया। साथ ही मेधावियों को पुरस्कृत किया गया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. अतुल शर्मा ने किया। इस मौके पर बीकाम 2025 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली सिदरा और बीए तृतीय वर्ष की तनु को सम्मानित किया गया। साथ ही रोवर्स/रेंजर्स, वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, मिशन शक्ति, सांस्कृतिक क्लब एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों में




प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डा. गौरव बालियान ने बताया कि महाविद्यालय में इसी सत्र से बीएससी की कक्षाएं संचालित होंगी। विज्ञान संकाय में डा. राखी मलिक ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। संचालन डा. टीना ने किया। डा. मोहम्मद आरिफ, डा. कुसुमलता, डा. शाहनजर, राकेश कुमार, विश्वासचंद शर्मा, लोकेश शर्मा, राजीव शर्मा, प्रमोद कुमार आदि शामिल रहे।

# विद्युत निगम ने चलाया अभियान उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

**देवबन्द।** राजस्व वसूली के लिए विद्युत निगम की ओर से नगर में चलाए गए अभियान के तहत 71 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। जबकि 13 लाख 20 हजार रुपये की वसूली की गई।

उपखंड अधिकारी संतोष कुमार, अवर अभियंता विष्णु कोठारी और गुलशन झा के नेतृत्व में निगम की टीमें अलग-अलग इलाकों में पहुंची। इस दौरान बकाया होने के चलते 71 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। साथ ही राजस्व वसूली की गई। संतोष कुमार ने बताया कि जीटी रोड, रेलवे रोड, पठानपुरा, कायस्थवाड़ा, मंगलौर रोड और मोहल्ला खानकाह में वसूली अभियान चलाया गया. इस दौरान स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं ने भी अपने बिल जमा कराए। संतोष कुमार ने आह्वान किया कि कनेक्शन कटने की कार्रवाई से बचने के लिए उपभोक्ता समय से बिजली का बिल जमा कराएं। विशेषकर उन्होंने स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं से बिल जमा करने की अपील की। अभियान के दौरान टीजीटू मोहम्मद जीशान, आशुतोष, रवि पाल, रिंकू कुमार, प्रेम सिंह, संदीप आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने वाहन चोर गिरोह दबोचा

**देवबन्द।** पुलिस ने नगर से वाहन चोर गिरोह के कई सदस्यों को पकड़ा है। इनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि बड़ी संख्या में चोरी की बाइकें बरामद होने की उम्मीद है।

पुलिस पिछले कई दिनों से इन चोरों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार की रात पुलिस ने मोहल्ला किला और मोहल्ला कोटला आदि से कई युवकों को दबोचा है। बताया गया है कि इनके पास से चोरी की एक बाइक भी बरामद हुई है। माना जा रहा है कि पुलिस गिरफ्त में आए युवक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं, जो विभिन्न राज्यों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। पुलिस उनसे सख्ती से पूछताछ कर रही है। संभावना है कि पूछताछ के बाद पुलिस किसी बड़े गिरोह का खुलासा कर सकती है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्त में आए युवकों से एक बाइक बरामद हुए हुई, पूछताछ जारी है।

# अब किचन में होगा हरे नीले के साथ लाल काला डस्टबीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अब प्रत्येक घर में हरा, नीला, काला एवं लाल रंग के चार अलग-अलग डस्टबिन रखकर घर से निकलने वाले कचरे को एकत्रित किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 में किए गए संशोधनों के अनुसार प्रत्येक परिवार के लिए चार प्रकार से कचरे का पृथक्करण करना आवश्यक किया गया है।

आज नगर निगम में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग तथा उमंग सुनहरा कल के तत्वावधान में लोगों को जागरुक करने के लिए चार डस्टबिन आधारित कचरा पृथक्करण जागरूकता स्टिकर का लोकार्पण किया गया। स्टिकर लोकार्पण अपर नगर आयुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण




शाह एवं निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा द्वारा किया गया। अपर नगरायुक्त ने बताया कि यह विशेष स्टिकर प्रत्येक घर की रसोई (किचन) में लगाए जाएंगे, जिससे लोगों को यह स्पष्ट जानकारी मिल सके कि किस प्रकार का कचरा किस रंग के डस्टबिन में डाला जाना है। इससे कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया सरल होगी तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। स्टिकर में चारों डस्टबिनों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने बताया कि हरे डस्टबिन में फल एवं सब्जियों के छिलके, सड़े-गले फल सब्जियां, बगीचे का कचरा आदि, नीले डस्टबिन में कागज, गत्ता, प्लास्टिक, पैकिंग डब्बे आदि, लाल डस्टबिन में मास्क, दस्ताने, नैपकिन्स, डाइपर्स, पैड्स आदि तथा काले डस्टबिन में रसायन, पेंट, बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सिरिंज आदि का कचरा डाला जायेगा। डॉ. शाह ने नागरिकों से अपील की है कि वे चार डस्टबिन प्रणाली को अपनाकर कचरा पृथक्करण में सहयोग करें तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा इससे गीले, सूखे व घरेलू खतरनाक एवं अन्य अपशिष्टों को निर्धारित डस्टबिन में डालने की आदत विकसित होगी। निगम की यह पहल शहर में स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ सहारनपुर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम का संचालन उमंग के प्रबंधक मयंक पाण्डेय ने किया।

# अहिल्याबाई होल्कर हमारी प्रेरणाः श्वेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि रानी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन सभी के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है।

महिला कांग्रेस द्वारा रानी अहिल्या बड़ी होल्कर के जन्मदिवस पर श्रीमती पूजा सैनी के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं, जिन्होंने धर्म, नीति, न्याय और सुशासन का आदर्श प्रस्तुत किया। उनका जीवन त्याग, साहस, करुणा और जनसेवा का अनुपम



उदाहरण है। उन्होंने अपने शासनकाल में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया तथा महिलाओं को सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपनाकर समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाएं।

इस दौरान सीता भारद्वाज, पूजा सैनी, प्रीति, तृप्ति, राखी, नेहा, निशाद सहित अन्य महिला कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पत्रकारिता को मिशन बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर नगर के द्वार पर स्थापित गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर प्रेस क्लब गंगोह के सदस्यों ने माल्यार्पण किया और हिंदी पत्रका. रिता को मिशन बनाने का संकल्प लिया।



गणेश शंकर विद्यार्थी चौक पर पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। प्रेस क्लब अध्यक्ष अफजल खान ने कहा कि प्रिंट मीडिया को लेकर आज भी लोगों में विश्वसनीयता कायम है। हिंदी पत्रकारिता के स्तंभ वरिष्ठ पत्रकार बलबीर सिंह तोमर ने कहा पत्रकारिता एक मिशन है, इसका व्यवसायिक करण लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि हिंदी प्रसार प्रचार के लिए अखबार एक उतम माध्यम है । शर्त यह है कि शब्दों का चयन सही हो। पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद टेबक ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के जनक जुगल किशोर की जयंती पर हमे हिंदी पत्र के प्रचार प्रसार का संकल्प लेना है। पत्रकार श्रवण शर्मा, डॉ राकेश गर्ग, राजेश्वर शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सुरेन्द्र अरोड़ा, भारत गर्ग, रमेश गर्ग, सुहैल खान, नौशाद चौधरी, उमंग गर्ग, रोहित, तीरथ, अमरीश, भूपेंद्र, आदि उपस्थित रहे।

# राव मेहरबान के प्रयासों से दर्जनों गांवों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पिछले दिनों आए भीषण आंधी-तूफान के बाद तीन दिनों से अंधेरे में डूबे हलवाना सहित दर्जनों गांवों के लिए शनिवार की शाम राहत भरी खबर लेकर आई जीवाला बिजली घर की मुख्य लाइन दुरुस्त होने के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो गई है।

तीन दिन बाद गांवों में रोशनी लौटते ही ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने राहत की सांस ली। इस पूरी मुहिम में आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व वार्ड नंबर 4 से जिला पंचायत प्रत्याशी राव मेहरबान और लाइनमैन राव तुफैल संकटमोचक बनकर सामने आए। बीते बृहस्पतिवार की रात



आए भीषण आंधी-तूफान ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी। जीवाला बिजली घर की मुख्य सप्लाई लाइन पर बड़े-बड़े पेड़ और डालियां टूटकर गिर गई थीं, जिससे पोल और तार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके चलते हलवाना समेत दर्जनों गांवों की बत्ती पूरी तरह गुल हो गई थी। प्रशासनिक सुस्ती के बीच, ग्रामीणों की इस बड़ी समस्या को देखते हुए आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता और वार्ड नंबर 4 से जिला पंचायत प्रत्याशी राव मेहरबान खुद मैदान में उतरे। उन्होंने लाइनमैन राव तुफैल के साथ मिलकर दिन-रात एक कर दिया। दोनों ने अपनी देखरेख में टूटे हुए पोल, क्षतिग्रस्त तार और मलबे को हटवाने का काम युद्धस्तर पर शुरू कराया।

कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार शनिवार को शाम लाइन को पूरी तरह दुरुस्त कर बिजली चालू करा दी गई। गांव में बिजली आते ही हलवाना और आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर राव मेहरबान और लाइनमैन राव तुफैल का जोरदार आभार व्यक्त किया।

मौके पर मौजूद जगदीश प्रसाद, राव सानीब राव कामिल राणा राव मुजम्मिल सचिन चौधरी, सोनू चौधरी, मुकेश बिट्टू, धर्मेंद्र, जाती राम, सुंदर कुमार, आलोक कुमार, मांगेराम, ममता, रेखा, सोनिया, अफसरी, रीना, छोटी, जुलेखा, मोमिना, आसमा, पूजा, नगमा, फरीदा, वाजिद, मुकेश कुमार, रणबीर, सोनू, अनवरी, मोनू, कुलवंत सिंह और धोनी समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने राव मेहरबान का आभार जताया।

# जमीनी विवाद और जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए जमीनी विवाद और जानलेवा हमले के मामले में काफी समय से फरार चल रहे एक और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक बीती 15 अप्रैल को ग्राम कलालहटी में पुस्तैनी जमीन पर कब्जे और ट्यूबवेल का पानी चलाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला किया था। इस मामले में उपनिरीक्षक मशकूर अली की सूचना पर थाना फतेहपुर में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में पहले ही 6 आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, हेड कांस्टेबल रोहित राणा, रोहित और कांस्टेबल कुलदीप की टीम ने वांछित अभियुक्त फैजान पुत्र लतीफ निवासी ग्राम कलालहटी को उसी के गांव से घेराबंदी कर धर दबोचा।

# आर्यवीरों ने किया कस्बे में पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव चक खिजरपुर (चको) चल रहे चरित्र निर्माण शिविर के छठे दिन आचार्य अमित शास्त्री ने शिवरार्थियों को महर्षि दयानंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए गुरु सेवा व राष्ट्र सेवा के महत्व को समझाते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। शिविर के बाद कस्बा बेहट में पथ संचलन रैली भी निकाली गई।

महर्षि कणाद वैदिक संस्कृत गुरुकुल चको में आर्यवीर दल के तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय योग एवं युवा चरित्र निर्माण शि. विर को संबोधित करते हुए आचार्य अमित शास्त्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए



शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है भारतवर्ष वेदों पर आधारित शिक्षा ग्रहण कर युगों तक विश्वगुरु रहा है। अनेक विद. ेशी आक्रांताओं ने हमारी पुरातन शिक्षा संस्कृति को छिनभिन्न करने का प्रयास किया है परंतु दयानंद जैसे सिपाहियों ने समाज को दोबा. रा वेदों की ओर लौटने व संस्कार युक्त शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उसी का परिणाम है कि आज देश में योग ,आयुर्वेद पुरातन वैदिक सत्य सनातन संस्कृति की ओर लोग चल पड़े हैं और वह दिन दूर नहीं जब भारत दोबारा विश्वगुरु कहलाएगा स शिविर के बाद कस्बा बेहट में आर एस एस कार्यालय से आर्य वीरों द्वारा पथ संचलन भी निकाला गया जिसमें शिवरार्थियों ने योग लाठी आदि कलाओं का प्रदर्शन भी किया।

इस दौरान आचार्य विश्वद. ेव आर्य,जगपाल आर्य,स्वामी सोमानंद,प्रियव्रत आर्य, सुखदेव आर्य, गोविंद आर्य, राजसिंह, जगपाल आर्य, जयपाल आर्य, सागर आर्य व नवीन आर्य सहित अनेक लोग मौजूद रहे

# जेई पर अभद्रता करने का आरोप लगा कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** जे जे इंटर कॉलेज सुल्तानपुर चिलकाना के प्रधानाचार्य ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विद्युत विभाग के जेई द्वारा विद्यालय पर बिना सूचित किये 41 हजार रुपये का जुर्माना लगाए जाने तथा इस बाबत जानकारी करने पर उनसे अभद्र तरीके से बात करने का आरोप लगाया है।

प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पत्र लिखकर बताया है कि विद्युत उपखण्ड के तत्कालीन जेई शिव कुमार ने जे जे इण्टर कालेज के विद्युत कनेक्शन पर बिना अवगत कराए ही 41हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह सरकारी विद्यालय है जिसमे गांव तथा कस्बो के अनेक गरीब छात्र-छात्राएं पढ़ते है। विद्यालय में मेंटेनेंस का कार्य ही बडी मुश्किल से कराया जाता है। ऐसी दशा में बिजली बिल का इतना अधिक जुर्माना भर पाना विद्यालय प्रबंधन के लिए सम्भव नही है।

आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा यदि जेई शिव कुमार से इस विषय मे फोन पर बात की गई तो उन्होने बडी ही बदतमीजी से जवाब देते हुए कहा कि अब तो जो हो गया सो हो गया। अब तो इस जुर्माने को भरना ही पड़ेगा। आरोप है कि यदि जेई को उनके द्वारा कहा गया कि आप भी विद्यालय में पढे होंगे और आपका विद्यालय के प्रति यह दृष्टिकोण अच्छा नही है। तो उनके द्वारा जवाब दिया गया गल्ती हो गयी अब क्या मुझे फांसी दोगे।

आरोप है कि जेई ने यह भी कहा कि यदि उस समय ही आप लोग 10000 रू मुझे दे देते तो यह जुर्माना बिल्कुल ना लगता। प्रधानाचार्य ने अवगत कराया है कि विद्यालय में पिछले 75 वर्षों से विद्युत कनेक्शन चल रहा है। अगर विभाग को विद्यालय का मीटर बदलना था तो वह उन्हे सूचित करते। प्रधानाचार्य ने जेई के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।

# बच्चों में कहासुनी के बाद मारपीट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बच्चों मे खेलते समय मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा की दोनों मे कहासुनी के बाद जमकर मारपीट और लाठी डंडे चल गए।

मारपीट की पहली घटना शनिवार को गांव बेगी बांसदेवा मे घटित हुई। बच्चों मे खेलते समय मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। मामलों बड़ों तक पहुंचा तो और बिगड़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। दोनों मे कहासुनी के बाद जमकर मारपीट और लाठी डंडे चल गए। जिसमे एक पक्ष के अरसलान, मेहता, साजिद और दूसरे पक्ष की बुशरा, रिफाकत, रिफत आदि घायल हो गए। मारपीट की दूसरी घटना पुरानी रंजिश को लेकर शाहपुर मे घटित हुई। मारपीट मे ताज अली, सद्दाम, शोकी घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। अरसलान, रफत, मेहताब, साजिद, ताज अली, सद्दाम आदि को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष ने कोतवाली में तहरीर नहीं दी थी।

# धर्म के मार्ग पर चलेंः आचार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर में विराजमान आचार्य श्री 108 भारत भूषण ने प्रवचन देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।

धर्म के बिना आपका जीवन शून्य है। आचार्य श्री 108 भारत भूषण महाराज ने कहा कि धर्म के बिना धन नही है। आपको अपने बच्चों को बचपन से ही धर्म के संस्कार देने चाहिएं। जिस दिन आपके बच्चों में धर्म के संस्कार आ गए उस दिन वे व्यसनों से दूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अपने भावों मे निर्मलता लानी होगी। निर्मल भाव से जीवन में समता आती हैं।

इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, अभिषेक जैन, शशांक जैन, अमित जैन, अतुल जैन, भूपेन्द्र जैन, ललित जैन, आर्जव जैन, वीरेश जैन, अनुराग जैन, विनय जैन,प्रशांत जैन,सुधीर जैन, शुभम जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत तीतरों जनपद सहारनपुर।**

पत्रांक 102/न0पं0ती0/2025-26 दिनांकः- 29.05.2026

सर्व साधारण कों सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तीतरों में भवनकर एंव जलकर दस्तावेजों में प्रस्तुत किये गये साक्ष्यों बैनामा/वरीयतनामा/वारिसान प्रमाण पत्र/पारिवारिक बटवारा के आधार पर इनके सामने अंकित भवन संख्या पर अपना बतौर स्वमी दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिये है। उक्त के नामान्तरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को निम्न प्रविष्टी पर कोंई आपत्ति हो तों वह लिखित में साक्ष्यों सहित इस विज्ञप्ति प्रकाशन कें 45 दिन के अन्दर कार्यालय उपरोक्त में किसी भी कार्यशील दिवस में दे सकता है। बाद में मियाद नियत अवधि व्यतीत होने पर किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

| क0 | नाम पिता/पति केता | पता केता | नाम पिता/पति विकेता | पता विकेता | सम्पत्ति संख्या | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विवेक कौशिक पुत्र श्री श्याम सुन्दर | महाजनान तीतरों | गीता पत्नी श्री धर्मपाल, रवि, सौरभ पुत्रगण श्री धर्मपाल | कानूनगोयान तीतरों | कानूनगोयान 376 | बैनामा |
| 2 | सरिता पत्नी श्री मुंकेश | ग्राम आसफगढ | कमलेश पत्नी श्री सुरेशपाल | कानूनगोयान तीतरों | कानूनगोयान 30 | बैनामा |
| 3 | कर्मवीर पुत्र श्री ईलम सिंह | महाजनान तीतरों | कुलवीर सिंह पुत्र श्री जय सिंह | महाजनान तीतरों | महाजनान 240 | वसीयतनामा |
| 4 | सलेतला पत्नी री भुल्लण विकास कुमार पुत्र श्री आदेश कुमार अमन कुमार सुधीर कुमार पुत्रगण श्री भुल्लण | कानूनगोयान तीतरों | भुल्लण पुत्र श्री सिमरा | कानूनगोयान तीतरों | कानूनगोयान 543/544 | वसीयतनामा |
| 5 | मौ. अरसद पुत्र श्री जाहिद हसन | शेखजादगान तीतरों | सफात पुत्र श्री जफर | शेखजादगान तीतरों | 211, 211/1 शेखजादगान | बैनामा |
| 6 | मनोकामना श्री राजेश कुमार रूबी देवी पत्नी श्री मुकेश कुमार बेबी देवी पत्नी श्री लोकेश कुमार | कानूनगोयान तीतरों | जाहिदा खान पत्नी श्री सरफराज, अदीब खान पुत्र श्री सरफराज खान | अफगानान कला तीतरों | कानूनगोयान 613 | बैनामा |
| 7 | पूजा रानी पत्नी श्री योगेश कुमार | कानूनगोयान तीतरों | जाहिदा खान पत्नी श्री सरफराज, अदीब खान पुत्र श्री सरफराज खान | अफगानान कला तीतरों | कानूनगोयान 613 | बैनामा |
| 8 | मस्जिद ग्राम पापडी द्वारा अध्यक्ष चॉद मिया | ग्राम पापडी | गफूरन पत्नी श्री अ. अली | अफगानान कला तीतरों | अफगानान कला 23 | बैनामा |
| 9 | रश्मि शर्मा पत्नी श्री राजीव शर्मा | महाजनान तीतरों | विद्या प्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री भगवानदास अग्रवाल शिवानी अग्रवाल पुत्री श्री विद्या प्रकाश अग्रवाल | कानूनगोयान तीतरों | कानूनगोयान 502 | बैनामा |
| 10 | आसिम अल्वी पुत्र श्री इसरार अहमद | शेखजादगान तीतरों | सलीम अहमद पुत्र श्री वजिद हसन | शेखजादगान तीतरों | शेखजादगान 57 | बैनामा |
| 11 | सुदेश, पुष्पा, उषा पुत्रीयां श्री भोपाल | महाजनान तीतरों | रामकली पत्नी श्री भोपाल | महाजनान तीतरों | महाजनान 276 | वसीयतनामा |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत तीतरों
सहारनपुर।

# सर्विस मार्ग पर टूटकर गिरा पेड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा** अचानक बदला मौसम का मिजाज आसमान में काले घने बादलों के साथ तेज आंधी निर्माणाधीन फ्लाईओवर के सर्विस मार्ग पर एक पेड़ टूटकर गिर गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे वाहन चालक चपेट में आने से बाल बाल बच गए नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

शनिवार दोपहर शाहज. हांपुर चिलकाना मार्ग पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर की सर्विस रोड पर तेज आंधी के चलते एक बड़ा पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया, जिससे एक साइड पर मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। पेड़ गिरने के दौरान गुजर रहे वाहन चालक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा और राहगीरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वही आंधी के दौरान क्षेत्र के कुछ किसानों के खेतों में खड़े पोपलर के पेड़ भी टूटकर गिरे जिससे किसानों को नुकसान हुआ।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )**

**जैम निविदा सूचना**

इस मिल समिति के पेराई सत्र 2026-27 हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सामानों की आपूर्ति वह जॉब वर्क्स आदि कार्य को कराने हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी। कार्य की नियम व शर्तें, धरोहर धनराशि एवं कार्य विवरण आदि सम्बन्धित बिड संख्या के माध्यम से ज्ञात किया जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदाये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क्र. स. | कार्य/क्रय करने वाली सामग्री का विवरण | जैम बिड संख्या | बिड अपलोड की तिथि | बिड में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि | बिड खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OXYGEN | GEM/2026/B/7540586 | 14.05.2026 | 07.06.2026 | 07.06.2026 |
| 2 | PAINT | GEM/2026/B/7583255 | 26.05.2026 | 11.06.2026 | 11.06.2026 |
| 3 | HARDWARE | GEM/2026/B/7588291 | 26.05.2026 | 12.06.2026 | 12.06.2026 |
| 4 | ROLLER BEARING LINER | GEM/2026/B/7581148 | 26.05.2026 | 11.06.2026 | 11.06.2026 |
| 5 | TOOLS TACKLES | GEM/2026/B/7593644 | 27.05.2026 | 13.06.2026 | 13.06.2026 |

भवदीय
प्रधान प्रबन्धक

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चीन की वांग शियायू पहली बार फ्रेंच ओपन के अंतिम 16 में

**पेरिस।** चीन की वांग शियायू शुक्रवार को यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा पर 6-3, 7-5 से जीत के साथ अपने करियर में पहली बार फ्रेंच ओपन महिला सिगल्स के आखिरी 16 में पहुंच गई।वांग ने धीमी शुरुआत की और पहले सेट में 0-3 से पीछे हो गई, लेकिन फिर मैच का रुख पलट दिया। चीनी खिलाड़ी ने चौथे गेम में स्टारोडुबत्सेवा की सर्विस तोड़ी और जल्द ही मोमेंटम हासिल कर लिया, लगातार छह गेम जीतकर सेट 6-3 से जीत लिया।दूसरा सेट काफी कड़ा मुकाबला था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने पूरे समय गेम बदले। वांग ने आखिरी स्टेज में अपना धैर्य बनाए रखा और सेट 7-5 से जीतकर अगले राउंड में जगह पक्की कर ली।

### राष्ट्रीय चैंपियन बनी छत्तीसगढ़ की बालिका बास्केटबॉल टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जूनियर बालिका बास्केटबॉल टीम ने पुड्डुचेरी में आयोजित जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में केरल को 55-51 अंकों से हराकर 14 वर्षों बाद राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।प्रतियोगिता का आयोजन बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पुड्डुचेरी बास्केटबॉल एसो.के सहयोग से किया था। खिताबी मुकाबले में छत्तीसगढ़ की ओर से दिव्या रंगारी ने सर्वाधिक 22 अंक जुटाए। टीम की कप्तान अंजली कोडापे ने 14 अंक बनाए।

### शार्दुल संभालेंगे ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स की कमान

**ठाणे ।** ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स ने आगामी टी-20 मुंबई लीग 2026 के लिए भारत के स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। मुंबई क्रिकेट के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार शार्दुल ठाकुर भारत का विभिन्न प्रारूपों में पहले भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। फ्रेंच.इजी का यह फैसला निश्चित तौर पर पिछले सीजन में सेमीफाइनल में मिली हार की रार से आगे निकलकर ट्रॉफी जीतने के मजबूत इरादे को दर्शाता है।

### भारत की महिला हॉकी टीम फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारी

**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ यह चार मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही। पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की 9वें नंबर की टीम भारत के लिए नवनीत कौर और दीपिका सोरेंग ने गोल किए, जबकि हॉकी रैंकिंग में आठवें नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया ने एबी विल्सन ओलिविया डाउन्स और कोर्टनी शोनेल के गोल से जवाब दिया। सलीमा टेटे की लीडरशिप में भारत ने शानदार शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में नवनीत कौर के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल मेहमान टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी।

# आरसीबी और गुजरात की नजरें दूसरी बार खिताब जीतने पर

**अहमदाबाद, वार्ता।**

**आईपीएल 2026** का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खेला जाएगा। जीटी अपने किले अहमदाबाद में उतरेगी, जहां उसका जीत प्रतिशत 63 है और यह टीम का तीसरा आईपीएल फाइनल है।

संयोग से उसके तीनों फाइनल का वेन्यू अहमदाबाद ही रहा है। दूसरी तरफ आरसीबी की सबसे बड़ी ताकत उसका सामूहिक प्रदर्शन रहा है। इस सीजन टीम की 10 जीत में 8 अलग अलग खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द मैच बने हैं। आरसीबी ने क्वालीफायर 1 में जीटी को बड़े अंतर से हराया था। जीटी की टीम उस हार का बदला लेते हुए अपनी दूसरी ट्रॉफी हासिल करने का प्रयास करेगी। फाइनल में जीटी की उम्मीदें एक बार फिर राशिद खान पर टिकी होंगी, क्योंकि आरसीबी के कई प्रमुख बल्लेबाज उनके खिलाफ संघर्ष करते नजर आए हैं। विराट कोहली ने टी 20 क्रिकेट में राशिद के खिलाफ 12 पारियों में 131 रन बनाए हैं, लेकिन तीन बार अपना विकेट भी गंवाया है। देवदत्त पड़िक्कल का रिकॉर्ड और भी कमजोर रहा है। उन्होंने आईपीएल में राशिद के सामने नौ पारियों में सिर्फ 40 रन बनाए हैं और पांच बार आउट हुए हैं। टिम डेविड भी 17 टी 20 पारियों में राशिद के खिलाफ 70 रन ही बना सके हैं, जबकि तीन बार आउट हुए हैं। नई गेंद से आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार सबसे बड़े हथियार साबित हो सकते हैं। जीटी के दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। शुभमन गिल ने आईपीएल में भुवनेश्वर के सामने 14 पारियों में सिर्फ 80 रन बनाए हैं और छह बार अपना विकेट गंवाया है, जबकि उनका स्ट्राइक रेट भी महज 101 का रहा है। वहीं जॉस




आईपीएल 2026 का फाइनल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच आज खेला जाएगा, जीटी अपने किले अहमदाबाद में उतरेगी, जहां उसका जीत प्रतिशत 63 है

बटलर का रिकॉर्ड भी ज्यादा बेहतर नहीं है। टी 20 क्रिकेट में बटलर ने भुवनेश्वर के खिलाफ 21 पारियों में 123 रन बनाए हैं, लेकिन नौ बार आउट हुए हैं। आरसीबी के शीर्ष क्रम के सामने फाइनल में मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा की जोड़ी बड़ी चुनौती पेश कर सकती है। टी 20 क्रिकेट में कोहली ने रबाडा के सामने 17 पारियों में 131 रन बनाए हैं, लेकिन पांच बार आउट भी हुए हैं। वहीं पड़िक्कल का रिकॉर्ड सिराज के खिलाफ भी बहुत मजबूत नहीं है। आईपीएल में दोनों की भिड़ंत की आठ पारियों में पड़िक्कल ने 45 रन बनाए हैं और तीन बार अपना विकेट गंवाया है।

आईपीएल प्लेऑफ में जॉश हेजलवुड ने सिर्फ सात पारियों में 14 विकेट लिए हैं और उनका स्ट्राइक रेट शानदार 11-6 का रहा है। सात प्लेऑफ पारियों में वह पांच बार दो या उससे ज्यादा विकेट ले चुके हैं। सबसे दिलचस्प आंकड़ा उनका फाइनल रिकॉर्ड है। हेजलवुड ने अब तक खेले पांचों टी 20 फाइनल और चारों वनडे फाइनल जीते हैं। इनमें आईपीएल के दो फाइनल भी शामिल हैं।

ऐसे में आरसीबी को उम्मीद होगी कि बड़े मैचों में जीत दिलाने का उनका यह सुनहरा सिलसिला अहमदाबाद में भी जारी रहे। गिल और साई सुदर्शन ने इस सीजन 15 पारियों में 886 रन जोड़े हैं, जो आईपीएल 2026 में किसी भी जोड़ी द्वारा सबसे ज्यादा हैं। इस दौरान उनका औसत 63-3 और स्ट्राइक रेट 177 का रहा है, जबकि चार शतकीय और दो अर्धशतकीय साझेदारियां भी आई हैं। साझेदारी में दोनों का योगदान लगभग बराबर रहा है, लेकिन गिल ने 173 के स्ट्राइक रेट से 421 रन बनाकर थोड़ा ज्यादा आक्रामक भूमिका निभाई है, जबकि साई ने 156 के स्ट्राइक रेट से 406 रन जोड़े हैं। आरसीबी के खिलाफ भी यह जोड़ी तीन पारियों में 187 रन बना चुकी है और अहमदाबाद में तो उनका रिकॉर्ड और भी शानदार है, जहां 23 पारियों में उन्होंने 1384 रन जोड़े हैं।

आईपीएल 2026 में जब जब गिल और सुदर्शन की जोड़ी पांचवें ओवर के बाद तक साथ रही है, तब जीटी ने सात में से छह मैच जीते हैं और सिर्फ एक में हार का सामना किया है। इसके उलट जब यह साझेदारी पांचवें ओवर से पहले टूट गई, तब टीम का रिकॉर्ड चार जीत और चार हार का रहा है। यह आंकड़ा दिखाता है कि जीटी के लिए शुरुआती विकेट कितना बड़ा फैक्टर है। फाइनल में आरस.ीबी की कोशिश नई गेंद से गिल या साई में से किसी एक को जल्दी आउट करने की होगी। क्वालिफायर 1 और क्वालिफायर 2 दोनों में जेसन होल्डर ने दो दो विकेट लिए थे।

# सूर्यवंशी ने 440 गेंदों में आईपीएल में 1000 रन पूरे किए

**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल सबसे कम गेंदों में 1000 रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 440 गेंदें खेलीं, जो सबसे तेज हैं।

आंद्रे रसेल इससे पहले सबसे तेज थे, जिन्होंने इसके लिए 545 गेंदें खेली थीं। सूर्यवंशी आईपीएल में 1000 रन बनाने वाली पारियों के मामले में दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं। शॉन मार्श ने सिर्फ 21 पारियों में यह मुकाम हासिल किया, जबकि लेंडल सिमंस ने 23 पारियों में, जो सूर्यवंशी के बराबर है।आईपीएल 2026 में सूर्यवंशी ने कुल 135 बाउंड्री लगाईं, जिसमें रिकॉर्ड 72 छक्के शामिल हैं, जो किसी भी टी 20 टूर्नामेंट में किसी भी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले सबसे ज्यादा 128 बाउंड्री बटलर ने आईपीएल 2022 में लगाई थीं, जिन्होंने 83 चौके और 45 छक्के लगाए थे। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में 16 पारियों में 776 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 237-30 रहा और इनमें से 684 रन सिर्फ चौकों और छक्कों से आए। सूर्यवंशी पिछली चार पारियों में नर्वस नाइनटीज में 3 बार आउट हुए हैं। वे आईपीएल में नाइनटीज में सबसे ज्यादा आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल में हारीं

**नई दिल्ली।** शनिवार यानी 30 मई को विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 में क्वालीफाई करने से चूक गई हैं। 31 साल की इस रेसलर को मीनाक्षी गोयत ने सेमीफाइनल में 53 केजी वेट कैटिगिरी में 6-4 से हरा दिया। इस हार के साथ अब विनेश फोगाट बाहर हो गई हैं।

इससे पहले विनेश फोगाट ने अपना अनुभव और क्लास दिखाते हुए नीशू को हराया था और सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। वहीं अपने पहले मैच में विनेश ने ज्योति को 7-1 से हराया था। 48 घंटों की उथल-पुथल के बाद विनेश की कोर्ट पर यह दमदार वापसी थी। विनेश की वापसी में सुप्रीम कोर्ट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की अहम भूमिका रही। ट्रायल में विनेश की



मीनाक्षी गोयत ने सेमीफाइनल में 53 केजी वेट कैटिगिरी में 6-4 से हरा दिया, इस हार के साथ अब विनेश फोगाट एशियन गेम्स के लिए नहीं कर सकीं क्वालीफाई

भागीदारी की पुष्टि शुक्रवार को ही हुई थी, जब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी थी। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ ने टिप्पणी की कि देश के लिए उनके योगदान को देखते हुए, वह इस मौके की हकदार हैं। इससे पहले, डब्ल्यूएफआई ने जोर देकर कहा था कि वह केवल 50 किग्रा वर्ग में ही प्रतिस्पर्धा कर सकती हैं। यह एक ऐसा फैसला था जिसका उन्होंने जोरदार विरोध किया था और महासंघ पर पक्षपात का आरा.ेप लगाया था। भारतीय कुश्ती महासंघ द्धडब्ल्यूएफआईऋ के अध्यक्ष संजय सिंह के दखल और संगठन की ओर से की गई कार्रवाई के बाद, शनिवार सुबह विनेश को 53 किग्रा वर्ग के ट्रायल्स में हिस्सा लेने की इजाजत मिली। मीनाक्षी गोयत भारत की उभरती हुई फ्रीस्टाइल रेसलर हैं, जो 53 केजी वेट कैटेगिरी में कंपीट करती हैं।

25 साल की इस रेसलर ने पिछले कुछ समय में काफी इम्प्रेस किया है। मीनाक्षी ने भारतीय स्पोर्ट्स के कई बड़े नामों को हराकर सुर्खियां बटोरी हैं। मार्च 2026 में मीनाक्षी गोयत ने नेशनल ट्रायल्स में 2 बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट अंतिम पंघाल को हराकर सबको हैरान कर दिया था ।विनेश फोगाट ने एशियन गेम्स ट्रायल्स में पहला और दूसरा मुकाबला जीता था।

# ऑरेंज कैप में सूर्यवंशी के पास बड़ी बढ़त

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के दौरान ऑरेंज कैप की रेस में लंबे समय तक बने रहने वाले तीन बल्लेबाज शुक्रवार रात न्यू चंडीगढ़ में क्वालीफायर 2 के दौरान मैदान पर थे। ऐसे में यह लगभग तय था कि ऑरेंज कैप की सूची में कोई बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

वहीं पर्पल कैप की सूची में भी बड़ा बदलाव हुआ और नंबर एक पर अब भुवनेश्वर कुमार नहीं हैं। वैभव सूर्यवंशी, बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल तीनों ने बड़े मैच में अपनी छाप छोड़ी। सबसे पहले सूर्यवंशी बल्लेबाजी करने उतरे। पिछले मैच में वह आईपीएल इतिहास का सबसे तेज शतक बनाने के बेहद करीब पहुंचे थे। इस बार परिस्थितियां कुछ अलग थीं और उन्होंने थोड़ा संयम दिखाया, लेकिन फिर भी 47 गेंदों में 96 रन की शानदार पारी खेली। वह अपने सीजन के दूसरे शतक से चूक गए, लेकिन इससे उनके अभियान की चमक



फाइनल मुकाबले में गिल और सुदर्शन दोनों की नजर आईपीएल ट्रॉफी के साथ ऑरेंज कैप पर भी होगी

कम नहीं हुई। सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 का अंत 776 रन के साथ किया। इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात उनका 237-30 का स्ट्राइक रेट रहा।हालांकि इस मैच के सबसे बड़े सितारे गिल रहे। उन्होंने जीटी की रन चेज को 53 गेंदों में 104 रन बनाकर आगे बढ़ाया। इस शतक के साथ उनके सीजन के रन 722 हो गए। वह अब भी सूर्यवंशी से 54 रन पीछे हैं, लेकिन उनके पास फाइनल खेलने का मौका बाकी है।साई सुदर्शन भी इसी स्थिति में हैं। उन्होंने गिल के साथ पहले विकेट के लिए 167 रन जोड़े और 32 गेंदों में 58 रन बनाए। हालांकि लगातार दूसरे मैच में वह हिट विकेट होकर आउट हुए। इसके बावजूद उनके नाम अब 710 रन हो चुके हैं। जब जीटी रविवार को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी, तब गिल और सुदर्शन दोनों की नजर आईपीएल ट्रॉफी के साथ ऑरेंज कैप पर भी होगी। वहीं विराट कोहली के लिए ऑरेंज कैप जीतना अब मुश्किल दिखाई देता है। आरसीबी के सबसे सफल बल्लेबाज कोहली फलिहाल 600 रन पर हैं। लंबे समय तक पर्पल कैप अपने पास रखने वाले भुवनेश्वर कुमार आखिरकार शीर्ष स्थान से हट गए हैं। उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी कगिसो रबाडा ने अब पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है। रबाडा ने आरआर की पारी के दूसरे ओवर में ध्रुव जुरेल का विकेट लिया और फिर 18वें ओवर में सूर्यवंशी को आउट किया।इन दो विकेटों के साथ रबाडा के कुल विकेट 28 हो गए हैं। वह भुवनेश्वर से दो विकेट आगे निकल चुके हैं।

## वेस्टइंडीज ने पाक को हराया

**डबलिन।** आयरलैंड में महिला ट्राई-सीरीज में वेस्टइंडीज को दो में से दो मैच जीतने में मदद करने के लिए कई खिलाड़ियों ने अहम योगदान दिया। गुरुवार को मेजबान टीम के खिलाफ अपना पहला गेम जीतने के बाद, वेस्टइंडीज ने सिर्फ 24 घंटे बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और एशियाई टीम को 25 रन से हरा दिया।हालांकि डिएंड्रा डॉटिन और कियाना जोसेफ ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन कप्तान हेली मैथ्यूज ने 20 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 40 रन बनाकर अपनी टीम के लिए शुरुआत में ही लय बना दी। मैथ्यूज के जाने के बाद स्टेफनी टेलर ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, लेकिन 39 रन पर आउट हो गईं। डेथ ओवर्स में, चिनेल हेनरी और जैनिलिया ग्लासगो की जोड़ी ने पाकिस्तान के अटैक की धज्जियां उड़ा दीं और वेस्टइंडीज को 200 रन से एक रन कम बनाने में मदद की। हेनरी 33 रन बनाकर नाबाद रहीं।

# आईसीसी ने डा. रोस रिवाज को नया इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने डा. रोस रिवाज को तीन साल के लिए इंडिपेंडेंट डायरेक्टर नियुक्त किया है, जिसे तीन साल के और कार्यकाल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

डा. रिवाज अभी एंग्लियन वॉटर और यूके कंपनीज हाउस के चेयर के तौर पर काम कर रही हैं। अपने पूरे करियर में, डा. रिवाज एक एक्टिव और एंगेज्ड बोर्ड मेंबर रही हैं, उन्होंने सरकारी, कमर्शियल और कम्युनिटी सेक्टर में साइट विजिट और स्टेकहोल्डर से बातचीत की है। गवर्नेंस, कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी और ऑपरेशनल असर की उनकी गहरी समझ, डाइवर्सिटी और इनक्लूजन के प्रति उनके कमिटमेंट से पूरी होती है, जिससे वह आईसीसी बोर्ड का एक मजबूत हिस्सा बन गई हैं। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने इस अपॉइंटमेंट का स्वागत करते हुए कहा कि डा. रिवाज का इंटरनेशनल लीडरशिप एक्सपीरियंस और गवर्नेंस एक्सपर्टीज काम आएगी। ष्जैसे-जैसे क्रिकेट दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहा है और मैदान पर और मैदान के बाहर नए मौके ढूंढ रहा है, उनकी स्ट्रेटेजिक समझ, स्वतंत्र नजरिया और मजबूत गवर्नेंस के लिए कमिटमेंट बहुत कीमती होगा।अपने कॉर्पोरेट रोल के अलावा, डा. रिवाज कम्युनिटी और एजुकेशनल कामों में भी एक्टिव रूप से शामिल रही हैं। उन्होंने युवा महिलाओं को स्टेम एजुकेशन के लिए बढ़ावा देने वाले प्रोग्राम को सपोर्ट किया है, साथ ही कई चैरिटेबल और लोकल कम्युनिटी प्रोजेक्ट में भी योगदान दिया है।

# सिनर के बाद जोकोविच भी फ्रेंच ओपन से हुए बाहर

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन में ब्राजील के टीनेजर जोआओ फोंसेका से दो सेट की लीड गंवाने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने वाले सबसे नए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी बन गए।

19 साल के फोंसेका ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को कोर्ट फिलिप-चैटियर पर चार घंटे 53 मिनट तक चले रोमांचक तीसरे राउंड के मुकाबले में हराया। ब्राजील के यह खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम मैच में जोको.विच को हराने वाले पहले टीनेजर बने और पहली बार किसी मेजर के आखिरी 16 में पहुंचे।फोंसेका ने कहा, ष्मैं बस जितनी तेजी से हो सके बॉल को हिट करने की को.शिश कर रहा था। जोकोविच चूकते नहीं हैं, और हमें अब भी

**जोआओ फोंसेका से दो सेट की लीड गंवाने के बाद बाहर होने वाले सबसे नए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी बने**

लगता है कि वह 20 साल के हैं। रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम सिगल्स टाइटल की तलाश में लगे जोको.विच ने मैच के बाद अपने युवा विरोधी की तारीफ की। 39 साल के अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, ष्मैच जीतने के असली हकदार जोआओ को बहुत बड़ा क्रेडिट जाता है। बिना किसी शक के वह जरूरी मौकों पर बेहतर खिलाड़ी थे। सर्बियाई खिलाड़ी के बाहर होने से एक दिन पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर को अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से दूसरे राउंड में चौंकाने वाली हार मिली थी।कलाई की चोट की वजह से टूर्नामेंट से पहले डिफेंडिग चैंपियन कार्लोस अल्काराज के हटने के साथ, जो.कोविच और सिनर के जाने से पुरुषों के ड्रॉ में बड़ा बदलाव आया है और यह पक्का हो गया है कि रौलां गैरो इस साल पहली बार पुरुषों का नया ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनाएगा।दूसरे सीड अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रेंचमैन क्वेंटिन हेलिस पर 6-4, 6-3, 5-7, 6-2 से जीत हासिल करके चौथे राउंड में पहुंचने के साथ अपने टाइटल की उम्मीदों को जिंदा रखा। जर्मन खिलाड़ी, जो 2024 में पेरिस में रनर-अप रहे थे, अब पुरुषों के फील्ड में सबसे आगे चल रहे दावेदारों में से एक हैं। दो बार के फ्रेंच ओपन रनर-अप कैस्पर रूड भी अमेरिकी टॉमी पॉल को पांच सेट में हराकर आगे बढ़े।

## टी-20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद बोले साई सुदर्शन

# अब किसी ग्रिप टेक्नोलॉजी का प्रयोग करना होगा

**न्यू चंडीगढ़ ।** एक बार हिट विकेट होना बदकिस्मती माना जा सकता है, लेकिन लगातार दो मैचों में ऐसा होना बेहद अजीब घटना है। गुजरात टाइटंस (जीटी) के ओपनर साई सुदर्शन अब अपने टी- 20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद एक अनचाहे रिकॉर्ड का हिस्सा बन गए हैं।

हालांकि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर 2 में जीत और टीम के आईपीएल 2026 फाइनल में पहुंचने के बाद वह इस पर हंसते हुए भी नजर आए।सुदर्शन ने कहा, ष्मुझे लगता है अब कुछ नया ट्राई करना पड़ेगा। अब शायद मैं कुछ ग्रिप टेक्नोलॉजी आजमाऊंगा। कुछ गेंदें खेलकर देखूंगा कि क्या फर्क पड़ता है। लेकिन सच कहूं तो मेरे पास भी इसका कोई जवाब नहीं है



गुजरात टाइटंस ( जीटी ) के ओपनर साई सुदर्शन अब अपने टी- 20 करियर में तीसरी बार हिट विकेट आउट होने के बाद एक अनचाहे रिकॉर्ड का हिस्सा बन गए हैं

कि ऐसा कैसे हुआ।आरसीबी के खिलाफ क्वालीफायर 1 में सुदर्शन अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन तीसरे ओवर में जैकब डफी की गेंद पर कट शॉट खेलते समय उनका बल्ला हाथ से छूट गया। गेंद बाउंड्री तक पहुंचती उससे पहले बल्ला उछलकर लेग स्टंप से टकरा गया और वह हिट विकेट आउट हो गए।आरआर के खिलाफ मुकाबले में भी लगभग वही नजारा देखने को मिला। 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुदर्शन एक और बड़ी पारी की ओर बढ़ रहे थे। उन्होंने शुभमन गिल के साथ शानदार ओपनिंग साझेदारी की और सिर्फ 32 गेंदों में 58 रन बना डाले। लेकिन बृजेश शर्मा की लो फुल टॉस गेंद को ऑफ साइड में ड्राइव करने के दौरान उनका बल्ला फिर हाथ से निकल गया और सीधे स्टंप्स पर जा लगा।सुदर्शन हैरानी में सिर झुकाए वापस लौटे, जबकि दूसरे छोर पर खड़े गिल घुटनों के बल बैठ गए और यकीन नहीं कर पाए कि अभी क्या हुआ है। साई सुदर्शन पहली बार 2022 में ब्रेबॉर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हिट विकेट हुए थे। टी-20 क्रिकेट में अब उनके साथ सिर्फ आंद्रे रसेल और शोएब मलिक ही ऐसे बल्लेबाज हैं जो तीन बार हिट विकेट आउट हुए हैं। सुदर्शन ने कहा कि पिछले मैच में बल्ला कुछ बार उछला और फिर स्टंप्स से टकराया था।

# पैन्क्रिएटाइटिस के मरीज खान पान का ध्यान रखें: डा. कलीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया की मासिक बैठक में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने एक्यूट पैन्क्रियटाईटिस के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।

जी.पी.ओ.रोड स्थित होटल के सभागार मे आयोजित बैठक में डॉ सचिन देव मुन्जाल ने बताया कि पैन्क्रियटाईटिस के मुख्य कारण पित्त की थैली मे पथरी तथा शराब का सेवन करना है इनके अलावा मिर्गी की कुछ दवाईयो से,ब्लड मे ज्यादा ट्राईगिलिस्राईड से भी होता है। डॉ हरि ने बताया कि एक्यूट पैन्क्रियटाईटिस मे मरीज को पेट मे बहुत तेज दर्द, उल्टी, बुखार, होता है। पैन्क्रियटाईटिस को एन्टीबायोटिक्स के बिना भी ठीक किया जा सकता है। डॉ मुस्तफा ने बताया कि पैन्क्रियटाईटिस के दुष्परिणाम जैसे सोडोसिस्ट को सर्जरी के द्वारा कैसे ठीक किया जाता है।




एपीआईके अध्यक्ष डॉ कलीम अहमद ने कहा कि पैन्क्रियटाईटिस के मरीज को खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। खाने मे फल, हरी सब्जिया,ओट्स, किनोवा, एवोकेडो, का सेवन करना चाहिए। शराब और धूमपान का सेवन नही करना चाहिए।

सचिव डॉ विकास अग्रवाल ने सभी अतिथियो का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक सचिव डॉ सौम्या जैन ने किया।

इस मौके पर डॉ नरेश नौसरान, डॉ प्रवीण शर्मा, डॉ मोहन पाण्डेय, डॉ जयपाल चन्द, डॉ अंकुर उपाध्याय, डॉ अतुल जैन, डॉ प्रवीण चावला, डॉ अंशुल गुप्ता, डॉ अजय कुमार जैन, डॉ आर.एस.पवार, डॉ प्रवीण मित्तल, डॉ अरिष्ट जैन, डॉ रजत बंसल, डॉ सुशान्त शर्मा, डॉ अनिल मलिक, डॉ एस.के.भण्डारी, डॉ निशान्त सक्सेना, डॉ सत्यानंद साथी, डॉ संजय कपिल सहित आदि चिकित्सक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पुलिस ने सीज किया डम्पर, खुलासा 14 बार हो चुका चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** जनपद में अवैध खनन और संदिग्ध वाहनों के खिलाफ पुलिस का हंटर लगातार चल रहा है। आज इसी कड़ी में चेकिंग अभियान के दौरान थाना फतेहपुर पुलिस और खनन विभाग को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, उपजिलाधिकारी बेहट और क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा की टीम ने खनन अधिकारी के साथ मिलकर एक संयुक्त छापेमारी की।



इस कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध खनन में लिप्त एक डम्पर उसे रंगे हाथों दबोच लिया। जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा यह भी हुआ कि इस डम्पर पर पहले से ही 14 चालान लंबित चल रहे थे, जिसके बावजूद यह बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहा था। पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए डम्पर को अवैध खनन की धाराओं में सीज कर दाखिल कर दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है।

इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में खनन अधिकारी अविनाश चौबे, प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा, उप-निरीक्षक शेषपाल सिंह और हेड कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल रहे।

# डरा रहे हैं तम्बाकू से मौत के आंकड़े: डा. मिगलानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गोल्ड मेडिलिस्ट एमडी डा. संजीव मिगलानी ने कहा कि तंबाकू के कारण हर छह सेकंड में एक मौत होती है। विश्व में तंबाकू से मौतों का आंकडा जहां 80 लाख है वहीं भारत में हर साल दस लाख जाने तंबाकू के कारण जाती है।



डा.संजीव मिगलानी ने बताया कि तम्बाकू की लत आज इंसानियत के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। इसी खतरे के खिलाफ हर साल 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन के आह्वान पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। 2026 की ग्लोबल थीम है आकर्षण का पर्दाफाश करना-निकोटीन और तम्बाकू की लत का मुकाबला करना। उन्होंने कहा कि 1 अरब 25 करोड़ लोग सिगरेट, बीड़ी, पान मसाला, गुटका लेते हैं। 80 लाख मौतें हर साल तम्बाकू और उससे जुड़ी बीमारियों से होती है। इसमें 13 लाख लोग सिर्फ सेकंड हैंड स्मोक यानी दूसरों के धुएं से मरते हैं। अमेरिका में 4 करोड़ 70 लाख यूजर है, लेकिन प्रचार बैन से मार्केट सिमट रही है। इसलिए कंपनियां अब एशिया को टार्गेट कर रही हैं। डा. संजीव कहते है कि भारत की हालत सबसे चिंताजनक है। 26.7 करोड़ भारतीय तम्बाकू के आदी है जो दुनिया का सबसे बड़ा आंकड़ा। डॉ. मिगलानी के अनुसार 1 सिगरेट में 4000 रसायन होते हैं। 599 लत लगाते हैं, 500 सीधे जहर हैं। मुख्य दुश्मन निकोटिन दिमाग में डोपामिन, सेरोटोनिन बढ़ाकर खुशी का झूठा अहसास देता है, साथ में ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट बढ़ाकर धमनियां सिकोड़ देता है। तंबाकू से हार्ट अटैक, हाई बीपी, स्ट्रोक, फेफड़े-गले-ब्लेडर-खाने की नली का कैंसर, एसिडिटी, गर्भवती महिलाओं में कम वजन/मृत बच्चे, हड्डियां कमजोर, रोग प्रतिरोधक क्षमता खत्म करने जैसी बिमारियां होती है। उन्होंने कहा कि चायना में धूम्रपान करने वालों की संख्या अमेरिका की पूरी आबादी से ज्यादा है।

# जिला पंचायत बोर्ड बैठक में प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला पंचायत की महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक में जिला पंचायत सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। साथ ही नवाबगंज चौक स्थित राजकीय इंटर कालेज के जीर्णोद्धार को स्वीकृति प्रदान की गई।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में सदन के समक्ष 26 प्रस्ताव एजेंडा अनुसार एवं अन्य प्रस्ताव जिला अध्यक्ष चौ. मांगेराम की अनुमति से प्रस्तुत हुए। अपर मुख्य अधिकारी द्वारा गत बैठक की कार्यवाही के साथ-साथ सभी प्रस्ताव पढकर सुनाये गये। सदन के समक्ष सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को ही स्वीकृति प्रदान की गइ। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-2027 की कार्ययोजना ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड करने, जनहित में शासन से प्राप्त धनराशि एवं जिलानिधि में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष कार्ययोजना के अनुरूप विकास कार्य कराने की स्वीकृति के साथ-साथ जिला पंचायत में प्रभावी उपविधियों की दरों से संशोधित दरों को स्वीकृति प्रदान की गई। जिला पंचायत के नियंत्रणाधीन नवाबगंज चौक स्थित राजकीय इंटर कालेज के निष्प्रोज्य भवन की आवश्यक मरम्मत, जीर्णोद्धार के साथ-साथ उस पर होने वाले व्यय की अनुमति भी प्रदान की गई। बैठक में रामपुर मनिहारान विधायक देवेन्द्र निम, ब्लॉक प्रमुख विजयपाल, जिला पंचायत सदस्य रंजीता सिंह, ममता चौधरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



बैठक के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष चौ.मांगेराम ने विधायक, ब्लॉक प्रमुख, सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताकर बैठक सम्पन्न की।

# बच्चों का विवाद बढ़ा, दोनों तरफ से पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पुरानी रंजिश मे बच्चों का विवाद बड़ों तक पहुंचा तो मामला और बिगड़ गया। मामला इतना बढ़ा की नौबत मारपीट और पथराव तक पहुंच गई। संघर्ष मे दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर पांच के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।



जिंदा और शफीक निवास. ीगण लखनौती पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है। गुरुवार को दोनों पक्षों के बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मामला बड़ों को पता लगा तो दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों मे मारपीट और पथराव हो गया। काफी देर चले संघर्ष मे मेहरान और सलीम घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई तथा स्थिति को संभाला। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों मे पुरानी रंजिश चली आ रही है। पहले भी कई बार दोनों में झगड़ा हो चुका है। मामले मे एक पक्ष के फरमान पुत्र शब्बीर अहमद निवासी ग्राम लखनौती मोहल्ला कुरेशियान ने कोतवाली मे तहरीर दी है जिसमे कहा गया है कि उसका भाई मेहरान पुत्र शब्बीर जुमे की नमाज पढने के लिए मस्जिद में जा रहा था। रास्ते मे मोहल्ले के ही नदीम, सद्दाम, सब्बु, फाजिल और यूनुस ने गाली गलौच करते हुए उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले मे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप यह भी है कि आरोपित जाते समय उन्हें जान से मारने की धमकी भी देकर गए हैं। घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

# नारी शक्ति सम्मान का होर्डिंग चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव गुमटी-मलकपुर चौराहे पर लगा पच्चीस हजार रुपये की कीमत का नारी शक्ति सम्मान होर्डिंग चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है।

ग्राम चौनपुरा निवासी सादिक पुत्र असरफ ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव गुमटी व मलकपुर के बीच चौराहे पर लगभग पच्चीस हजार रुपये की लागत से अट्ठारह बाई दस फीट का होर्डिंग नारी शक्ति सम्मान में लगाया गया था। विगत रविवार की रात्रि को यह होर्डिंग दो लोहे के गाटरों सहित चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। सोमवार को वहां से गुजरते समय देखा गया कि होर्डिंग गायब है।

# दिमाग से 8 सेमी बड़ा ब्रेन टयूमर निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 55 वर्षीय महिला के दिमाग से लगभग 8 सेंटीमीटर आकार का बड़ा ब्रेन ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उसे नई जिंदगी दी है। ट्यूमर के कारण महिला के शरीर के बाईं ओर लगातार कमजोरी बढ़ रही थी और चलने-फिरने में गंभीर परेशानी हो रही थी।



मैक्स हॉस्पिटल के न्यूरो एवं स्पाइनल सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. अमिताभ गोयल आज अंबाला रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। डॉक्टर अमिताभ गोयल ने बताया कि उन्होंने व उनकी टीम ने आधुनिक माइक्रोसर्जिकल तकनीक की मदद से सफल ऑपरेशन किया। सर्जरी के बाद मरीज की हाथ-पैरों की ताकत और चलने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ तथा मात्र तीन दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

डॉ. अमिताभ गोयल ने बताया कि मरीज के दिमाग में टेनिस बॉल के आकार का ट्यूमर था, जो शरीर की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले हिस्से पर दबाव बना रहा था। समय पर जांच, सटीक निदान और उन्नत न्यूरोसर्जिकल तकनीकों की मदद से ट्यूमर को सुरक्षित रूप से हटाया गया।

# ससुरालियों संग रहने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** मायके से अपनी ससुराल लौटी विवाहिता को दरवाजे पर ताला लटका हुआ मिला। सास, ससुर व पति को फोन कॉल करने पर भी कोई सम्पर्क न होने के बाद थाना पहुंची पीड़िता ने ससुरालियों संग रहने की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के मुताबिक बेहट थाना क्षेत्र निवासी युवती की शादी 21 फरवरी 2025 को हिन्दू रिति रिवाज के अनुसार चिलकाना थाना क्षेत्र के गांव डिंडोली निवासी युवक के साथ हुई थी। विवाहिता का कहना है कि तीन माह पूर्व उसने एक बेटे को जन्म दिया और वह ससुरालियों के साथ हंसी खुशी जीवन व्यतीत कर रही थी। बेटे को जन्म देने के बाद पहली बार वह अपने मायके गई तो ससुरालियों के तेवर बदल गये। उन्होंने उसकी फोन कॉल रिसीव करना बंद कर दिया। 13 मई 2026 को जैसे ही वह मायके वालों के साथ ससुराल पहुंची तब घर पर ताला लटका हुआ मिला। उसने अपने सास ससुर तथा पति से फोन करके बात करनी चाही तो किसी ने भी उसका फोन रिसीव नहीं किया। पीड़िता ने जब आस पड़ोस के लोगों से उनके बारे में बात की तो कोई जानकारी नहीं मिली और वह अपने मायके वालों के साथ मायके लौट आयी।

पीड़िता का कहना है कि तब से वह प्रतिदिन अपने सास, ससुर व पति को फोन करती रहती है।

# पीएम के नेतृत्व में स्थापित किए नए कीर्तिमान: वाईपी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के महानगर प्रभारी वाई पी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नये कीर्तिमान स्थापित किये।

वाई पी सिंह आज सर्किट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार विश्वास के 12 वर्ष, विकास के 12 वर्ष एवं जनकल्याण के 12 वर्ष विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए अभियान को प्रभावी रूप से चलाएं।




कार्यशाला में आगामी अभियान की रूपरेखा, संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा सरकार की उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

कार्यशाला में नगर विधायक राजीव गुंबर, महापौर अजय कुमार सिंह, पूर्व महापौर संजीव वालिया, अनुसूचित आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मिकी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अमित गगनेजा, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक अमित गर्ग, सहसंयोजक राज. कुमार कालरा, विपिन शर्मा, बबीता सैनी, दुष्यंत यादव, नितिन परमार, सोशल मीडिया संयोजक प्रदीप शर्मा, आई टी संयोजक शुभम् शिव, महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चों के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पति व ननदों पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पीड़िता ने अपने पति तथा नन्दो पर उसके व बेटे के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता फरहाना ने थाना पर तहरीर देकर बताया कि विगत 28 मई को उसके पति की बहने उसके घर पर आयी हुई थी। तभी घरेलु बातो को लेकर पति ने पीड़िता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के पति की बहनों बिल्लो पत्नी अमरिश निवासी ग्राम पाडली थाना मिर्जापुर, हिना पत्नी वाशिक निवासी ग्राम माहिपुरा सहारनपुर तथा फातिमा पत्नी शमशाद निवासी खाताखेडी थाना मण्डी सहारनपुर द्वारा भी उसके मारपीट की गई।

# आपदा के मृतकों के परिजनों को दिए आर्थिक सहायता चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बेहट/ साढौली कदीम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार शनिवार को लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह एवं पूर्व विधायक नरेश सैनी ने तहसील बेहट पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने प्राकृतिक आपदा राहत योजना के अंतर्गत दिवंगत चंद्रो देवी पत्नी राजेंद्र तथा सावित्री देवी पत्नी चंद्रभान के परिजनों को आपदा राहत कोष से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार दु:ख की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। सरकार का प्रयास है कि आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद प्रदान की जाए। राज्य मंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि किसी प्रियजन की क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सरकार उनके दुख को कम करने के लिए हरसंभव सहयोग करेगी। गौरतलब है कि विगत दिनों मां शाकंभरी देवी क्षेत्र में अचानक आए तेज जलप्रवाह के कारण दो महिलाओं की मौत हो गई थी। घटना के बाद प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य चलाकर शवों को बरामद किया था और शासन स्तर पर प्रभावित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बेहट मानवेंद्र सहित राजस्व एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने परिजनों को सरकार की विभिन्न राहत योजनाओं की जानकारी देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने भी सरकार द्वारा त्वरित सहायता उपलब्ध कराए जाने पर संतोष व्यक्त किया।



इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश सैनी, ब्लाक प्रमुख चौधरी विश्वास,सुनेंद्र राणा,अमन कौशिक, संजीव कर्णवाल, बेहट भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सैनी, सभासद सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू बंसीलाल एडवोकेट उप जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, तहसीलदार विजय कुमार सिंह,नायब तहसीलदार देवेंद्र प्रजापति, भूपेंद्र कुमार, स्टेनो रजत त्यागी, मनीष लेखपाल,प्रवीण यादव,आदि मौजूद रहे।

# ले.सरबजीत सिंह की स्मृति में जिला जूड़ो प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लेफ्टिनेंट सरबजीत सिंह ढींडसा स्मृति में जिला जूडो प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि पद्मश्री सेठपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं कारगिल शहीद लेफ्टिनेंट सरबजीत सिंह ढींडसा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों एवं निर्णायकों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि बच्चे और युवा ही देश का भविष्य हैं तथा उनका सशक्त होना राष्ट्र की मजबूती का आधार है। कार्यक्रम में क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा सहित खेल एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के मुकाबले देर शाम तक जारी रहे। आयोजन की सफलता में निर्णायकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन जिला जूडो संघ के सचिव दीपक गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ।



# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

## रास्ता बंद करने पर तहसील, राजस्व और विनियमित विभाग की संयुक्त कार्रवाई






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव मोहड़ा में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विकसित की जा रही कॉलोनी के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग और विनियमित क्षेत्र विभाग की संयुक्त कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार गांव मोहड़ा निवासी पल्लवी पत्नी राहुल कुमार ने उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसके पुश्तैनी खेत पर जाने का रास्ता कॉलोनी विकसित कर रहे कुछ लोगों ने अवैध रूप से रास्ता बंद कर दिया है। पीड़िता का आरोप था कि जब वह अपने खेत पर जाने का प्रयास करती है तो संबंधित लोग उसे धमकाते हैं और आने-जाने से रोकते हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की टीम को जांच के निर्देश दिए। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई का निर्णय लिया।

शनिवार को नायब तहसीलदार कपिल आजाद के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्रशासनिक कार्रवाई शुरू होते ही संबंधित लोग मौके से फरार हो गए। जेसीबी द्वारा दीवारों और अन्य अवैध निर्माणों को हटाकर बंद किया गया रास्ता खुलवाया गया।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध प्लाटिंग और भू-माफियाओं के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई से कानून का संदेश गया है। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति प्लाटिंग और सार्वजनिक अथवा वैध रास्तों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार कपिल आजाद, विनियमित क्षेत्र विभाग के योगेंद्र कुमार, लेखपाल प्रभात कुमार, छत्रपाल सिंह, राकेश कुमार, संध्या राजपूत सहित राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल मौजूद रहा।

### एक माह पहले प्रमुखता से उठाया गया था मामला

महिला द्वारा रास्ता बंद किए जाने का मामला शाह टाइम्स में प्रमुखता से उठाया गया था। लगातार शिकायतों और समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई और अंततः अवैध निर्माण पर कार्रवाई की।

## केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में अभिभावक-अध्यापक गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में अभिभावक-अध्यापक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की शिक्षा, व्यवहार एवं आवधिक आकलन पर विस्तृत चर्चा की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कहा कि आज के बदलते समय में अभिभावकों और अध्यापकों के बीच निरंतर संवाद अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक बच्चा अलग-अलग परिस्थितियों में अलग व्यवहार करता है। घर पर अभिभावकों के साथ उसका व्यवहार अलग होता है। विद्यालय में अध्यापकों के साथ अलग तथा मित्रों के बीच अलग। ऐसे में बच्चों को सही दिशा देने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों का आपसी संवाद बहुत जरूरी हो जाता है। समय-समय पर बच्चों की गतिविधियों, व्यवहार एवं अध्ययन के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए, जिससे बच्चों को बेहतर ढंग से समझा जा सके और उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग मिल सके। उन्होंने वर्तमान समय में मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बच्चे मोबाइल में अधिक व्यस्त रहते हैं, इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें तथा उन्हें सही और गलत का अंतर समय-समय पर समझाते रहें।

# ऑक्सफोर्ड में अलंकरण समारोह

### 10वीं व 12वीं के टॉपर्स सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा जौहरा अंसारी व कक्षा 12वीं मानविकी में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली स्कूल टॉपर विदिशा गेहरवार को उनके माता-पिता व अभिभावकों सहित मंच पर बुलाकर माला पहनाकर व बुके, प्रशस्ति पत्र आदि देकर धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन एवं विद्यालय की प्रबंध निदेशक लीना सिंघल, प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। साथ ही कक्षा 10वीं के वैभव कुमार 94.4 प्रतिशत व वंशिका चौधरी 94.2 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं से वंशिका पाल 91.8 प्रतिशत व इशिता सिंह 89.6 प्रतिशत तथा वंशिका राजपूत 89.2 प्रतिशत व अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर लीना सिंघल ने कहा कि विद्यालय में व्यतीत किया हुआ समय प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन की नींव की ईंट की तरह होता है। क्योंकि हम अपने अध्यापकों तथा साथियों से प्रतिदिन कुछ न कुछ नया अनुभव सिखते हैं तथा भविष्य का निर्माण भी विद्यालय की शिक्षा पर निर्भर होता है। प्रतिभा किसी जाति, धर्म अथवा क्षेत्र की मोहताज नही होती है आज गांव-गांव से बच्चे बिना किसी ट्यूशन आदि सहयोग के केवल विद्यालय में लगातार उपस्थित रहकर तथा ईमानदारी से कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त कर रहे हैं तथा नहटौर का ऑक्सफोर्ड स्कूल लगातार पिछले 22 वर्षो से क्षेत्र को टॉपर तथा शानदार परीक्षा परिणाम देकर अपना सर्वोच स्थान बनाए हुए है जिसके लिए विद्यार्थी, अभिभावक तथा शिक्षक बधाई के पात्र हैं। लीना सिंघल ने कहा यही बच्चे आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउटेंट, डॉक्टर आदि बनकर क्षेत्र और समाज की सेवा करेंगे इसी कामना और आर्शीवाद से उनके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करती हूं। इस मौके पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद एवं अध्यापक अमित कुमार, महबूब आलम, अनुज कुमार, त्रिमोहन गंगोत्री, सचिन कुमार, पवन सैनी, निशात मिर्जा, नेहा वर्मा, तब्बसुम जैदी, नाजिया सलमानी तथा अभिभावक एवं सीनियर विंग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापक ललित कुमार व बिंसी चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से विद्युतापूर्ति ठप

### ग्रामीणों की सतर्कता से हादसा होने से टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सैदपुरी में रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की सतर्कता से हादसा होने से टल गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सैदपुरी में राजपुर नवादा बिजली घर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। गांव में बिजली आपूर्ति के लिए 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे 100 से अधिक विद्युत कनेक्शन जुड़े हैं। बीती देर शाम बिजली आपूर्ति के दौरान ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिजली घर पर सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई।

थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। लेकिन मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। ट्रांसफार्मर में आग लगने से कई घंटे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

उधर बिजली घर के जेई अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे पड़े कूड़े के ढेर से चिंगारी निकलने के कारण ट्रांसफार्मर में आग लगी थी। ट्रांसफार्मर में कोई तकनीकी खराबी नहीं आई है। आग बुझाने के बाद गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

## आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित आम उत्पादकों को भारी नुकसान

### बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आज दोपहर बाद अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज आंधी और बारिश के चलते कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जबकि सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित रहा। दूसरी ओर आम के बागों में भारी नुकसान होने से बाग स्वामियों की चिंता बढ़ गई है।

दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ शुरू हुई आंधी ने कई स्थानों पर बिजली व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। हवा की तीव्रता के कारण बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए तथा कुछ स्थानों पर खंभों को भी नुकसान पहुंचा, जिससे कई क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

हालांकि बारिश के कारण भीषण गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को मौसम में आए बदलाव से काफी राहत महसूस हुई। जहां एक ओर बारिश गन्ना और अन्य फसलों के लिए लाभदायक मानी जा रही है, वहीं आम उत्पादकों के लिए यह मौसम भारी नुकसान लेकर आया। तेज हवाओं के कारण बड़ी संख्या में कच्चे और तैयार आम जमीन पर गिर गए, जिससे बाग स्वामियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। किसानों का कहना है कि इस समय आम की फसल तैयार होने की स्थिति में थी, लेकिन आंधी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ और टहनियां सड़कों पर गिर गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने स्वयं तथा प्रशासन की मदद से मार्गों को साफ कर आवागमन सुचारु कराया।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

# जबरन ट्रांसफार्मर का तार तोड़ा था, इसीलिए रमजानी ने दम तोड़ा था

## थाने पहुंचे सैंकड़ों लोगों ने भाई-बहनों पर मौहल्ले को परेशान करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम उमरी पीर के दो पक्षों में हुई कहासुनी गाली-गलौच और मारपीट में बदल गई। मारपीट में दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई है। जिन्हें पुलिस द्वारा मेडिकल के लिए भेज दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम उमरी पीर की सैंकड़ों महिलाएं व पुरुष थाने पहुंचे। उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसने अपनी बहनों के साथ मिलकर गांव का माहौल खराब किया हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ये भाई-बहन मिलकर आए दिन पूरे मौहल्ले को गाली देते हैं। समझाने पर भी वह नहीं मानते। बीते दिनों गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद नया ट्रांसफार्मर रखवाया गया था। जिसके एक फेस में लाइट न आने के चलते भाई-बहनों के घर में लाइट नहीं आ रही थी। जबकि मौहल्ले के सभी के घरों में लाइट थी। इसी बात से नाराज युवक और उसकी बहनों ने पूरे मौहल्ले को गाली देनी शुरू कर दी और बाद में ट्रांसफार्मर पर डंडा बजा दिया और 11 हजार विद्युत लाइन का तार तोड़कर पूरे गांव की बत्ती गुल कर दी। बताया जाता है कि इसी विद्युत तार से उलझकर 65 वर्षीय ग्रामीण रमजानी की भी मौत हो गई थी।

उधर ग्रामीणों ने इन साजिश कर्ता भाई-बहनों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई खासा कार्रवाई न करने के चलते डाक द्वारा एसपी को प्रार्थना भिजवाया था। जिसकी भनक लगते ही आज सुबह फिर इन भाई-बहनों ने मौहल्लेवासियों को गाली देनी शुरू कर दी। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। थाने पहुंचने पर जहां खुली चोट वाले पक्ष को मेडिकल के लिए भेज दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के करीब आधा दर्जन लोगों को थाने में बैठा लिया गया।

ग्रामीणों का यह आरोप कि इनके द्वारा गांव में गलत काम कराकर गांव में गंदगी फैलाई जा रही है। पुलिस को तहकीकात करते हुए आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि गांव के छोटे और मासूम बच्चे ऐसे माहौल की जद में आने से बच सके। जब इस पूरे मामले विद्युत विभाग के एसई से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला अभी बताने पर संज्ञान में आया है। इस मामले की अब जांच कराई जाएगी। यदि मामला सही पाया जाता है, तो किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

### क्या विद्युत विभाग दर्ज करायेगा रिपोर्ट ?

बीते दिनों हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से 65 वर्षीय ग्रामीण रमजानी की मौत हो गई थी। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी खूब खरी खोटी सुनने को मिली थी। हालांकि अब ग्रामीणों का यह आरोप कि हाईटेंशन लाइन का तार भाई-बहनों द्वारा तोड़ा गया था, जो सीधे सीधे सरकारी काम में बाधा, सरकारी सांपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित एक व्यक्ति की जान ले लेने की ओर इशारा करता है। जिसके बाद विद्युत विभाग अब क्या कार्रवाई करता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है।

### 11 लोगों पर पूर्व में भी लगा चुकी है रेप का केस?

सूत्र बताते है कि घायल युवक की एक बहन का निकाह ग्राम मसीत में हुआ था जहां से अपना घर छोड़कर वह अब अपने भाई के साथ ही रहा रही है। बताया जाता है कि उक्त महिला द्वारा पूर्व में भी 11 लोगों पर रेप का मुकदमा लिखाया जा चुका है।

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**नहटौर।** जामा मस्जिद के पास पचास रुपए को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय मौहल्ला ऊंचा निवासी शमशाद अहमद का कहना है कि उसके पुत्र रिहान ने मौहल्ला जिगर कॉलोनी निवासी आतिफ से 50 रुपए में मुर्गी के बच्चे लिए थे। उसका पुत्र जामा मस्जिद के निकट अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। कुछ युवक उसके पुत्र से पैसे लेने आए थे। इसी बीच कहासुनी हो गई और वह उसके पुत्र का मोबाइल लेकर चले गए। जब उसने मोबाइल मांगा, तो रास्ते में उसके पुत्र रिहान के साथ मारपीट की। कुछ लोगों ने समझौता कर दिया था। इसके बाद कुछ लोग उसकी दुकान पर दोबारा से आए और मारपीट शुरू कर दी। इसके अलावा शकील पक्ष का कहना है कि उसका पौत्र मौहल्ला मौलवियान से होकर जा रहा था। शमशाद पक्ष ने उसके पौत्र को रोक कर गाली देने लगे और बदतमीजी करने लगे। जब उसने जाकर इस बारे में जानकारी की, तो कई लोगों ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट की गई। मारपीट में कई लोग घायल होना बताए जा रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### भीषण गर्मी में शरबत पिलाया



**किरतपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अंसारी मेडिकल स्टोर की ओर से ठंडे शरबत का वितरण किया गया। शिविर में सैकड़ों राहगीरों, यात्रियों एवं स्थानीय लोगों ने शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों की सेवा करना एक नेक कार्य है। शिविर में लोगों को स्वच्छ एवं ठंडा शरबत वितरित किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में मुस्लिम फंड शाखा भोजपुर के मैनेजर शिहाब अतहर खान उर्फ कल्लू खान, मतीन अहमद, सुहैल अहमद, शाद अंसारी, लियाकत, सलीम मलिक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस जनसेवा कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### राहगीरों को शरबत का वितरण



**धामपुर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से धामपुर के जैतरा फाटक के पास शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों को शरबत पिलाना एक पुण्य कार्य है और इससे लोगों को राहत मिलती है। शरबत वितरण के दौरान लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर डा. दिनेश कुमार, अमित कुमार, डा. राहुल, लाजपत राय मुखिया, राजीव कुमार सहित अन्य लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। शरबत वितरण कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता और सेवा भाव का संदेश भी दिया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

### महिलाओं पर गुलदार का हमला



**नहटौर।** ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग निवासी नीता पत्नी टीकम व नाजमा पत्नी खुर्शीद आदि महिलाएं जंगल में चारा लेने के लिए गई थी। बताया जाता है कि नीता पर गुलदार ने हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर गुलदार भाग गया। उससे करीब 300 मीटर दूरी पर ही जंगल में चारा काट रही नाजमा पर भी गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। जंगल में दो महिलाओं पर गुलदार हमला करने से दहशत का माहौल पैदा हो गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नीता को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रैफर किया गया है। सूचना पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली। गुलदार को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगाया गया है। दूसरी ओर नहटौर शादीपुर मार्ग पर गन्ना क्रेशर के पीछे भी गुलदार ने दो गौवंशों को मार डाला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

### आंधी-बारिश से पेड़ गिरे



**चांदपुर।** पिछले कई दिनों तेज धूप और लू के थपेड़ों से आज हल्की बारिश के बाद आमजन को थोड़ी राहत मिली। इस दौरान तेज हवाओं और आंधी बारिश के कारण बास्टा मार्ग पर ग्राम अकोंधा के पास यूकेलिप्टिस का विशालकाय पेड़ गिरने से मार्ग काफी देर तक बाधित रहा, हालांकि किसी जनहानि की कोई सूचना नहीं है। आज आंधी के बाद हुई हल्की बारिश से भीषण गर्मी में हर आम जन को एक बड़ी राहत मिलने से सभी ने ऊपर वाले का धन्यवाद किया है। नगर में हल्दौर रोड, स्याऊ बिजनौर रोड, नूरपुर रोड, धनोरा रोड पर भी तेज आंधी की वजह से रहा आवागमन बाधित रहा।



# श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस

## कथित बॉयफ्रेंड को टैग कर लिखाः कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए

**दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है।**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक फनी डांस वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह पजामा पहनकर डांस करती नजर आईं। श्रद्धा ने माइकल जैक्सन के गाने बैड पर डांस किया।

जिसमें उनके मजेदार और एनर्जेटिक मूव्स दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो के साथ-साथ उनके कैप्शन ने लोगों का ध्यान खींचा। अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए।' जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह वीडियो राहुल मोदी ने रिकार्ड किया है। श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा पहली बार 2024 की शुरुआत में तब हुई, जब दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट के बाद साथ देखा गया था। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं किया है, लेकिन उन्हें अक्सर साथ स्पाट किया गया है। वहीं, इसी साल जनवरी के महीने में सोशल मीडिया पर श्रद्धा की शादी की चर्चाएं तेज हुई थीं। दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है। जिसके बाद इन दावों पर श्रद्धा के भाई और एक्टर सिद्धांत कपूर ने मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी थी। सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हैरानी और हंसी वाले इमा. `जी के साथ लिखा था, 'ये तो मेरे लिए भी न्यूज है।

# बंदर के किरदार से है बॉबी देओल का गहरा कनेक्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने अपनी आगामी फिल्म बंदर में निभाए जा रहे किरदार को लेकर अपने अनुभव साझा किए हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों में उत्साह बढ़ गया है।फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है और इसे निखिल द्विवेदी के सैफरन मैजिकवर्क्स तथा जी स्टूडियोस के सहयोग से बनाया गया है। बॉबी देओल ने कहा कि वह जिस माहौल में बड़े हुए हैं, वहां उन्होंने हमेशा अपने परिवार, विशेषकर बहनों की सुरक्षा और उनके भविष्य को लेकर चिंता महसूस की। उन्होंने बताया कि पुरुष-प्रधान समाज में पले-बढ़े होने के कारण उनके भीतर एक अलग तरह की संवेदनशीलता विकसित हुई है, जो उनके इस किरदार में भी दिखाई देती है। फिल्म में बॉबी देओल समीर मेहरा का किरदार निभा रहे हैं, जो एक ढलता हुआ पॉप स्टार है और यौन शोषण के आरोपों के बाद कोर्टरूम ड्रामा और मीडिया ट्रायल का सामना करता है। कहानी एक जटिल कानूनी और सामाजिक संघर्ष को दर्शाती है, जिसमें वह खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करता है। 'बंदर' को सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखा है, जो 'पाताल लोक', 'कोहरा' और 'उड़ता पंजाब' जैसी सराही गई कहानियों के पीछे की मशहूर जोड़ी हैं।

# पारुल गुलाटी ने सूफी बिस्मिल के साथ मनवा मेरा में एक नया म्यूजिक वीडियो जारी किया



**मुंबई।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने मशहूर भारतीय सूफी सिगर बिस्मिल के साथ रिलीज हुए नए म्यूजकि वीडियो 'मनवा मेरा' में अपनी दमदार मौजूदगी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। 29 मई को रिलीज हुए इस गाने ने सोशल मीडिया पर आते ही चर्चा बटोरनी शुरू कर दी है। फैंस इस भावनात्मक जुड़ाव और म्यूजकि वीडियो की शानदार विजुअल स्टोरीटेलिग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। मनवा मेरा एक रोमांटिक म्यूजकिल अनुभव है, जिसमें प्यार, जलन, तड़प और पजे. सिवनेस जैसी भावनाओं को खूबसूरती से दिखाया गया है। बिस्मिल की सूफियाना आवाज और शानदार विजुअल्स मिलकर इस गाने को बेहद इमोशनल और इंटेंस बनाते हैं। इस म्यूजकि वीडियो की सबसे बड़ी खासियत पारुल गुलाटी का अलग-अलग लुक्स और शेड्स में नजर आना है, जो उनके किरदार के कई पहलुओं को सामने लाता है। यह पारुल गुलाटी और बिस्मिल का पहला साथ काम करने वाला प्रोजेक्ट है, जिसमें दो अलग-अलग क्रिएटिव दुनिया के कलाकार एक साथ आए हैं। जहां बिस्मिल की सूफी गायकी गाने को गहराई देती है, वहीं पारुल की स्क्रीन प्रेजेंस और स्टाइलिग वीडियो को और भी खास बनाती है।

# होम्बले फिल्मस ने किया एलो का नाय पहला वार का ऐलान

**मुंबई।** मशहूर प्रोडक्शन हाउस 'होम्बले फिल्म्स' ने आधिकारिक तौर पर अपनी पहली हिप-हॉप म्यूजिकल स्टोरी 'एतो का नाय' का एलान कर दिया है।

अलग-अलग संस्कृतियों और भाषाओं में अपनी कहानियों का दायरा बढ़ाते हुए, प्रोडक्शन हाउस ने इस फिल्म के हिंदी वर्जन एतो का नाय-पहला वार की भी घोषणा की है। यह युवाओं के कल्चर, रिदम, इमोशन और असलियत से सजी एक बेहद फ्रेश और एनर्जेटिक म्यूजिकल जर्नी की शुरुआत है, जिसकी पूरी कहानी सपनों के शहर मुंबई के बैकड्रॉप पर आधारित है। अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज में लगातार सफलता का परचम लहराने वाले 'होम्बले फिल्म्स' ने भारत के अग्रणी कंटेंट-ड्रिवन प्रोडक्शन बैनर्स में अपनी एक मजबूत जगह बनाई है। यह बैनर क्षेत्रीय कहानियों को उनके इमोशनल और सांस्कृतिक वजूद को बरकरार रखते हुए एक बड़े सिनेमाई स्तर पर लाने के लिए जाना जाता है।

# शादी और उम्र पर ट्रोल करने पर भड़कीं शमिता

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी की बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी उम्र और शादी को लेकर कमेंट करने वाले ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक स्क्रीनशाट शेयर करते हुए शमिता ने उन लोगों पर निशाना साधा जो सिंगल महिलाओं को ऐज-शेम करते हैं। 47 वर्षीय शमिता ने कहा कि वे शादी करने की किसी जल्दबाजी में नहीं हैं और अपनी जिंदगी में बेहद फिट और खुश हैं। उन्होंने ट्रोलर्स की पुरुष-प्रधान और पिछड़ी सोच पर आपत्ति जताते हुए उन्हें तुरंत अनफालो करने की सलाह दी है। शमिता शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ट्रोलर की पोस्ट का स्क्रीनशाट शेयर किया। इसमें यूजर ने लिखा था कि आपकी उम्र हो गई है और अब पहले वाली बात नहीं रही। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शमिता ने लिखा, श्हां, मैं अब अलग दिखूंगी। समय के साथ चीजें बदलती हैं और यह जीवन का प्राकृतिक नियम है। शारीरिक बनावट सहित कुछ भी हमेशा के लिए एक जैसा नहीं रहता। लेकिन अपनी उम्र के हिसाब से मैं पूरी तरह स्वस्थ, फिट और खुश हूं। मेरे लिए सिर्फ यही मायने रखता है। यूजर ने शमिता की शादी को लेकर भी टिप्पणी की थी कि अगर समय पर शादी कर लेतीं तो आज बच्चे बड़े हो गए होते।

# मैं ओपन रिलेशनशिप में हूं: शहाना गोस्वामी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने हाल ही में बताया कि वह बिना किसी प्राइमरी पार्टनर के ओपन रिलेशनशिप में हैं। सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में शहाना ने कहा कि फिलहाल मेरी जिंदगी में ऐसा कोई एक खास पार्टनर नहीं है। मेरी जिंदगी में कई लोग हैं, जिनसे मेरा लंबे समय से जुड़ाव है, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं। मेरे लिए कोई भी रिश्ता हल्का या टाइमपास नहीं होता।'

उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए ओपननेस का मतलब यह है कि किसी एक इंसान के साथ तय रिश्ता जरूरी नहीं है, लेकिन लोगों के साथ जुड़ाव और अपना. पन बना रहता है। कभी वह सिर्फ दोस्ती होती है, कभी रिश्ता थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हर चीज को किसी एक नाम या दिशा में बांधना जरूरी नहीं है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# माधुरी दीक्षित का फेक वीडियो वायरल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस एक रिवीलिंग ब्लैक ड्रेस में दिख रही हैं, जिसे देखकर कई लोगों ने उनके पहनावे पर कमेंट करने शुरू कर दिए। हालांकि, वीडियो को लेकर पत्रकार जयदीप पांडेय ने दावा किया कि यह वीडियो फेक एआई वीडियो है। जयदीप ने एक यूजर को रिप्लाई करते हुए लिखा, श्यह माधुरी दीक्षित का एआई से बनाया गया फर्जी वीडियो है। कृपया ऐसी कोई भी चीज पोस्ट या शेयर करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर कर लें। वायरल वीडियो में माधुरी दीक्षित जिस तरह की ड्रेस में दिख रही हैं, वैसी ही ड्रेस उन्होंने 2026 में न्यूज 18 के अवार्ड शो में पहनी थी। कई यूजर्स ने इस वीडियो को शेयर किया। वहीं, एक यूजर की पोस्ट पर कम्यूनिटी नोट जारी कर एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने कहा कि वीडियो पूरी तरह से एआई की मदद से तैयार किया गया है।



# कंगना रनौत ने आम इंसान को बताया असली भारत भाग्य विधाता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने आम इंसान को असली 'भारत भाग्य विधाता' बताया है। कंगना रनौत इन दिनों अपनी नई फिल्म भारत भाग्य विधाता को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस बीच उन्होंने फिल्म के विषय और संदेश पर खुलकर बात की और कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि यदि एक दिन के लिए अस्पतालों में नर्सें काम पर न आएं, स्कूलों में स्टाफ न पहुंचे, रेलवे का संचालन ठप हो जाए, शहर की सफाई व्यवस्था बंद हो जाए और सिनेमाघरों का स्टाफ भी छुट्टी पर चला जाए, तो पूरा सिस्टम पूरी तरह रुक सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन लोगों पर पूरा सिस्टम चलता है, उन्हें हम 'आम आदमी' क्यों कहते हैं। कंगना के अनुसार, यही लोग प्रतिदिन अपने कार्यों से देश और समाज को चलाते हैं, और वास्तविकता में वही देश की असली ताकत हैं, जिन्हें 'भारत भाग्य विधाता' कहा जाना चाहिए। निर्माण पेन स्टूडियो, मणिकर्णिका फिल्म्स, परमहंस क्रिएशन्स, यूनोइया फिल्म्स एलएलपी और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है।

# 'रामायणम्' के सीन्स कोरियोग्राफ करेंगे हॉलीवुड के दिग्गज

**मुंबई।** फिल्म 'रामायणम्' के मेकर्स ने अपने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सिनेमाई अनुभव देने के लिए हॉलीवुड के प्रसिद्ध एक्शन कोरियोग्राफर्स को भी टीम से जोड़ लिया है। 'रामायणम्' भारतीय सिनेमा के अब तक के सबसे भव्य और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक के रूप में उभर रही है। दो भागों की इस महागाथा का उद्देश्य भारतीय महाकाव्य 'रामायण' को एक नए और वैश्विक सिनेमाई स्तर पर प्रस्तुत करना है, जिसमें दमदार कहानी और वर्ल्ड-क्लास विजुअल्स का शानदार संगम देखने को मिलेगा। रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी और सनी देओल जैसे बड़े सितारों से सजी फिल्म को लेकर दर्शकों में पहले ही जबरदस्त उत्सुकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टंट और एक्शन आर्टिस्ट्स में टेरी नोटरी और गाय नॉरिस जैसे नाम शामिल हैं। टेरी नोटरी ने 'प्लैनेट ऑफ द एप्स' और 'द एवेंजर्स' जैसी फिल्मों में काम किया है, जबकि गाय नॉरिस 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड', फ्युरिओसाः ए मैड मैक्स सागा और 'द सुसाइड स्क्वाड' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इनका जुड़ना फिल्म के भव्य विजन को और अधिक वैश्विक आयाम देता है।